केशरिया० गु० केशर से रंगा भया, पीला।

केहरि० } ना० पु० सिंह, केहरी० } शेर, व्याघ्र।

कै० सर्व्व० कितना, अनेक।

कैंचली० ना० स्त्री० सांप का खोल।

कैटभ० ना० पु० दैत्यविशेष।

कैत० ना० पु० कैथाका वृक्ष।

कैतव० ना० पु० चिरायता, छल।

कैथ० } ना० पु० वृक्षविशेष। कैथा० }

कैथी० ना० स्त्री० नागरी का एक प्रकार का लेख जो कायस्थों ने कल्पना किया है।

कैरव० ना० पु० फकूल, श्वेत-कमल।

कैल० ना० स्त्री० अङ्कुर, गाभा।

कैलाश० } ना० पु० पर्व्वत कैलास० } विशेष जहां शिव-जी और कुवेर आदि यक्षगण रहते हैं।

कैव० ना० पु० कदम वृक्ष।

कैवर्त्त० ना० पु० मल्लाह, कहार, धीमर, केवट।

कैवल्य० ना० पु० मोक्ष, मुक्ति।

कैशिक० ना० स्त्री० बालों की लट।

कैसा० सर्व्व० किस प्रकार।

कैहों० भ० व० क्रि० कहूंगा वा कहूंगा।

को० अव्य० कर्मणि सूचक द्विती-या वा, सर्व्व० कौन।

कोई॰ सर्व्व॰ अनिश्चय, एक, नाम॰ पु॰ कमल विशेष।

कोऊ॰ सर्व्व॰ कोई, कोहा।

कोचना॰ स॰ क्रि॰ छेदना, चुभाना।

कोपल॰ नाम॰ पु॰ नयेपत्ते, गुच्छा।

कोक॰ नाम॰ पु॰ ग्रन्थ विशेष, जिसमें स्त्री प्रसङ्ग की प्रति पादकता का वर्णन है, फफूल।

कोकनद॰ नाम॰ पु॰ लाल कमल।

कोकर्ण॰ नाम॰ पु॰ असगन्ध।

कोका॰ नाम॰ पु॰ चकई चकवा, दूधभाई, फफूल, पिंड खजूर।

कोकिल॰ } नाम॰ स्त्री॰ पक्षी
कोकिला॰ } विशेष, कोयल।

कोकी॰ नाम॰ स्त्री॰ चकई।

कोख॰ } नाम॰ स्त्री॰ कुक्षि।
कोखा॰ }

कोखजन्ध॰ गु॰ बांझ वन्ध्या।

कोखि॰ नाम॰ स्त्री॰ कोख, कुक्षि।

कोछा॰ } नाम॰ स्त्री॰ गोदी,
कोछी॰ } ओढ़नी की झोली।

कोट॰ नाम॰ पु॰ गढ़, क़िलअ, नगर।

कोटर॰ नाम॰ पु॰ वृक्ष को खोह।

कोटवी॰ गु॰ नङ्गी स्त्री, नाम॰ स्त्री॰ बाणासुर की महतारी।

कोटा॰ नाम॰ पु॰ राज पूताने का नगर विशेष।

कोटि॰ नाम॰ स्त्री॰ एक ओर की भुज, पहिला पक्ष, क्रिरोड़, सौ लाख।

कोठरी॰ नाम॰ स्त्री॰ छोटा कोठा।

कोठा॰ ना॰ पु॰ पटा हुआ एक बड़ा घर।

कोठि॰ ना॰ स्त्री॰ कोख।

कोठी॰ ना॰ स्त्री॰ महाजनों वा राजाओं वा ठाकुरों की बैठक का स्थान।

कोड़ना॰ स॰ क्रि॰ खोदना।

कोड़ा॰ ना॰ पु॰ चाबुक।

कोढ़॰ ना॰ पु॰ कुष्ट रोग विशेष।

कोढ़ना॰ अ॰ क्रि॰ दुखी होना।

कोढ़ी॰ ना॰ पु॰ कुष्टी।

कोण॰ ना॰ पु॰ कोना, दिन, पृथ्वी।

कोद॰ ना॰ स्त्री॰ ओर, पक्ष, तरफ़।

कोदण्ड॰ ना॰ पु॰ शिवजी का धनुष, धनुष।

कोद्रव॰ ना॰ पु॰ कोदो अन्न विशेष।

कोना॰ ना॰ पु॰ जो दो सूधी रेखाओं के मिलान से बनता है परन्तु वे रेखा एक सूध में न हों।

कोप॰ ना॰ पु॰ क्रोध गुस्सह।

कोपना॰ अ॰ क्रि॰ क्रोधित होना, गुस्सा करना, ना॰ स्त्री॰ स्त्री॰।

कोपर॰ } ना॰ पु॰ पत्रविशेष।
कोपल॰ }

कोपान्वित॰ गु॰ क्रोध युत, गुस्से से भरा।

कोपी॰ गु॰ कोपान्वित, कोई।

कोपीन॰ ना॰ स्त्री॰ लंगोट, लंगोटी।

कोमल॰ गु॰ नम्र, नया, भोला, नरम।

कोमलता॰ ना॰ स्त्री॰ नरमी भोलापन।

कोयल॰ ना॰ स्त्री॰ पक्षी विशेष, पुष्प विशेष।

कोयला॰ ना॰ पु॰ अङ्गार, बुझा भया।
कोर॰ ना॰ स्त्री॰ कगर, छोर धार।
कोरक॰ ना॰ पु॰ कली।
कोरयाडी॰ ना॰ स्त्री॰ छोटी इलायची।
कोरा॰ गु॰ बिना धोयाकपड़ा, बिना लिखा काग़ज़, मिट्टी का नया पात्र जो काममें न आया हो।
कोरि॰ ना॰ स्त्री॰ कोटि, किरोड़।
कोरी॰ ना॰ स्त्री॰ नई, ना॰ पु॰ जाति विशेष।
कोर्थ॰ सर्व्व॰ किस हेत, किस लिये।
कोल॰ ना॰ पु॰ शूकर, नीच जाति विशेष, खाल, गली जो लम्बी सङ्केत हो।
कोलवल्लिका॰ ना॰ स्त्री॰ कैया का वृक्ष।
कोला॰ ना॰ स्त्री॰ पीपरि।
कोलाफल॰ ना॰ पु॰ मऊआ वृक्ष।
कोलाहल॰ ना॰ पु॰ कलकल, रौला, शोर।
कोलिका॰ ना॰ स्त्री॰ काली-मिरच।
कोलियाना॰ स॰ क्रि॰ गोदी में लेना।
कोल्हू॰ ना॰ पु॰ जिससे तेल निकालते हैं व, ऊख पेरते हैं।
कोविद॰ गु॰ पण्डित, गुणी।
कोश॰ ना॰ पु॰ कमल, मध्य भाग।
कोशल॰ ना॰ पु॰ कुशल, देश विशेष।
कोशलपति॰ ना॰ पु॰ दशरथ, श्री रामचन्द्र, अवध भूप।
कोशलपुर॰ ना॰ पु॰, कोशलपुरी॰ ना॰ स्त्री॰ — श्रीअयोध्या जी।

कोशलाधीश० } नाo पुo
कोशलेश० } कोशलपति, श्रीरामचन्द्रजी।

कोष० नाo पुo अभिधान, भण्डार, अण्ड, खड्गादि की गांठी लुगत का खज़ाना, ख़ज़ाना।

कोष्ठ० नाo पुo खात, कोटा, ओझ।

कोष्ठक० नाo पुo तख़ता।

कोस० नाo पुo २ मील का वा २००० दण्ड का।

कोसना० स० क्रि०शापदेना, बुरामानना।

कोह० नाo पुo क्रोध, दुख, डाह, पेट में आग लगना, दिलजलना।

कोहनी० ना० स्त्री० बाहु के बीच की गांठि।

कोहाव० ना०पु० डाहखाना।

कोही० गु० क्रोधी, रामायणे यथा, कर कुठार मैं अकरण कोही। आगे अपराधी गुरु द्रोही।

कौ० अव्य० का।

कौं० अव्य० के।

कौआ० ना० पु० काग।

कौंध० ना० पु०प्रकाश, प्रताप।

कौंधना० अ० क्रि० प्रकाश होना, चमकना।

कौंधा० ना० पु० बिजली।

कौंडियाला० ना० पु० सर्प्प, विशेष धनी, नदी विशेष जिसको सरयू कहते हैं।

कौडी ना० स्त्री० छोटा शङ्ख धन, कमाई।

कौणप० ना० पु० दैत्यराक्षस

कौतुक० ना० पु० कौतूहल, परिहास, तमाशा।

कौतुकिया० } गु०परिहासी
कौतुकी० } तमाश बीन।

कौतूहल० ना० पु० कुतूहल।

कौन० सर्व० प्रश्न बोधक।

कौन्ता० ना० स्त्री० कुन्ती।

कौन्ती० ना० स्त्री० रेणुका औषधि।

कौन्तेय० ना० स्त्री० पाण्डव विशेष।

कौपीन० ना० पु० कौपीन लंगोटी

कौमारी० ना० स्त्री० देवी विशेष।

कौमुदी० ना० स्त्री० चन्द्रिका ज्योति, पुस्तक विशेष।

कौर० ना० पु० कवल, लुक़मा,

कौरवपाण्डु० ना० पु० कौरव और पाण्डव।

कौरव० ना० पु० कुरु राजा की सन्तान।

कौरव्य० ना० पु० मुनिविशेष।

कौल० ना० पु० लुक़मा, ग्रास, नवाला, धर्म विशेष, गु० कुलीन।

कौला० ना० पु० कोठरी आदि के पांजर का कोना, अंकवारा।

कौली० ना० स्त्री० गोदी।

कौलेय० ना० पु० कुत्ता, यथा कौलेय स्सार मेयश्च कुक्कुरो मगदंशकः इत्य-मरः।

कौलेली० ना० पु० गन्धक।

कौवर० ना० पु० कूटरवा।

कौवेर्य० गु० जो कुवेर सम्ब-न्धी हो।

कौशल्या० ना० स्त्री० क्षेम कुशल, श्री रामचन्द्रजी की माता।

कौशिक० ना० पु० विश्वामित्र मुनि, इन्द्रगुग्गुल, उलूक पक्षी, दण्ड।

कौशिकी० ना० स्त्री० नदी विशेष।

कौषेय० गु० पाटी वस्त्र।

कौसीस० ना० पु० कमल।

कौस्तुभमणि० ना० स्त्री० मणि विशेष जिसको विष्णुजी ने उरपरधारण किया है।

क्या० सर्व० प्रश्न बोधक।

क्यारी० ना० स्त्री० बागों वा खेतों में बनती है।

क्यों०
क्योंकर०
क्योंकि०
} अव्य० किसलिये, किस प्रकार।

क्रकच० ना० पु० करील वृक्ष।

क्रतुध्वंसी० ना० पु० महादेवजी।

क्रतुभुग०
क्रतुभुज०
} ना० पु० देवता जो यज्ञमेंखाते हैं।

क्रतिमालक० ना० पु० कि दवाली।

क्रम० ना० पु० परिपाटी, रीति, सिलसिला, मिलान, धीरे।

क्रमक्रम० ना० पु० धीरे धीरे, दर्जे दर्जे।

क्रमुक० ना० स्त्री० सुपारी।

क्रमिकुम्भ० ना० स्त्री० इन्द्रवारुणी।

क्रमेलक० ना० पु० ऊंट यथा उष्ट्रे क्रमेल कमय महाङ्गाः करभः शिशुः इत्यमरः।

क्रव्याद०
क्रव्यात्०
} ना० पु० राक्षस, कच्चामांसभक्षी।

क्रान्ति० ना० स्त्री० चमक, शोभा, दीप्ति, प्रकाश।

क्रिया० ना० स्त्री० व्यवहार, काम, धातु, नित्यकर्म्म, यत्न, उपाय, मरने के पीछे शास्त्रोक्त कर्म्म।

क्रियाद्योत० गु० कर्त्ताकीदशा की सूचक।

क्रियान्वयित्व० ना० पु० क्रिया पदकी ओर सम्बन्ध रखना।

क्रीड़ा॰ना॰ स्त्री॰ खेल, केलि, लीला।

क्रीत॰ गु॰ मोललिया।

क्रीयमाण॰ गु॰ कियेहुये वा अबकेक्रिये।

क्रुद्ध॰ गु॰ रिसवश, क्रोधित, खफा।

क्रूर॰गु॰ कठोर, निठुर, कपटी टेढ़ा।

क्रूरकर्मा॰ ना॰ स्त्री॰ ऊंधा होली।

क्रूरवार॰ ना॰ पु॰ शनिश्चर, मङ्गल, आदित्यवार।

क्रोध॰ना॰ पु॰ कोप, गुस्सह, भैरव विशेष।

क्रोधातुर॰ } गु॰ कोपी, क्रोध
क्रोधान्ध॰ } में अन्ध, क्रोधमें मस्त।

क्रोधी॰गु॰ कोपी, गुस्सा भरा भया।

क्रोश॰ना॰ पु॰ कोस, दोमील, दो हजारदण्ड कीमाप।

क्रोष्टा॰ना॰पु॰गीदड़,शृगाल।

क्लिशित॰ } गु॰ दुःखित, पीडित, रञ्जीदः।
क्लिष्ट॰ }

क्लीव॰ना॰पु॰नपुंसक,हींजड़ा।

क्लेद॰ना॰ पु॰ गीलापन।

क्लेदित॰गु॰ भीगाभया,तर।

क्लेश॰ना॰पु॰दुःख,पीड़ा,रञ्ज।

क्लेशित॰गु॰दुखित, पीड़ित।

क्वचित्॰ अव्य॰ कहीं।

क्वटि॰ना॰ स्त्री॰ पिण्डखजूर।

क्वाण॰ना॰ पु॰ कौआ।

क्वाथ॰ना॰ पु॰ काढ़ाजोरोगीको पिलाया जाता है।

[ख]

खं॰ } ना॰ पु॰ आकाश, स्वर्ग,
ख॰ } घर, शून्य, रन्ध्र, इन्द्रिय।

खंखारना॰ अ॰क्रि॰ खांसना।

खंगना॰ अ॰ क्रि॰ कमहोना, घटना ।

खंगालना॰ } स॰ क्रि॰ धोना,
खंघारना॰ } अनवासना ।

खग॰ना॰ पु॰ पक्षी, गरुड़, सूर्य्यादि, मेघ, पवन, देवता और तारागण ।

खगकेतु॰ }
खगनाथ॰ }
खगनायक॰ } ना॰ पु॰ सूर्य, चन्द्रमा, गरुड़ ।
खगनाह॰ }
खगपति॰ }

खगमाला॰ ना॰ पु॰ पक्षियों का समूह, तारागण ।

खगहा॰ ना॰ पु॰ गैंड़ा, बाज़ जुर्रा ।

खगेन्द्र॰ } ना॰ पु॰ गरुड़,
खगेश॰ } चन्द्रमा ।

खगोल॰ ना॰ पु॰ आकाश मण्डल ।

खग्ग॰ ना॰ पु॰ वीर, बहादुर ।

खचना॰ स॰ क्रि॰ रेखा, करना जड़ना ।

खचर॰ ना॰ पु॰ खच्चरपशु, विशेष, मेघ, ग्रहादि ।

खचा॰ } गु॰ जड़ाऊ, खिचा
खचित॰ } हुआ ।

खजुरिया॰ }
खजूर॰ } ना॰ स्त्री॰ वृक्ष, विशेष ।
खजूरि॰ }

खञ्ज॰ गु॰ लंगड़ा, ना॰ पु॰ खञ्जन ।

खञ्जन॰ ना॰ पु॰ पक्षी विशेष जिसे खड़ैचा वा खिरिन्दा भी कहतेहैं ।

खञ्जनक॰ ना॰ पु॰ ममोला खञ्जन ।

खञ्जरिट॰ } ना॰ पु॰ खञ्जन ।
खञ्जरीट॰ }

खट॰ ना॰ स्त्री॰ खाट ।

खटक॰ ना॰ पु॰ खटका ।

खटकना० अ० क्रि० शब्द होना, झगड़ना, लगना, शङ्का करना।

खटका० ना० पु० सन्देह, शङ्का, पांवकी आहट।

खटकाना० स० क्रि० आहट देना, शब्दकरना।

खटखटाना० अ० क्रि० ठकठकाना।

खटछप्पर० ना० पु० छप्पर खट।

खटपट० ना० पु० झगड़ा, लड़ाई।

खटमल० ना० पु० खाटमें का कीड़ा।

खटाई० ना० स्त्री० अम्ल, खट्टापन, अचार।

खटाका० ना० पु० शब्द, चटाका

खटास० ना० पु० खट्टापन, जन्तु विशेष।

खटिका० ना० स्त्री० सेलखड़ी।

खटिया० ना० स्त्री० छोटीखाट।

खटीक० ना० पु० जाति विशेष।

खट्टा० गु० अम्ल, अम्बत्।

खट्टिक० ना० पु० खटीक, आखेटकी।

खट्टु० ना० पु० बनिहार।

खट्वा० ना० स्त्री० खाट।

खड़क० ना० स्त्री० गोशाला।

खड़कना० अ० क्रि० झन झनाना।

खड़खड़ाना० स० क्रि० ठक, ठकाना, खर्राटामारना झनझनाना।

खड़खराहट० ना० पु० शब्द होना, आहट।

खड़सान० ना० स्त्री० फ़िसान जिसपर बाढ़बनातेहैं।

खड़ा० गु० उठा, सीधा, अड़ा, ऊंचा, ठाढ़ा।

खड़ाऊं० ना० पु० पादुका, काठनई।

खड़िया० ना० स्त्री० छूही मट्टी, दूधिया मट्टी।

खड्ग० ना० पु० तलवार, गैंडा, अमरे यथा गण्डकेखड्ग खड्गिनौ।

खण्ड० ना० पु० टुकड़ा, खांड़, अध्याय, दिशा।

खण्डन० ना० पु० दूषण, मिटाना, काटना।

खण्डना० स० क्रि० दूषणदेना, तोड़ना, काटना।

खण्डनार्थ० गु० काटनेकेलिये।

खण्डिनी० ना० स्त्री० काटने वाली।

खण्डपरसु० ना० पु० श्रीमहादेव।

खण्डर० ना० पु० ऊजड़, वैराना।

खण्डरना० स० क्रि० काटना, टुकड़ेकरना।

खण्डहल० ना० पु० ऊजड़ मकान, वैरानह।

खण्डित० गु० काटागया, कमी, अपूर्ण।

खण्डितकरना० स० क्रि० बात काटना, खण्डना।

खतिल० ना० पु० पोस्त वा उस का बिरवा।

खत्ता० ना० पु०
खत्ती० स्त्री० } गड़हा, जि समें अन भरते हैं।

खदिर० ना० पु० खैर, कत्था

खदेड़० ना० स्त्री० रगेद, अहेर

खदेड़ना० स० क्रि० रगेदना भगाना।

खद्योत० ना० पु० सूर्य, ता गण और जुगनू, की विशेष।

खन० ना० पु० खण्ड।

खनक० ना० पु० मूश, चूहा

खनकना० अ० क्रि० बजन शब्द होना।

खनन० ना० पु० खोदना।

खनना० स० क्रि० खोदना।

खपत० गु० जो बिक गया, स्त बिकाव।

खपना॰ अ॰ क्रि॰ बिकना, सूखना, ठहरना, पैठना, समाना।
खपरा॰ ना॰ पु॰ घर छावने के लिये जो मिट्टी के बनते हैं।
खपरी॰ ना॰ स्त्री॰ शिर का ऊपरी भाग।
खपरैल॰ ना॰ स्त्री॰ घर जो खपरों से छाया हो।
खपाच॰ ना॰ स्त्री॰ काठ का टुकड़ा।
खपाना॰ स॰ क्रि॰ बिकवाना, पैठाना, भराना।
खपित॰ गु॰ जो बिक गया, स्त्री॰ बिकाव।
खपुर॰ ना॰ पुं॰ स्वर्ग, आकाश।
खप्पर॰ ना॰ पु॰ खोपड़ी, माटी का पात्र जिसमें जोगी जलादि पीते हैं, अंगेठी।
खब्बा॰ ना॰ पु॰ बायां हाथ।
खभारू॰ ना॰ पु॰ पेट में आगि पड़ना, घबराहट।
खम्बा॰ }
खम्भ॰ } ना॰ पु॰ स्तम्भ, थूनी।
खम्भा॰ ना॰ पु॰ स्तम्भ, थूनी।
खर॰ ना॰ पु॰ खरासुर, गदहा, घास, कुत्ता, अच्छा, तीक्ष्ण।
खरक॰ ना॰ पु॰ खड़क, गौशाला।
खरखरा॰ ना॰ पु॰ खरहरा।
खरपच॰ ना॰ पु॰ मरुवा, सुगन्धित, पौधा।
खरबर॰ }
खरभर॰ } ना॰ स्त्री॰ घोड़े के दौड़ने का शब्द, खलबली, शोरगुल, ऊल्लड, क्षोभ।
खरमञ्जरी॰ ना॰ स्त्री॰ ऊंग।
खरयष्टिका॰ ना॰ स्त्री॰ खिरहटी।
खरल॰ ना॰ पु॰ औषधि घिसने का पात्र।

खरहरा० नाo पुo घोड़ाआदि मलने की वस्तु विशेष।

खरहारना० सoक्रिoझारना, बुहारना।

खरा० गुo चोखा, श्रेष्ठ, अच्छा।

खराई० नाo स्त्रीo सचाई, उत्तमता, सूख।

खरारि० नाo पुo श्रीरामचन्द्रजी।

खरिक० नाo स्त्रीo खड़क, गोशाला।

खरी० नाo स्त्रीo सरसों का पीना, गदही, अच्छी खड़ी।

खरे० गुo खड़े, ठाढे, अच्छे।

खरोंट० नाo स्त्रीo बकोट, खसोट।

खरोचना० } सoक्रिoनोचना
खरोटना० } खसोटना।

खर्ज० नाo पुo रागोच्चारण, का विशेष स्थान।

खर्जूर० नाo स्त्रीo चांदी, खजूर वृक्ष।

खर्जूरिका० नाoस्त्रीo पिण्ड, खजूर।

खर्जूरी० नाo स्त्री मूसली।

खर्पर० नाo पुo पीठ, शिर।

खर्व० नाo पुo तुच्छ, छोटा, वामन, भाषामें सौ अर्ब को कहतेहैं१०००००००००००

खर्रा० नाo पुo मसौदः, टट्टर, खरखरा, चिट्ठा, खसरा।

खर्राटा० नाo पुo सोते में घुर्राना।

खल० गुo दुष्ट नीच, तुच्छ।

खलता० नाo स्त्रीo दुष्टता।

खलचल० नाo स्त्री हलबल।

खलबलाना० अoक्रिo उबलना।

खलबली० नाo स्त्रीo खरभर, झल्लड़।

खला० ना० स्त्री० पतुरिया, दुष्टिनि।
खलान् गु० खलका बहु-वचन।
खलारि० ना० पु० श्री नारा-यण।
खलारू० ना० पु० निचान, पस्ती।
खलियान० ना० पु० खलिहान, खत्ता।
खलियाना० स० क्रि० छीलना, उधेड़ना।
खलिहान० ना० पु० अनाज माड़ने वा खूंदने का स्थान विशेष, पैरू।
खली० ना० स्त्री० तिलादि की खूंद।
ख़लीता० ना० पु० जेब, फ़ार-सी शब्द है।
खवा० ना० पु० कन्धा।
खस० ना० पु० जाति विशेष।
खसकना० अ० क्रि० गिर-पड़ना, सरकना, हटना।
खसकाना० स० क्रि० सरकाना, हटाना।
खसखस० ना० स्त्री० सुगन्धित तृण विशेष।
खसना० अ० क्रि० धसना, गिरपड़ना, निकलपड़ना।
खसरा० ना० पु० बही, खर्रा, खुजली।
खसाना० स० क्रि० गिराना, बिगाड़ना।
खसीमाल० ना० पु० पत्थर विशेष, गिरीमाला।
खांचा० ना० पु० टोकड़ा, पिंजरा, विशेष।
खांड़० ना० स्त्री० शर्करा, शक्कर।
खाड़ना० स० क्रि० छांटना, कूटना।

खांडा० ना० पु० खड्ग विशेष।

खांसना० अ० क्रि० खोंखना, ठोंठों करना।

खांसी० ना० स्त्री० खोंखी।

खाग० ना० पु० गैंडे का सींग।

खाज० ना० स्त्री० खुजली।

खाजा० ना० पु० मिठाई विशेष।

खाट० ना० स्त्री० चारपाई।

खात० ना० पु० गर्त्त, गड़हा, घूरा, गोबर।

खाता० ना० पु० रोज़ नामा, लेखे बही, ग़ल्ला रखने का खत्ता।

खाती० ना० पु० बढ़ई, खरादी।

खाद० ना० पु० गोबरादि, घूरा।

खाद्य० गु० खाने के योग्य जो वस्तु।

खाना० स० क्रि० भोजन करना, अ० क्रि० समाना, उपार्जन वा भोग करना, ना० पु० भोजन।

खानि० ना० स्त्री० आकर अधीश, उत्पत्तिस्थान।

खानिक० गु० खाने को जो वस्तु।

खारका० ना० पु० छुहारा।

खारा० गु० लोना।

खारी० गु० कडुआ नमक, लोनीला।

खाल० ना० स्त्री० चमड़ा, धौंकनी।

खिचड़ी० ना० स्त्री० दाल-चावल मिलित।

खिचना० अ० क्रि० तनना, खिंचा रहना।

खिचाव० ना० पु० तनाव, बिगाड़।

खिजलाना० स० क्रि०
खिजाना० अ० क्रि० } सता-
ना, चिड़ाना, क्रोधित-
होना।

खिझ० ना० स्त्री० खिसियाहट।

खिझना०
खिझलाना० } अ० क्रि० खि-
जलाना।

खिड़की० ना० स्त्री० झरोखा।

खिलखिलाना० अ० क्रि०
हसना।

खिलजाना०
खिलना० } अ० क्रि० फूल-
ना, हर्षित,
होना।

खिलाड़० गु० चञ्चल, खेलने-
वाला चालाक।

खिलाना० स० क्रि० भोजन
कराना, भोगकरवाना,
खेलकराना।

खिलौना० ना० पु० खेलने
वस्तु।

खिल्ली० ना० स्त्री० हस
मज़ाक़।

खिसलना० अ० क्रि० फिसलन
हटना।

खिसलाहट० ना० स्त्री० फि
सलाहट।

खिसियाना० अ० क्रि० खीस
निकालना, शरमान
लजाना, गु० चिड़
चिड़ा।

खिसियाहट० ना० स्त्री
खिसियानपन।

खीच० ना० पु० अप्रसन्नत
चितहट।

खीज० ना० स्त्री० क्रोध, खिसि-
याहट।

खीजना० अ० क्रि० क्रोधित
होना, दुखपाना।

खीरा० ना० पु० फलविशेष।

खीरि० ना० स्त्री० चावल जो दूध और खांड में पकाये जाते हैं ।

खीरी० ना० पु० पिस्ता मेवा, नगर विशेष ।

खील० } ना० पु० धानों
खीला० } के लावा ।

खीस० ना० पु० टोटा, खराब, दांतका दिखलाहट, पीयूष ।

खीसना० अ० क्रि० दांतकाढ़ना ।

खीसा० ना० पु० ख़लीता, जेब, थैली ।

खुजलना० } अ० क्रि० खुज-
खुजलाना० } ली करना ।

खुजलाहट० ना० स्त्री० खुजलापन, चुल ।

खुजली० ना० स्त्री० खाज ।

खुजाना० स० क्रि० खुजलाना ।

खुटकना० स० क्रि० चबना, कुतरना, सन्देह करना ।

खुटका० ना० पु० सन्देह, शङ्का, खटका ।

खुगड्ला० ना० पु० दन्तकाछिद्र, खोखि ।

खुदवाना० स० क्रि० गड़हाना, माटी निकलाना, चिन्हित कराना, अङ्कित कराना ।

खुनस० ना० स्त्री० रिस, डाह ।

खुनसाना० अ० क्रि० रिसाना, डाहखाना ।

खुनसी० गु० क्रोधी ।

खुन्दलना० स० क्रि० पांवसे दवाना ।

खुभी० ना० स्त्री० कान का भूषण, बीरैं ।

खुर० ना० पु० पशुओं के पद का नख ।

खुरचन० ना० स्त्री० छीलन

खुरचना० स० क्रि० छीलना

खुरखुड० ना० पु० खूटीदेवली

खुर्पी० ना० पु०⎫ घास छीलने
खुर्पी० ना. स्त्री.⎭ का अस्त्र।

खुलना० अ० क्रि० प्रकट होना, बिथरना।

खूंच० ना० पु० नाड़ीविशेष।

खूट० ना० पु० कोना, कानका मैल।

खूंटला० ना० स्त्री० औषधि विशेष।

खूंटा० ना० पु० काठका ठेकना, मेख।

खूंटी० ना० स्त्री० छोटाखूंटा।

खूंदना० स० क्रि० पांवसेखोदना, टाप मारना।

खूटी० ना० स्त्री० देवली, खुराड।

खूद० ना० पु० खली, तरछुट, गु० घोड़ेकानाचना।

खेकसा० ना० पु० चिन्हविशेष।

खेचर०⎫ ना० पु० पक्षी, ग्रह,
खेचारी०⎭ तारागण देवता, विद्याधरादि।

खेटक० ना० पु० अहेर, शिक
और अस्त्र विशेष।

खेटकी० ना० पु० वधि
शिकारी।

खेत० ना० पु० क्षेत्र समरभू
पुण्यक्षेत्र, वह भूमिज
अन्नादि उपजता है।

खेतल० ना० पु० आक
मण्डल।

खेती० ना० स्त्री० किसनई,
जोताउ।

खेद० ना० पु० शोक, दु
पश्चात्ताप

खेदना० स० क्रि० खदेड़
सताना, और पी
करना

खेदित० गु० दुखित, पीडि
सतायागया

खेरा० ना० पु० उजड़पुर, उ

खेरी० ना० स्त्री० लोहावि
हल

खेल० ना० पु० क्रीडा,
हलाव

खेलना० स० क्रि० क्रीडाकरना, जीबहलाना ।

खेवक०, खेयट० } ना० पु० नाविक, डांडी औरमल्लाह ।

खेवना० स० क्रि० डांडमारना, नावचलाना ।

खेवा० ना० पु० उतराई, भाड़ा, पारदेना, उतारा ।

खेह० ना० स्त्री० राख, धूलि, खाक ।

खैंच० ना० स्त्री० उखाड़, ऐंच ।

खैंचना० स० क्रि० ऐंचना, कसना, तानना ।

खैंचाखैंच०, खैंचाखैंची० } ना० स्त्री० ऐंचा ऐंची, ऐंचाखैंची

खैर० ना० पु० कत्था ।

खैला० ना० पु० दोहान, नया बैल वा बछड़ा ।

खोआ० ना० पु० लेट, सुरखी, दूध जो उबालके गाढ़ा कियाजाता है ।

खोंखना० अ० क्रि० खांसना ।

खोंखी० ना० स्त्री० खांसी ।

खोंच० ना० स्त्री० चीर ।

खोंचना० स० क्रि० घुसेड़ना ।

खोंचा० ना० पु० भराव, भोंक ।

खोंड़कल० ना० पु० गड़हा ।

खोंता० ना० पु० घोसला ।

खोंसना० स० क्रि० ठांसना, घुसेड़ना ।

खोखला० गु० चोंगला, खाली ।

खोखली० ना० स्त्री० ऊपरका मढ़ाव, जोठोसनहीं है ।

खोज० ना० पु० ढूंढ़, यत्न, चिन्ह, पहिचान ।

खोजना० स० क्रि० ढूंढना ।

खोट० ना० स्त्री० दोष, अवगुन ।

खोटा० गु० भगली, दोषी, झूठा, अधर्मी ।

खोटाई० ना० स्त्री० भगलपन, दोष ।

खोदना०स० क्रि० गोड़ना, करकोलना।

खोना०स० क्रि० गवांना, उड़ना।

खोपड़ा०ना० पु० ललाट के ऊपर का अङ्ग, नारियल की गूदी।

खोपड़ी०ना० स्त्री० मस्तक के ऊपरका भाग, छिलका।

खोपर०ना० पु० सिर।

खोपरा०ना० पु० खोपड़ा।

खोपरी०ना० स्त्री० खोपड़ी।

खोपा०ना० पु० नारियलका गोला, जुड़ा।

खोरि०ना०स्त्री० दोष, ग्लानि।

खोरी०ना०स्त्री० गली, मार्ग, दोष, ग्लानि।

खोल०ना० स्त्री० कांठी, ढकना, दोहर, गढ़ा।

खोलना०स० क्रि० प्रकटकरना, बिछाना, उधेड़ना, लङ्गर उठाना।

खोह०ना० पु० गुफा, गड्ह[a] कान्दरा।

खौड़०
खौरि० } ना० स्त्री० तिल[a]

खौलना०अ० क्रि० उबलना[a]

ख्यात०गु० प्रसिद्ध, प्रतिष्ठि[a] मशहूर।

ख्याति०ना० स्त्री० यश, धा[a] शुहरत।

ख्यात्यापन्न०गु० कीर्त्तिमान[a] नामी।

ख्याल०ना० पु० क्रीडा, खेल[a]

[ग]

गंवाना० स० क्रि० खोन[a] उड़ाना, बहाना।

गंवार०ना० पु० गांवकाबासी[a] कुपढ़ा।

गगन०ना० पु० आकाश, आस[a] मान।

गगनचर० ना० पु० पक्षी[a] देवता, ग्रहादि।

गगरी॰ ना०स्त्री० कलसी,घड़ा।

गङ्गा॰ ना॰ स्त्री॰ भागीरथी, नदी प्रसिद्ध।

गङ्गायमुनी॰ ना० स्त्री० कर्ण भूषण विशेष।

गङ्गाद्वार॰ना० पु० गङ्गोत्तरी, हरद्वार।

गङ्गाधर॰ ना॰ पु० श्रीमहादेव जी।

गङ्गासागर॰ ना० पु० गङ्गा और समुद्र का सङ्गम जहां कपिलदेव का स्थान है।

गङ्गेरुकी॰ना०स्त्री०गंगेरुआ।

गङ्गोत्तरी॰ ना० स्त्री० गङ्गाजी के प्रकाश का स्थान जो बद्री नाथ के आसन्न है।

गङ्गोदक॰ ना० पु० गङ्गाजल।

गच॰ ना० स्त्री० चूना, लेट।

गचपच॰ ना० स्त्री० उलट पलट।

गच्छ॰ ना० पु० मुकाम, चाल।

गज॰ ना० पु० हाथी, दोहाथ-की माप।

गजकेसर॰ ना॰ स्त्री० नाग केसर।

गजकृष्णा॰ ना० स्त्री० गज-पीपरि।

गजगामिनी॰ गु० स्त्री० जिस-की हाथी कीसी चालहो।

गजगाह॰ ना० पु० झब्बेसहित हाथी का भूषण।

गजगौनी॰ गु० गजगमनी।

गजचिर्भटी॰ ना०स्त्री० इन्द्र-बारुणी।

गज्जही॰ अ० क्रि० गरजता है।

गजदन्त॰ ना० पु॰ हाथी का दांत।

गजपति॰ ना० पु० हाथियों का स्वामी अर्थात् राजा वा जिसके हाथी हों।

गजपाटल॰ ना० पु० कज्जल।

गजपाल॰ ना० पु० महावत, फ़ीलवान।

गजपिप्पली॰ ना० स्त्री० गज-पीपरि।

गजभिषक्॰ ना० पु० सोंठि।

गजमुख॰ ना० पु० गणेशजी, हाथी का मुंह।

गजमोती॰ ना० पु० मोती जो हाथी के मस्तक में होता है।

गजरा॰ ना० पु० गाजर का पत्ता, फूलों की माला।

गजबदन॰ ना० पु० गणेशजी।

गजबुसा॰ ना० पु० केलावृक्ष।

गजानन॰ ना॰ पु॰ गणेशजी, हाथी का मुख।

गजासन॰ ना० पु० पीपल, पीपरि।

गञ्ज॰ ना० पु० रोग विशेषजो सिरमें होता है।

गञ्जा॰ गु॰ जिसके सिरमें गञ्ज रोग होवे, ना० पु० गांजा, भांग, रोग विशेष।

गञ्जित॰ गु॰ नशाया गया।

गटपट॰ ना० स्त्री० उलट पुलट मिलित।

गटी॰ ना० स्त्री० समूह, राम-चन्द्रिका यां यथा सब जात फटी दुख कोदुपटी कपटी न रहे जहं एक घड़ी, निघटो रुचि मीच घटीहूघटी जगजीवजती-न की छूटी चटी, अघ ओघ किवेरी कटी वि कटी निकटी प्रकटी गुण ज्ञान गटी, चहुंओरन नाचत मुक्ति नटी गुण धूर जटी जटि पञ्चबटी।

गट्टा॰ ना० पु० कलाई, मिठाई, प्रसिद्ध।

गट्ठा० ना० पु० बड़ी गठरी।

गठना० अ० क्रि० जुड़ना, मिलना।

गठरी० ना० स्त्री० मोट, मोटरी, झाड़।

गठाना० स० क्रि० सिलवाना, पैवन्द लगवाना।

गठिया० ना० पु० गोन, गु० गाठों वाला।

गठीला० } गु० गांठो वाला,
गठिहा० } गठाऊआ।

गडक० } ना० स्त्री० मछली
गडका० } वा मछली विशेष।

गडगडाना० स० क्रि० गरजना।

गड़रिया० ना० पु० जाति विशेष जो भेड़ं पालते हैं।

गडन० ना० स्त्री० धसन, दलदल।

गडना० अ० क्रि० धसना, बैठना, छिदना।

गड़बड़० ना० पु० गटपट, उलट, पलट, हलचल।

गड़बड़ा० ना० पु० खलबली, मरोड़ा, गु० खड़बड़ा, घबराया भया।

गड़बड़ाना० अ० क्रि० घबराना, खलबलाना।

गड़बड़ाहट० ना० स्त्री० हड़बड़ाहट, भय।

गड़हा० ना० पु० गर्त्त, गड्ढा, ताल।

गड़िया० ना० स्त्री० खलार-खाली खेत, गांडू।

गडुआ० ना० पु० टोंटी वाला लोटा।

गड़ोना० स० क्रि० छेदना, खोंसना।

गढ़० ना० पु० कोट, क़िलआ

गढ़ना० स० क्रि० ठोंकना, बनाना।

गढ़नि० ना० स्त्री० बनावट।

गढवार० गु० मोटा गाढ़ा, गढ़वाल।

गढ़वाल० गु० क़िलेदार, गढ़ का रक्षक।

गढ़ा० ना० पु० गड्हा, ग़ार।

गढ़ाई० ना० स्त्री० गढ़नेआदि की बनवाई, वा बनवने का काम।

गढ़ी० ना० स्त्री० छोटागढ़।

गढ़ेला० ना० पु० पृथ्वी में खोदा भया गड्हा।

गढ़ैया० ना० स्त्री० छोटा, पोखरा, गु० गढ़ने हारा।

गण० ना० पु० समूह, महादेव के गणों का झुण्ड।

गणक० ना० पु० दैवज्ञ, ज्योतिषी, हिसाबी।

गणना० ना० स्त्री० पक्षपात, गिनती, शुमार।

गणनाथ० ना० पु० गणनायक।

गणनायक०
गणपति०
गणराउ०
गणराज०
गणाधिप० } ना० पु० गणेश जी, यूथनाथ।

गणिका० ना० स्त्री० वेश्या, पतुरिया, जुही।

गणित० ना० पु० अङ्क विद्या, हिसाब।

गणितकार० ना० पु० गणक।

गणेश० ना० पु० पार्वती के पुत्र, आदि देवता।

गण्ड० ना० पु० नेत्रों के नीचे का भाग, गाल।

गण्डक० ना० पु० गैंड़ा, पशु, नद विशेष।

गण्डदूर्व्वा० ना० स्त्री० गण्ड, दूब।

गण्डमाला० ना० पु० कान के नीचे फोड़ों का रोग विशेष।

गण्डा॰ ना० पु० घेरा, चारि कौड़ी, वा पैसा, वा रुपया, बालकादि के गलेमें बांधने के लिये अभिमन्त्रितसूत ।

गण्डासा॰ ना० पु० अस्त्र, विशेष ।

गण्डासी॰ ना० स्त्री० छोटा, गण्डासा ।

गण्डिका॰ ना० स्त्री० नदी विशेष ।

गण्डी॰ ना० स्त्री० घेरा जिसमें श्री रामचन्द्र जी सीता जी को बैठाल गये थे ।

गण्डीर॰ ना० पु० सेंहुड़वृत्त ।

गण्डीरि॰ ना० स्त्री० ऊख, गन्ना, यथा, तृण राज मधु तृणो गाण्डी मधुप पञ्चक इति निघण्टः ।

गण्डुल॰ गु० प्रफुला ।

गण्डूष॰ ना० स्त्री० पानी का कुल्ला ।

गण्य॰ गु० जो गिना जाय ।

गत॰ गु० प्राप्त, अतीत, व्यतीत, निकृष्ट ।

गतागत॰ ना० पु० उलटफेर ।

गतार्थ॰ गु० एक के जान ने से अन्य को जानना ।

गति॰ ना० स्त्री॰ चाल मुक्ति दशा, ज्ञान, गमन दिशा, क्रियाकर्म ।

गते॰ अव्य॰ होले, धीमें ।

गत्ते॰ अव्य० गते ।

गत्यर्थ॰ गु० जिसका अर्थ गति है वा जिससे गति का अर्थ पाया जावे ।

गथ॰ ना० पु॰ माल, दाम ।

गद॰ ना० पु० रोग, आरज़ः

गदका॰ ना० पु० पटा, दण्ड विशेष ।

गदकारी॰ ना॰ स्त्री० गुदगुदी रोगकारक वस्तु ।

गदला० गु० ढबरा, मैला।

गदलाई० ना० स्त्री० मैलापन।

गदग्रचु० ना० पु० वैद्य, हकीम।

गदा० ना० स्त्री० सोंटा, लाठी, गुर्ज़।

गद, धर० गु० लाठीवाला, गदा बांधनेहारा, ना० पु० विशेष श्रीकृष्णचन्द्रजी का नाम।

गदायुद्ध० ना० पु० लाठी की लड़ाई, गद की लड़ाई।

गदारि० ना० पु० वैद्य, तबीब।

गदेला० ना० पु० मोटा बिछौना, वा जिसमें बहुत रुई भरकर पहिनते हैं।

गद्गद० गु० हर्षमान, शोक वा आनन्द में मग्न।

गद्दर० गु० अधपका।

गद्दी० ना० स्त्री० तकिया वा बिछौना वा आसन वा राजाका सिंहासन, जाति विशेष।

गद्य० ना० पु० छन्दबिनाकाव्य, वार्त्तिक।

गधा० ना० पु० गदहा।

गन० ना० पु० गण।

गनना० स० क्रि० गिनना, अनुमार करना।

गन्ध० ना० पु० कदमवृक्ष, स्त्री० बास, बूय।

गन्धक० ना० पु० औषधि विशेष।

गन्धगर्भ० ना० बेलवृक्ष।

गन्धमादन० ना० पु० पर्व्वत विशेष।

गन्धमूलक० ना० पु० कचूर।

गन्धमूलिनी० ना० स्त्री० कचूरभेद।

गन्धमूली ना० स्त्री० रासना।

गन्धराज० ना० पु० चन्दन, सुगन्धितविशिष्टपुष्प।

गन्धर्व्व० ना० पु० देवता, स्वर्ग के गायक।

गन्धर्वनगर०ना० पु० सामान्य गन्धर्व लोक, विशेष मुख्य आकाश में जो चित्र विचित्र की मूर्त्तें दृष्टि आती हैं जब देरतक देखने से आंखतिरमिराजाती है।

गन्धर्वहस्तक०ना० पु० वेलवृत्त।

गन्धवह०ना० पु० वायु, पवन, हवा।

गन्धसार०ना० पु० चन्दन।

गन्धा०ना० पु० नागदौन, कदम वृत्त।

गन्धान०ना० पु० सुवर्ण, सोना।

गन्धायुष्मा०ना० पु० गन्धक।

गन्धार०ना० पु० रागकास्वर विशेष।

गन्धारी०ना० स्त्री० दुर्योधन की माता, खास जो वा मादमें प्रकाशित होती है, ज्ञान तरङ्गे यथा, गन्धारी वा म त्व न वा स हस्त जिह्वा, द स दृगवासी।

गन्धि०ना० स्त्री० बास, बू गन्धक।

गन्धिका०ना० स्त्री० आहूवेर

गन्धिकारिणी०ना० स्त्री लजालू।

गन्धिलुब्ध०गु० जो सुगन्धि लालच में हो।

गन्धी०ना० पु० अत्तार, सुगन्धित तेलबेचनेहारा।

गन्ना०ना० पु० ऊख, गांडा खूंड।

गप० }ना० स्त्री० बक
गपशप० } बकबक।

गप्पी०गु० बकवादी।

गभस्ति०ना० स्त्री० किरण, ज्योति।

गभीर०गु० गम्भीर।

गभुआरे०गु० छल्लेदारबाल, पेदायशी बाल

गमन० ना० पु० चलन।

गमनागमन० ना० पु० जाना आना।

गमनी० ना० स्त्री० चलनेवाली।

गमनीय० गु० चलने के योग्य, चलनेवाला।

गम्भीर० गु० गहिरा, औगाह।

गम्भीरता० ना० स्त्री० गहराई।

गम्य० गु० जाने के योग्य मिलनहार।

गय०
गयन्द० } ना० पु० हाथी।

गया० ना० स्त्री० नगर वा तीर्थ विशेष जहां हिन्दू लोग पुरुषों को पिण्ड देते हैं।

गयाली० ना० पु० गयावाल, गया के ब्राह्मण।

ग्यारस० ना० स्त्री० एकादशी।

ग्यारह० गु० दश और एक ११।

गर० ना० पु० रोग, विष, गला।

गरगर। ना० अ० क्रि० कुल्ली करना, गरजना।

गरजना। अ० क्रि० घड़घड़ाना, शब्द करना।

गरल० ना० पु० विष, हलाहल।

गरह० ना० पु० गठियावायु।

गरागरी० ना० स्त्री० देवदाली।

गरारी० ना० स्त्री० रस्सी वा सूतबटने का यन्त्र, कूप से जल निकालने की गोलकाठकी वस्तु।

गरिमा० ना० स्त्री० गुरुता गरुवई, अहङ्कार आठसिद्धि मेंसे एक का नाम।

गरी० ना० स्त्री० नारियल का गूदा, गुठली।

गरु० ना० पु० गला।

गरुड़० ना० पु० पक्षी जो श्री विष्णु का वाहन है।

गरुड़ाग्रज०नाο पुο सूरज का रथ वान।

गरुता०नाο स्त्रीο गुरुता, बड़प्पन।

गरुत्मान्० नाο पुο गरुड़, सफेदहंस।

गरुव० गुο भारी, बोझिल।

गर्ग०नाο पुο मुनि विशेष जो यदुवंशियों के पुरोहितथे।

गर्गज०नाο पुο दौंगा, घढ़।

गर्ज० } नाο पुο उत्कटशब्द,
गर्जन० } गड़गड़ाहट।

गर्त्त०नाο पुο गढा।

गर्द्दभ०नाο पुο गदहा।

गर्भ०नाο पुο पेट, आधान, अन्तरापत्य, भ्ध्या।

गर्भकण्टक०नाοपुοकटहल।

गर्भकर०नाο पुο पतिजिया यथापुत्नजीव: गर्भकर: इतिनिघण्ट: गुο गर्भ कारक।

गर्भदास०नाο पुο मोलकी दासी का बेटा।

गर्भपात०गुο पेटका गिरना हमल गिरना।

गर्भपाता०नाο पुο रीठा।

गर्भवती०नाο स्त्रीο पेटवे गर्भिणी, गाभिन।

गर्भस्राव०नाο पुο गर्भपात

गर्भित०गुο गर्भ अर्थात् पेट रहनेवाला।

गर्व०नाο पुο अहङ्कार दम्भ ग़रूर।

गर्ववती०गुοस्त्रीο अहङ्कारिन

गर्वित०गुο अहङ्कारी, मग़रूर

गर्हित०गुο निन्दित।

गल०नाο पुο गला, फांसी।

गलकना०अο क्रिο गलना।

गलका०नाο स्त्रीο फोड़ा वि शेष, खटाई विशेष।

गलगण्ड० नाοपुοगण्डमाला

गलगल॰ना॰ पु॰ चकोतरा, पक्षी विशेष।

गलना॰ अ॰ क्रि॰ पिघलना, घुलना।

गलफटाकी॰ ना॰ स्त्री॰ बड़ई घमगड।

गलफड॰ } ना॰ पु॰ गाल वा
गलफड़ा॰ } गालों का मास।

गलवाह॰ ना॰ स्त्री॰ गोदी।

गलसुई॰ ना॰ स्त्री॰ तकिया, सिराहना।

गलस्तनी॰ ना॰ स्त्री॰ बकरी।

गला॰ ना॰ पु॰ कण्ठ, शब्द।

गलाघोटना॰ स॰ क्रि॰ नटी-दाबना, कण्ठतोड़ना।

गलाना॰ स॰ क्रि॰ पिघलाना।

गलाव॰ ना॰ पु॰ पिघलाव।

गलित॰ गु॰ पतित, द्रवीभूत, मग्न।

गलियाना॰ स॰ क्रि॰ बुराकहना, गालीदेना, बरवश भोजन कराना, वा औषधि धूंसना।

गली॰ ना॰ स्त्री॰ छोटामार्ग।

गंव॰ ना॰ स्त्री॰ दाव, घात, मौक़ा, लाभ।

गवन॰ ना॰ पु॰ गमन।

गवरि॰ } ना॰ स्त्री॰ पार्वती।
गवरी॰ }

गवलद॰ ना॰ पु॰ भैंसा।

गवादिनी॰ ना॰ स्त्री॰ इन्द्रवारुणी।

गवास॰ ना॰ पु॰ कसाई, म्लेच्छ।

गवाक्ष॰ ना॰ पु॰ झरोखा, मुख्यवानर।

गवेधुका॰ ना॰ स्त्री॰ गंगेरुआ।

गवैया॰ ना॰ पु॰ गायक, गानेवाला।

गव्य॰ गु॰ जो गायसे सम्बन्ध रखता हो यथा, दुग्ध आदि।

गसना॰ अ॰ क्रि॰ बन्धना, घिरना, रुकना।

गहगह॰ गु॰ घना, ज़ोर से।

गहन॰ ना॰ पु॰ भारी, ग्रहण, पकड़ना, दुःख, निष्फल, बन।

गहना॰ स॰ क्रि॰ पकड़ना, ग्रहण करना, ना॰ पु॰ ज़ेवर, गिरवीं, भूषण।

गहनी॰ ना॰स्त्री॰ सनपरास, कालापत्ती।

गहरा॰ ना॰पु॰ गम्भीर।

गहरु॰ ना॰ पु॰ ढील, देर।

गहवर॰ } गु॰घबरा, रोवासा,
गह्वर॰ } घना, कठिन।

गा॰ अव्य॰ गया।

गांजा॰ } ना॰ पु॰ वृक्ष विशेष
गांझा॰ } कोपत्तीवा रसआदि।

गांठना॰ स॰ क्रि॰ बांधना, वशमें लाना, सीवना।

गांठि॰ ना॰ स्त्री॰ग्रन्थि,गिरह

गांड़॰ ना॰ स्त्री॰ गदा, कून पुट्ठी मिट्टी की जो कूप में लगाते हैं।

गांडर॰ ना॰ स्त्री॰ तृणविशेष

गांडा॰ ना॰ पु॰ इक्षु, गन्ना ऊख।

गांडू॰ ना॰ पु॰ मवेशिया लतिया, चुल्ली।

गांव॰ ना॰ पु॰ ग्राम, पुर।

गांवना॰ स॰ क्रि॰ गाना।

गांसना॰ स॰ क्रि॰ बिरमाना घेरना, बरमाना, पिरोना

गांसी॰ ना॰ पु॰ तीरकाफल लोहा जो तीर लगाते हैं।

गागर॰ ना॰ स्त्री॰ गगरी कलसी, घड़ा।

गाङ्गेय॰ ना० पु० भीष्म, सुवर्ण।

गाछ॰ ना० पु० वृक्ष।

गाज॰ ना० स्त्री० झाग, फेना, बिजुली, वज्र।

गाजना॰ अ० क्रि० हर्षित होना, गरजना।

गाजर॰ ना० स्त्री० मूलविशेष।

गाजाबाजा॰ ना० पु० नाना प्रकार से बाजा का शब्द।

गाड़॰ ना० पु० गड्हा, गढ्ढा, गर्त्त।

गाड़ना॰ स० क्रि० तोपना, समाधि देना, मिट्टी देना, लगाना।

गाड़ा॰ ना० पु० घात, गड़्हा, गाड़ी।

गाड़ी॰ ना॰ स्त्री॰ छकड़ा, लढ़ी, रथ।

गाढ़॰ ना० स्त्री० जञ्जाल, विपत्ति।

गाढ़ा॰ गु॰ मोटा, चतुर, कठिन, ना० पु० कपड़ा विशेष।

गाण्डीव॰ ना० पु० नाम उस धनुष का है जो अग्निदेवने अर्जुनको दिया है।

गाण्डीवधर॰ ना० पु० अर्जुन, पाण्डु पुत्र।

गात॰ ना० पु० शरीर, तन, देह।

गाता॰ ना० पु० काग़ज़ जिससे पुस्तक की जिल्द बनाते हैं।

गाती॰ ना० स्त्री० एक प्रकार को चादर का बांधना, पट्टू, ऊर्णवस्त्र।

गात्र॰ ना० पु० शरीर, देह।

गायक॰ ना० पु० गायक।

गाथना॰ स० क्रि० गूंथना, गाना।

गाथा॰ ना० स्त्री० कथा, समाचार।

गाद॰ ना॰ स्त्री० तरछट, गोंद।

गादी॰ ना॰ स्त्री० गद्दी।

गाधि० ना० पु० विश्वामित्र के पिता ।

गाधिनन्द० ना० पु० विश्वामित्र मुनि ।

गाधिसुत०
गाधेय० } ना० पु० विश्वामित्रमुनि ।

गान० ना० पु० गीत, राग, भजन ।

गाना० स० क्रि० अलापना, तानभरना ।

गान्धार० ना० पु० राजा विशेष, रागका स्वर विशेष ।

गाभ० ना० पु० गर्भ ।

गाभा० ना० पु० केले के वृक्ष का नयापत्ता, नयापत्ता ।

गाभिन० ना० स्त्री० गर्भिणी ।

गाम० ना० पु० गांव ।

गामी० पु० चलनेवाला, रमनेवाला ।

गाम्भीर्य्य० ना० पु० गम्भीरता ।

गाय० ना० स्त्री० गौ ।

गायक० ना० पु० गवैया, गानेवाला ।

गायत्री० ना० स्त्री० मन्त्र विशेष, छन्द, कत्था, महासिद्धि ।

गायन० ना० पु० गवैया, गानेवाला ।

गार० ना० स्त्री० गाली ।

गारना० स० क्रि० निचोड़ना, धोना ।

गार्हपत्य० ना० पु० अग्निभेद ।

गारा० ना० पु० भीति बनाने के लिये बनाई हुई मिट्टी ।

गारी० ना० स्त्री० गाली ।

गारुड़ि० सांपु, सांप का बिष झारनेवाला, प्रयुक्त काव्येयथा, हावभाव गारुड़ीपुकारतआवत ... छरिन जात कहीरी ...

गारुत्मत॰ ना॰ पु॰ पन्ना।

गाल॰ ना॰ पु॰ कपोल, रुख बात।

गालव॰ ना॰ पु॰ मुनिविशेष।

गाला॰ ना॰ पु॰ रुई की फली, धुनीहुई रुईकागोला।

गाली॰ ना॰ स्त्री॰ अपमानका बोधक वाक्य, उखली।

गाह॰ ना॰ पु॰ ग्राह।

गाहक॰ ना॰ पु॰ ख़रीददार,

गाहना॰ स॰ क्रि॰ ढूंढना, दाबना, थाह लगाना, मांडना।

गाहा॰ गु॰ गाथा, अवगाह, कथा, ना॰ पु॰ छन्द विशेष।

गाहिगाहि॰ गु॰ ढूंढिढूंढिके।

गाही॰ ना॰ स्त्री॰ पांच, मांडी, थाही हुई।

गिंजाई॰ ना॰ स्त्री॰ कीट विशेष।

गिचपिचिया॰ ना॰ पु॰ कचपिचिया।

गिडगिडाना॰ स॰ क्रि॰ घिघिआना, खुशामदकरना।

गिद्ध॰ ना॰ पु॰ पक्षी विशेष किरगिस।

गिनती॰ } ना॰ स्त्री॰ गणित, गिन्ती॰ } गिन्ती, शुमार।

गिन्दुक॰ ना॰ पु॰ गेंद।

गिन्ना॰ स॰ क्रि॰ गणन, गिन्ती करना।

गिरगिट॰ ना॰ पु॰ सरट, कृकलास।

गिरना॰ अ॰ क्रि॰ पड़ना।

गिरपड़ना॰ अ॰ क्रि॰ कूदपड़ना, भुकपड़ना।

गिरा॰ ना॰ स्त्री॰ सरस्वती, वा देवता वाणी।

गिराना॰ स॰ क्रि॰ औंधाना, पटकना, छलकाना।

गिरि॰ ना॰ पु॰ अद्रि, पर्वत, पहाड़।

गिरिकद्रक० नाο पुο मढ़ा, नींव।

गिरिज० नाο पुο शिलाजित।

गिरिजा० नाο स्त्रीο पार्वती।

गिरिजानन्द० नाο पुο गणेशजी।

गिरिधर०
गिरिधारी० } गुο पर्व्वत उठाने वाला, नाοपुο श्रीकृष्ण चन्द्रजी, श्री हनुमान।

गिरिनाथ० नाο पुο श्रीशिवजी, सुमेरु, हिमाचल, हिमालय।

गिरिर० नाο पुο लड़का।

गिरिराज० नाο पुο श्रीशिवजी, हिमालय, गोवर्द्धन, सुमेरु, श्रीकृष्णजी।

गिरिवर० नाο पुο पर्वत, पहाड़।

गरिहृष्ट० नाο स्त्रीο गेरू।

गिरिसाह्वय० नाο पुο शिलाजीत।

गिरीश० नाο पुο श्रीसदाशिव, सुमेरु, हिमालय।

गिलट० नाο स्त्रीο नसों की गांठि।

गिलहरी० नाο स्त्रीο जीव विशेष जो वृक्षोंपर रहता है।

गिलोय० नाο स्त्रीο गुरच।

गीजना० सο क्रिο मलना।

गीत० नाο पुο राग, गान।

गीता० नाο पुοकथा, अध्यात्मज्ञान, वा जिसपुस्तक में अध्यात्मज्ञान होवे, यथा भगवद्गीता, रामगीता।

गीदड़० नाο पुο शृगाल, सियार।

गीर्वाण० नाοपुο अमर, देवता।

गीला० गुο ओदा।

गीष्पति० नाο पुο वृहस्पति।

गुग्गुल०ना० पु० गूगुल।

गुङ्ग०
गुङ्गा० } गु० गूंगा, बावला।

गुच्छा०ना० पु० घौर, घोचा, बाल, पोट।

गुजरात०ना० पु० देशविशेष।

गुह्य०गु० छुपा, पोशीदः।

गुह्यक०ना० पु० यक्ष, कुवेर के दूत।

गुह्यकपति०ना० पु० कुवेर।

गुह्यस्थल०ना० पु० एकान्त स्थान, वा छुपा अङ्ग, यथा, भग।

गुञ्ज०ना० स्त्री० गुञ्जा, घुंघची।

गुञ्जरना०अ०क्रि० दहाड़ना, गूंजना।

गुञ्जान०गु० गाढ़ा, मोटा, घना, फारसी का शब्द है।

गुञ्जार०ना० पु० शब्द, दहाड़, गूंज।

गुञ्जारना०अ० क्रि० झंकना, गूजना, शब्दकरना।

गुटकना०अ० क्रि० कुकूकरना, कपोत का बोलना, निगलना।

गुटका०ना० पु० पुस्तकविशेष, वस्तुविशेष जिसको योगी मुखमें रखकर लोप होजाते हैं मिठाई विशेष, चांदी की वस्तु विशेष जो मृतक की क्रिया में लगता है, छोटी पोथी।

गुटकाना०स० क्रि० कपोत को बुलाना।

गुटको०ना० स्त्री० हाथ पांव समेटना।

गुटिका।०ना० स्त्री० गोला।

गुठली०ना० स्त्री० फल का बीज।

गुड० ना० पु० ईख का जमा हुआ रस, मिष्टान्न।

गुडगुडाना० अ० क्रि० गड़गड़ाना।

गुड़गुड़ी० ना० स्त्री० छोटा हुक्का।

गुड़पुचका० ना० पु० ऊख, गन्ना।

गुडपुष्प० } ना० पु० महुआ।
गुडफूल० }

गुडा० ना० पु० अङ्गूर, दाख।

गुडाकेश० ना० पु० अर्जुन, सदा शिवजी।

गुडाना० स० क्रि० खुदाना, खुदवाना।

गुड़िया० ना० स्त्री० खिलौना, कपड़ों की पुतली।

गुडूची० ना० स्त्री० गुरुच।

गुड्डी० ना० स्त्री० कनकौआ।

गुढौ० ना० पु० छुपने का स्थान।

गुण० ना० स्त्री० विशेषण, स्वभाव, प्रवीणता, विद्या, डोल, कृपा, रस्सी, धनुष की पच्च, चरित्र, यहसान।

गुणाङ्क० ना० पु० जिस अङ्क से गुणन करें।

गुणद० गु० गुणदाता, लाभकारी।

गुणन० ना० पु० गुणाकरना, ज़रब।

गुणना० स० क्रि० विचारना, गुणन करना।

गुणवती० गु० माला, गुणवान।

गुणवाचक० गु० गुणबतानेवाला।

गुणवान० गु० प्रवीण, पुण्यवान्।

गुणज्ञ० गु० गुणी, ज्ञाता, चतुर।

गुणी० गु० प्रवीण, पुण्यवान विद्वान्, विचारी, ना० पु० सपेरा।

गुण्य० ना० पु० जिसअङ्क को गुणाकरे।

गुथना। ० अ० क्रि० पिरोना।

गुथवां० गुथाहुआ।

गुद० ना० स्त्री० मूलस्थान, गांड़, गुदा।

गुदगुदाना। ० स० क्रि० सहला-ना, चुलचुलाना।

गुदगुदाई० } ना० स्त्री०
गुदगुदाहट० } सहलाहट,
गुदगुदी० } सुरसरी।

गुदड़ी० ना० स्त्री० तागाहुआ वस्त्र, गुज़री, चौक बाज़ार।

गुदा० ना० स्त्री० मूलस्थान, गांड़।

गुदाभञ्जन० } ना० पु० गांड़-
गुदमर्दन० } मारना, इग़-लाम।

गुन० ना० पु० गुण।

गुनगाहक० ना० पु० गुण का चाहने वा जाननेवाला, विद्या का प्रतिपालक।

गुनगुनाना। ० अ० क्रि० थोड़ा गरम होना, औरनाकसे बोलना।

गुनवन्त० }
गुनवान्० } गु० गुणवान।

गुनह० ना० पु० दोष, पाप, कसूर, रामायणेयथा, गुनह लषन करहम पररोषू, कतहु सुधाईं ते बड़दोषू।

गुनानि० ना० स्त्री० मनमें कल्पना करना।

गुनी० गु० गुणी।

गुन्थनि० ना० स्त्री० गूंधनी, पोहावट।

गुप्त० गु० लुका, छुपा।

गुप्तार० ना० पु० छुपना, लुक-ना, लुकाव।

गुप्तारघाट०ना० पु० अयोध्या जीमें स्थान विशेष ।

गुप्ती०ना० स्त्री० खड्गविशेषजो सोटे में रखते हैं ।

गुफा०ना०स्त्री०खोह,कन्दरा ।

गुभाना०स० क्रि० चुभाना, गाड़ना ।

गुमटी०ना०स्त्री०कपड़ाविशेष, कलसी ।

गुराई०ना० स्त्री० बड़प्पन, गोरापन ।

गुरु०ना० पु० आचार्य,शिक्षक, वृहस्पति, पुरोहित,द्वि-मात्रिक अक्षर, गु०भारी बड़ा, गरुआ ।

गुरुतर०गु० अत्यन्त भारी, अत्यन्त मान्य ।

गुरुता०ना० स्त्री० बड़प्पन, आचार्य्यता ।

गुरुपाक०ना० पु० जो वस्तु बऊतदेरमें पचे ।

गुरुमुख०ना० पु० जिसने गुरु किया हो, शिक्षा वा इष्टदेव का मन्त्र गुरु से लिया, चेला ।

गुरुमुखहोना० अ० क्रि० चेलाहोना, गुरु से इष्ट-देवता का मन्त्र पाना ।

गुरुवाइन०ना० स्त्री० गुरु की पत्नी ।

गुरुवार०ना० पु० वृहस्पति-वार,जुमअरात ।

गुर्जर०ना० पु० गुजराती वा गुजरात देशविशेष ।

गुर्वादित्य ० ना० पु० जब सूर्य और वृहस्पति एक राशि के होजाते हैं वह समय ।

गुर्विणी०गु० स्त्री० गर्भवती, हामिल: ।

गुल०गु० बुझना, दीपक का ठण्ढा होजाना ।

गुलगुला०ना० पु० पकवान विशेष ।

गुलाई॰ ना० स्त्री० गोलता, गोलाई।

गुलाब॰ ना० पु० वृक्ष वा उसके फूलों का रस तत्व।

गुलाल॰ ना० पु० अबीर, बूका जो प्रियतम के ऊपर डालते हैं।

गुलिक॰ ना० पु० मोती।

गुलिया॰ ना० स्त्री० सिरके पीछे का गड्ढा।

गुलेल॰ ना० स्त्री० धनुष जिसमें गुल्ला चलाते हैं।

गुल्पाल॰ ना० पु० गुलेल।

गुल्फ॰ ना० स्त्री॰ फीली, एड़ी के ऊपर का भाग।

गुल्म॰ ना० पु० रोग विशेष, गुलाब, झाड़।

गुल्ला॰ ना० पु० गुलेला, माटी का छोटा गोला।

गुल्लाला॰ ना० पु० फूल विशेष यहशब्द फ़ारसीका है।

गुवाक॰ ना॰ पु० सुपारी का वृक्ष।

गुवालियर॰ ना० पु० देश वा नगर विशेष।

गुष्टि॰ ना० स्त्री॰ सम्मति, सलाह, मित्रता।

गुह॰ ना० पु० स्वामि कार्त्तिक, निषाद, मल।

गुहना॰ स० क्रि० गूथना।

गुहा॰ ना० स्त्री० गुफा, कन्दरा।

गुहाना॰ स० क्रि० गुथवाना।

गुहारि॰ ना० पु० ताडकासुर, ना० स्त्री० सहायता, सहाय, मदद।

गू॰ ना० पु० गूह, विष्टा।

गूंगा॰ गु० मूक, जो बात न कर सके, ना० पु० ढ्गगादिया डाट, मिठाई विशेष।

गूंज॰ ना॰ स्त्री० शब्द, भिन भिनाहट।

गूंजना॰ अ० क्रि० गुंजरहना, भिन भिनाना।

गूंथना० } सo क्रिo पिरोना,
गूंदना० } लड़ियाना ।

गूंदनी० नाo स्त्रीo वृक्ष विशेष काफल जो पश्चिम में ग्रीष्म कालमें होता है ।

गूंधना० सo क्रि० सानना, गूंथना, बिनना ।

गूजर० नाo पुo नीचजाति विशेष ।

गूजरी० नाo स्त्रीo गूजर की स्त्री, गहना विशेष जो पांवमेंपहिनाजाताहै ।

गूढ़० गुo सूक्ष्म, कठिन, गुप्त, भीतर ।

गूढ़गिरा० नाoस्त्रीoगुप्तवाणी, गोलबात, कठिनवचन ।

गूढ़ता० नाo स्त्रीo सूक्ष्मता, कठिनता, छिपाव ।

गूढ़पत्र० नाo पुoकरील, नागफली ।

गूढ़पा० } नाoपुo सांप,यथा
गूढ़पात्० } कुण्डलीगूढपाच्चक्षुः श्रवाः काकोदरः फणी इत्यमरः।

गूढ़ार्थ० गुoगुप्तअर्थ,कठिनअर्थ।

गूदड़० नाoपु० पुरानाकपड़ा ।

गूदा० नाo पुo भेजा, फल का सारांश ।

गूप्त० गुo गुप्त, छिपा ।

गूमड़ी० नाo स्त्रीo } गांठि ।
गूमड़ा० नाo पुo }

गृञ्जन० नाo पुo प्याज़, लहसुन, गांजा, गाजर वा गाजर का साग यथा, लशुनंगृञ्जनारिष्टमहा कन्दरसोनकः इत्यमर पलाण्डु विड्वराहश्छत्राकग्राम कुक्कुटंलशुनं गृञ्जनं चैवभुक्त्वा चान्द्रायणंचरेत्, इतिसरोज सुन्दरे ।

गृध्र० ना० पु० गिद्ध।

गृष्टि० ना० स्त्री० बाराही कन्द।

गृह० ना० पु० घर।

गृहकन्या० ना० स्त्री० घी-कुवारि।

गृहगोधिका० ना० स्त्री० बिस्तुइया, छपकली।

गृहस्थ० ना० पु० दूसराआश्रम, घरवाला।

गृहस्थाश्रम० ना० पु० गृहस्थ का व्यवहार।

गृहस्थी० ना० स्त्री० गृहस्थ-का धर्म्म।

गृहिणी० ना० स्त्री० घरनी, भार्य्या, जोरू, चौखट।

गृही० ना० पु० गृहस्थ।

गृह्य० गु० जो ग्रहण करने के योग्य है।

गेंडक० ना० पु० गेंदा।

गेंद० ना० स्त्री० खेलने के लिये कपड़े वा सूतआदि का गोला।

गेंगटा० ना० पु० केकड़ा, सर-तान।

गेगली० ना० स्त्री० बोदली।

गेडुआ० ना० पु० तकिया, सिरहाना, और टोंटी-दार लोटा।

गेरू० ना० स्त्री० गैरिक, लाल-मिट्टी।

गेरुआ० गु० गेरूकारंगा भया।

गेरुई० ना० स्त्री० जोगेंडुओं में सरदी के कारण गेरुरङ्गका रोगहोजाता है गु० गेरूका रङ्ग।

गेह० ना० पु० घर, तलाश, चाह।

गेहूं० ना० पु० अन्नविशेष।

गेहुंआ० गु० गेहूं के रङ्ग, ना० पु० घासविशेष।

गैंडा० ना० पु० जन्तु विशेष जिसकी हड्डी अतिपवित्र होती हैं उसके अंगूठी छल्ले और तर्पण करने के पवित्र अर्घ्येका पात्र बनता है।

गैया० ना० स्त्री० गाय।

गैरिक० ना० स्त्री० गेरू, पर्वत कीलाल मिट्टी।

गैरेय० ना० पु० शिलाजीत।

गैल० ना० स्त्री० बाट, मार्ग।

गो० ना० पु० पद, कूप, जल, वज्र, स्वर्ग, खग, छन्द, ना० स्त्री० गाय, किरण, इन्द्रियां, दशा।

गोंडली० ना० स्त्री० वृक्षविशेष।

गोंद० ना० पु० लासा, चेप।

गोंदनी० ना० स्त्री० नरकट विशेष।

गोंदा० ना० पु० मिट्टी का गिलावा, चिड़ियाके बुलाने केलिये खाईवापेड़ा।

गोई० स० क्रि० भू, छुपाई, छुपी, ना० स्त्री० दो बैलादि के जोड़ेको कहते हैं।

गोकण्टो० ना० स्त्री० बेरीवृक्ष वा फल।

गोकर्ण० ना० पु० वितस्ति, मृगविशेष, खच्चर, गौका कान, सांप, और शिव जी का स्थानप्रसिद्ध।

गोकर्णनाथ० ना० पु० श्री शिवजी वा तीर्थवि०।

गोकुल० ना० पु० नगरीविशेष, गौका कुल।

गोकुलेश० ना० पु० श्रीकृष्णचन्द्र।

गोखुरु० ना० पु० गोखुर, भूषण विशेष।

गोचना० स० क्रि० पकड़लेना, गेहूं चना।

गोचर० ना० पु० समझ, इन्द्रिय ज्ञान, गु० समझा।

गोचरी० ना० स्त्री० दर्शी, प्रकट।

गोजर० ना० पु० कनखजूरा।

गोजिका०
गोजिह्वा० } ना० स्त्री० गोभी ।

गोट०ना० स्त्री० चौपड़आदि खेलने की गुटिका, अमलपत्ती, किनारी ।

गोटा०ना० पु० किनारी ।

गोटी०ना० स्त्री० शीतला, माता, चेचक ।

गोड़०ना० पु० पांव, पिण्डली, गु० खुदाव ।

गोड़ना०स० क्रि० खोदना, खुरचना ।

गोड़िया०ना० पु० कहार, जाति विशेष ।

गोड़ी०ना० स्त्री० चोरी ।

गोण०ना० पु० लोथा, आखा, बोरा ।

गोत०
गोता० } ना० पु० गोत ।

गोती०ना० पु० गोबर, गोमल, गु० गोतवाला ।

गोद०ना० स्त्री० कनियां, गोदी, राशि ।

गोदना०स० क्रि० चोंकना, चिह्न देना ।

गोदा०ना० पु० निशान, चिह्न, दबका ।

गोदावरी०ना० स्त्री० नदी विशेष जो दक्षिण में है ।

गोदी०ना० स्त्री० अंकवार, कोला, कनियां ।

गोदोहनी० ना० स्त्री० दोहनी ।

गोधन०ना० पु० गोबर, गायका धन, गोमलकी प्रतिमा जो दीवाली के बनाते हैं ।

गोधूम०ना० पु० गेहूं, गोहूं ।

गोधूलि०
गोधोरा० } ना० स्त्री० सायङ्काल, सन्ध्या ।

गोन०
गोनी० } ना० स्त्री० गोण ।

गोप० ना० पु० ग्वाला, कण्ठ का भूषण, छुपा।

गोपग्वाल० ना० पु० अहीर।

गोपद० ना० पु० गायकाखुर।

गोपन० ना० पु० छुपाव, लुकाव।

गोपनीय० } गु० छुपाने के
गोप्य० } योग्य।

गोपाचल० ना० पु० ग्वालियर।

गोपाल० } ना० पु० ग्वाल,
गोपाल० } अहीर, श्रीकृष्णचन्द्र।

गोपालपुर० ना० पु० मथुराजी वा जहांगङ्गाजीऔर गोमती का सङ्गम भया है।

गोपिका० } ना० स्त्री० ग्वालों
गोपी० } की स्त्रियां।

गोपीनाथ० ना० पु० श्रीकृष्णचन्द्रजी।

गोबर० ना० पु० गायकीविष्टा, गोमल।

गोबरगनेश० गु० मोटा, भद्द, भोंडा।

गोबरी० ना० स्त्री० मिट्टीऔर गोबर मिलाहुआलीपने के लिये बनाते हैं।

गोभा० ना० पु० कल्ली, नईशाखा।

गोभी० ना० स्त्री० पौधा विशेष, तरकारी विशेष।

गोमका० ना० पु० कुम्हडा, यथा पुष्पफलामहाफला गोमका राजा कर्कटी, इति निघण्टे।

गोमती० ना० स्त्री० नदीविशेष

गोमय० } ना० पु० गोबर।
गोमल० }

गोरटी० ना० स्त्री० गोरीस्त्री सुन्दरी।

गोरमदायन० ना० पु० इन्द्र-धनुष जो वर्षा में निकला करता है और सूर्य के सम्मुख होता है, रामचन्द्रिकायां, धनु है यह गोरमदायन नाहीं। शर-धारव है जल धार इथा हीं।

गोरस० ना० पु० इन्द्रियों का स्वाद, दूध, दही, मट्ठा, छाछ आदि।

गोरसदायन० ना० पु० गोर-मदायन।

गोरसी० ना० स्त्री० दोहनी।

गोरङ्ग० ना० पु० नारङ्गी।

गोरा० गु० गौर, उज्ज्वल।

गोरी० ना० स्त्री० उत्तम स्त्री, सुन्दरी।

गोरू० ना० पु० गाय बैल।

गोरोचन० ना० पु० गाय के मूत्र से उत्पन्न पीतवस्तु, वा गाय के शिर में से उत्पन्न औषधि विशेष।

गोल० गु० गोल, चक्करीला, ना० पु० मटका।

गोलक० ना० पु० पति के मरने के उपरान्त जार जात पुत्र, आंख का घर।

गोलकुण्डा० ना० पु० नगर विशेष दक्षिण में है।

गोलता० ना० स्त्री० गोलाई।

गोलरूप० गु० गोलाकार।

गोला० ना० पु० गोल वस्तु, खाता, धरन, लोहे का पिण्डा, जङ्गली कबूतर और नारियल का गूदा।

गोलाई० ना० स्त्री० परिधि, घेरा, गोलपन।

गोलाकार० गु० गोलरूप।

गोलाध्याय० ना० पु० सिद्धान्त शिरोमणि का एक प्रकरण।

गोलिका० ना० स्त्री० पति के मरने के उपरान्त जार-जात कन्यका, गोली।

गोली॰ ना॰ स्त्री॰ छोटा गोला।
गोलोक॰ ना॰ पु॰ श्री कृष्णचन्द्र का विशेष स्थान।
गोलोमा॰ ना॰ स्त्री॰ बच औषधि।
गोवना॰ स॰ क्रि॰ छुपाना, भूत क्रिया, गोई।
गोवर्द्धन॰ ना॰ पु॰ पर्वत विशेष जो ब्रज में है।
गोविन्द॰ ना॰ पु॰ कृष्णचन्द्र, वेद लभ्य।
गोविन्दचन्द्रिका॰ ना॰ स्त्री॰ पुस्तक विशेष।
गोशाला॰ ना॰ स्त्री॰ गाय बैल रहने का घर।
गोष्ठ॰ } ना॰ स्त्री॰ बांधनू,
गोष्ठी॰ } मेल, सम्मत, सलाह।
गोष्पद॰ ना॰ पु॰ गायकाखुर।
गोसांई॰ ना॰ पु॰ ईश्वर, तपी, सन्तों का मार्ग।
गोसैंया॰ ना॰ पु॰ ईश्वर, परमात्मा।

गोस्तनी॰ ना॰ स्त्री॰ दा[…] अङ्गूर।
गोह॰ ना॰ स्त्री॰ बिसखपर[…] के डौल का जीव।
गोहरा॰ ना॰ पु॰ उपला।
गोहार॰ ना॰ स्त्री॰ कु[…] रौला, सहायता, मदद[…]
गोहूं॰ ना॰ पु॰ गेहूं, गोधू[…] अन्न विशेष।
गोक्षुअन॰ ना॰ पु॰ सर्प विशेष[…]
गोक्षुर॰ ना॰ पु॰ गोखुर[…] पौधा विशेष।
गोत्र॰ ना॰ पु॰ वंश, घरान[…] संज्ञा, पर्व्वत।
गोत्रघात॰ } ना॰ पु॰ निज कु[…]
गोत्रवध॰ } का मनुष्य मारन[…]
गोत्रज॰ ना॰ पु॰ गोती, सम्बन्[…] अपने घराने का।
गोत्रा॰ ना॰ स्त्री॰ धरती।
गोत्री॰ ना॰ स्त्री॰ गोतज।
गौ॰ ना॰ स्त्री॰ गाय।

गैं० ना० स्त्री० दाव, घात, औसर, लाभ।

गैंगीर० गु० घाती, दाव खेलने हारा।

गैागोड़० ना० पु० जब गाय ब्यानी दूध नहीं देती है तब ग्वाल उसकी योनि में हाथ डालकर खड़ी करते हैं।

गैाड़० ना० पु० देशविशेष, ब्राह्मण विशेष, कायस्थ जाति विशेष।

गैाड़िया० ना० पु० गौड़ देश वासी, चैतन्य का शिष्य।

गैाडी० ना० स्त्री० गुड़ की मदिरा, जहां गाइयां खड़ी होती हैं।

गैाण० गु० जो मुख्य नहीं, अर्थात्, अप्रधान।

गैातम० ना० पु० मुनि विशेष, पर्ब्बत विशेष।

गैाथन० ना० पु० गाय का, स्तन।

गैादन्ती० ना० पु० हरताल वा, औषधि विशेष।

गैादान० ना० पु० गाय का दान।

गैाना० ना० पु० विवाह करके थोड़े दिनों में स्त्री को अपने घर लाना।

गैानहा० } ना० पु० गौने में
गैानहार० } दूलह के साथी।

गैामली० ना० पु० गोरोचन।

गैार० ना० पु० धवरत्त, जाति विशेष, चिट्टा शुक्ल वर्ण।

गैारक० ना० पु० तीतर पक्षी, गेरू।

गैारगड० ना० पु० गोरा।

गैार्यी० ना० स्त्री० भवानी, पार्ब्बती।

गैारव० ना० पु० बड़प्पन गुरुताई।

गैारा० ना० पु० चटक, चिड़ा, स्त्री० पार्ब्बती।

गौरिया॰ ना॰ स्त्री॰ चिड़िया।

गौरिला ना॰ स्त्री॰ पृथ्वी, धरती।

गौरी॰ ना॰ स्त्री॰ रागिनी विशेष, हल्दी, रात, पार्व्वती, तुलसी, गोरोचन।

गौशाला॰ ना॰ स्त्री॰ गाइयों का स्थान।

ग्रथित॰ गु॰ बंधा ऊआ, पिरोया ऊआ।

ग्रन्थ॰ ना॰ पु॰ पुस्तक, पोथी, शास्त्र।

ग्रन्थकार॰ ना॰ पु॰ ग्रन्थकर्त्ता, कवि।

ग्रन्थिनि॰ ना॰ पु॰ महामुण्डी, केला वृक्ष।

ग्रन्थि॰ ना॰ स्त्री॰ गांठि।

ग्रन्थिक॰ ना॰ पु॰ पीपरामल।

ग्रन्थिमान्॰ ना॰ पु॰ हरसिंघाड़।

ग्रन्थिल॰ ना॰ पु॰ कांकई वृ…
करील।

ग्रस्त॰ गु॰ शब्द जो चबाय…
कहा गया, खाया गय…
घिरा ऊआ।

ग्रह॰ ना॰ पु॰ सूर्य्यादि नव ग्र…
घर।

ग्रहण॰ ना॰ पु॰ हाथ मेंलेन…
अङ्गीकार, चन्द्रमा सू…
का गहन।

ग्रहस्थापन॰ ना॰ पु॰ नव…
हों को बैठाय के उ…
को आवाहन करन…

ग्रहीता॰ गु॰ ग्रहण करनेहा…

ग्राम॰ ना॰ पु॰ गांव, पु…
सूखी बात, समूह, रा…
चन्द्रिका यों गिरि ग्र…
लै लै हरि ग्राम मा…
मनो पद्मिनी पच द…
बिहारैं।

ग्रामनर॰ ना॰ पु॰ गवा…
गांववासी।

ग्राम्य० गु० गांव में जो उत्पन्न भया।

ग्रामीण० ना० पु० गाव में बसने हारा, गवांर।

ग्राव० ना० पु० पत्थर, पर्व्वत।

ग्रास० ना० पु० कौर, लुक़मा।

ग्रासक० गु० घेरने वाला, रोकने हारा।

ग्रासना० स० क्रि० घेरना, रोकना।

ग्रासित० गु० घेरागया।

ग्राह० ना० पु० मगर, नाका।

ग्राहक० गु० ग्रहण करने हार, अङ्गीकार कर्त्ता।

ग्राही० गु० गाहक, लेने वाला, स्त्री० नाकिन।

ग्राह्य० गु० जो ग्रहण करने के योग्य है।

ग्रीवा० ना० स्त्री० गला, गर्द्दन, गले का पृष्ठ भाग।

ग्रीष्म० ना० स्त्री० तपन, गरमी।

ग्रैवेय० ना० पु० गले का गहना, हसली, माला आदि।

ग्लानि० ना० स्त्री० घृणा, लाज थकाई।

ग्वाल० } ना० पु० पशुपालक
ग्वाला० } अहीर।

ग्वालिन्० ना० स्त्री० अहीरन्।

ग्वैंड० अव्य० समीप, पास।

ग्वैंडा० ना० पु० नगर, वा गांव का आस पास।

[घ]

घंघोरना० } स० क्रि० मथना
घंघोलना० } मिलाना, धोना।

घंघरी० ना० स्त्री० लहंगा।

घट० ना० पु० देह, मन।

घटक० ना० पु० मध्यस्थ, बिचवैया, सन्देसी।

घटज० ना० पु० अगस्त्यमुनि।

घटना० अ० क्रि० मन्दाहोना, कमहोना, योग्यहोना।

घटनीय० गु० जो घटने के योग्य है।

घटयोनि० ना० पु० अगस्त्यमुनि।

घटा० ना० स्त्री० मेघों का उमड़ना, मेघ, भीड़, टोटा, मधुक कड़ी।

घटाटोप० ना० पु० पालकी, वा रथका आच्छादन, गिलाफ़, चारों ओर से घिरना।

घटाना० स० क्रि० कम करना।

घटाव० ना० पु० कमती।

घटावना० स० क्रि० घटाना।

घटिका० ना० स्त्री० घड़ी, मुहूर्त्त, एड़ी के ऊपर का भाग।

घटित० गु० योग्य, गम्य।

घटिया० गु० थोड़े मोल का, सस्ता, घाटि देने हारा, धोखा देने हारा, कपटी।

घटी० ना० स्त्री० क्षति, हानि, कमी, घड़ी।

घव्यादि० ना० स्त्री० घड़... आदि।

घड़घड़ाना० अ० क्रि० गर... जना।

घड़ा० ना० पु० कुम्भ, घ... कलस मिट्टी का।

घड़िया० ना० स्त्री० कुलिइय... मधुमक्खी का छत्त... कोख, पियाली।

घड़ियाल० ना० पु० मगर... ग्राह, घण्टा।

घड़ियाली० गु० घण्टा बजा... हारा।

घड़ी० ना० स्त्री० साठि प... समय मापने का य... विशेष।

घड़ौंच० ना० पु०
घड़ौंची० स्त्री० } तिकठ... तिपा... पानी का घड़ा रख... केलिये काष्ठ रचित वस्तु...

घणा० गु० घना।

घण्टा० ना० स्त्री० बाजा विशे... अढ़ाई दण्ड।

घण्टालिका॰ ना॰ स्त्री॰ मधुककड़ी, घण्टी।
घण्टाली॰ ना॰ स्त्री॰ छोटा घण्टा।
घन॰ ना॰ पु॰ घटा, मेघ, गु॰ घना, दृढ़, विस्तार, मूर्त्ति, ना॰ पु॰ लोहारका बड़ाहथौड़ा।
घनक॰ ना॰ पु॰ सभालू पौधा।
घनगरज॰ ना॰ पु॰ गर्जन, गु॰ ऊंचाशब्द।
घनघनाना॰ अ॰ क्रि॰ झन झनाना, भहराना।
घनघोर॰ ना॰ पु॰ घटा घेरा, घन गरज।
घनतनवर्ण॰ गु॰ जिस का वर्ण मेघ के समान हो, ना॰ पु॰ श्रीकृष्णचन्द्रजी।
घनरस॰ ना॰ पु॰ जल, पानी।
घनश्याम॰ ना॰ पु॰ श्रीकृष्ण-चन्द्र जी, गु॰ कालीघटा।
घनस॰ ना॰ पु॰ पक्षी विशेष।
घनसार॰ ना॰ पु॰ कपूर, जल, चन्दन।
घना॰ गु॰ पिचपिच बहुत।
घनासन॰ ना॰ पु॰ भैंसा।
घनाह्व॰ ना॰ पु॰ नागरमोथा।
घनेरा॰ गु॰ बहुत, अधिक।
घबराना॰ अ॰ क्रि॰ व्याकुल होना, हड़बड़ाना।
घबराहट॰ ना॰ स्त्री॰ व्याकु-लता, हड़बड़ी।
घमण्ड॰ ना॰ पु॰ गर्व्व, अहङ्कार, ग़रूर।
घमण्डी॰ गु॰ अहङ्कारी, मग़रूर।
घमरौल॰ ना॰ स्त्री॰ रौला भीड़।
घमसान॰ ना॰ पु॰ युद्ध, लड़ाई।
घमाघम॰ गु॰ कचाकच।
घमाना॰ स॰ क्रि॰ धूपदिखाना धूपमें खड़ा होना।
घमासान॰ ना॰ पु॰ घम-सान।

घमोई॰ ना॰ पु॰ वृक्षविशेष ।

घर॰ ना॰ पु॰ गृह, मकान ।

घरनई॰ ना॰ स्त्री॰ चौघड़ा, बेड़ा ।

घरना॰ स॰ क्रि॰ गढ़ना ।

घरनी॰ ना॰ स्त्री॰ स्त्री ।

घरबार॰ ना॰ पु॰ घराना ।

घरबारी॰ ना॰ स्त्री॰ गृहस्थ ।

घराना॰ ना॰ पु॰ कुटुम्ब, घर-के लोग ।

घरामी॰ ना॰ पु॰ छवैया ।

घरी॰ ना॰ स्त्री॰ लपेटे हुये कपड़ों की गठरी, तह लगे हुये कपड़े, घड़ी ।

घरैला॰ गु॰ घरका पालतू ।

घरौंदा॰ घरौर॰ घरौआरा } ना॰ पु॰ छोटाघर जो लड़के खेलने के लिये बनाते हैं वा जिसमें खिलौना रखते हैं ।

घर्घर॰ ना॰ पु॰ चक्की आदि का शब्द ।

घर्घरा॰ ना॰ स्त्री॰ घाघरा ।

घर्म॰ ना॰ पु॰ प्रस्वेद, जलन, धूप, घाम, काल ।

घर्षण॰ ना॰ पु॰ घिसना, रगड़ना ।

घलुआ॰ ना॰ पु॰ हूंक वा घाता जो तोल से अधिक लिया जाता है ।

घवरि॰ ना॰ स्त्री॰ गुच्छ, गुच्छा ।

घसन॰ ना॰ पु॰ घर्षण ।

घसना॰ स॰ क्रि॰ घिसना, रगड़ना ।

घसियारा॰ ना॰ पु॰ घास काटने हारा ।

घसियारिन॰ ना॰ स्त्री॰ घसियारे की बीबी ।

घसीटना॰ स॰ क्रि॰ खींचना, कढ़ेलना ।

घसीटा॰ स॰ क्रि॰ जो कढ़ेला गया ।

घसीला०गु० तृणस्थान, जहां घासहो।

घहराना०अ० क्रि०गरजना।

घाई०ना० स्त्री० घात, अंगुली का मध्यस्थान. लठ वा खड्ग का चीरा।

घाईं०ना० स्त्री० ओर, पद्म।

घाघ०ना० पु० प्राचीन, चतुर, गु० बाज़ीगर, इन्द्रजालिक।

घाघरा०ना०पु० लहंगा, पौधा विशेष, नद विशेष।

घाट०ना० पु० नदी वा तालाव में उतरने वा स्नानकरने का स्थान. कर्णाटक देशका पर्व्वत, डौल, घटी, गु० न्यून।

घाटा०ना० पु० चढ़ाव, घटी।

घाटिया०ना० पु० घाटपर का ब्राह्मण, जो स्नानकरनेवालेके कपड़े बचाते हैं।

घाटी०ना० स्त्री० पर्व्वतों में सङ्केत मार्ग।

घात०ना० स्त्री० दवा, मार, दाव, हत्या, ओट।

घातक०गु० हत्यारा, शत्रु, मारनेवाला।

घाता०ना० पु० रूंक, मोल वा तौलसे अधिकलेना।

घातिनी०ना० स्त्री० हत्यारिन्, मारनेवाली।

घाती०गु० दावलेनेवाला, मारनेवाला।

घातुक०गु० अपकारी, निठुर, हत्यारा।

घान०ना०पु० उखली वा चक्की आदि में जितना एक वार डालते हैं विवाह में कर्म विशेष।

घानी०ना० स्त्री० तिलआदि, कोल्हू, चक्की।

घाबड़ा० } गु० व्याकुल, हैरान।
घाबरा० }

घाम० ना० पु० धूप।

घामड़० गु० भोला, उल्लू, अह-मक़।

घायल० गु० हथियार लगने से जिसके घाव भया।

घाल० ना० स्त्री० बुराई, बिगाड़।

घालक० गु० वधिक, हन्तक, मारनेवाला।

घालन० ना० पु० हनन, वधन, मारन।

घालना० स० क्रि० बिगाड़ना, उजाड़ना, घुसेड़ना, मारना, पटकना।

घालित० गु० माराहुआ, उजा-ड़ाहुआ।

घाव० ना० पु० चीरा, ज़ख़्म।

घास० ना० स्त्री० तृण, खर।

घासी०
घासू० } गु० घासवाला।

घिघिआना० अ० क्रि० आ-धीनी करना, लड़खड़ाना, जिगजिगी करना।

घिचपिच० गु० घना, आस पास।

घिन० ना० स्त्री० घृणा, असह्य, तअफ़्फ़ुन।

घिनाना० अ० क्रि० कुढ़ना, असह्य देखके ऊबना।

घिनौना० गु० जिसको देख कर घिन आवे।

घिया० ना० स्त्री० तुरई, तर-कारी विशेष।

घिरना० अ० क्रि० घेरे में पड़-ना, उमगडना।

घिरनी०
घिरणी० } ना० स्त्री० गरारी, गिर्री, कपोत वशेष, चरखी।

घिराना० स० क्रि० घेरा कर-वाना।

घिसना० अ० क्रि० रगड़ना, खियाना, स० क्रि० मलना।

घिसाना० स० क्रि० रगड़ाना, मलाना।

घिसाव० ना० पु०, घिसावट० स्त्री० } रगड़, रगड़ावट।

घिसियाना० स० क्रि० घसीटना।

घीकुवार० ना० स्त्री० औषधि-पौधा विशेष।

घुंघुची० ना० स्त्री० बेलि विशेष का फल वा बीज।

घुंघुरू० ना० पु० चौरासी, पौटा।

घुटुआ० ना० पु० जानु, गांठि पावकी।

घुराडी० ना० स्त्री० वस्त्र आदि की गोल वस्तु यथा अंगरखे में होती है।

घुटना० ना० पु० ठेवना, जानु, अ० क्रि० घिसना, सांस रुक जाना।

घुटाना० स० क्रि० मुंड़ाना, चिकना कराना।

घुड़० ना० पु० घोड़ा।

घुड़काना० स० क्रि० दबकाना, धमकाना, झिड़कना।

घुड़की० ना० स्त्री० धमकी, झिड़की।

घुड़चढ़ा० ना० पु० अश्ववार, सवार।

घुड़बहल० ना० स्त्री० चौपहिया गाड़ी जिसमें घोड़े मचते हैं।

घुन० ना० पु० कीट विशेष, ढोला।

घुना० गु० जिस में घुन लग गया।

घुनाक्षर० ना० पु० घुमक्षत अक्षर।

घुनिया॰ गु० घना, कपटी।

घुमरी॰ ना॰ स्त्री॰ तिमिरी।

घुमाना॰ स॰ क्रि॰ फिराना, फेरना, बहकाना।

घुरकना॰ स॰क्रि॰ घुड़कना।

घुरूका॰ ना॰ पु॰ भीमसेन का पुत्र जो हिडम्बी से उत्पन्न था जिसको घटोत्कचभी कहते हैं।

घुलना॰ अ॰ क्रि॰ गलना, पिघलना, नम्रहोजाना, दुर्बल होना।

घुलाना॰ स॰ क्रि॰ पिघलाना, गलाना।

घुलावट॰ ना॰ स्त्री॰ पिघलावट।

घुसना॰ अ॰ क्रि॰ पैठना।

घुसपैठ॰ ना॰ स्त्री॰ पहुंच।

घुसाना॰ स॰ क्रि॰ पिलाना, पैठाना।

घुसेड़ना॰ स॰ क्रि॰ ठांसना, खोंसना।

घूंगनी॰ ना॰ स्त्री॰ उसना, चना, गेहूं।

घूंगर॰ ना॰ पु॰ लहराये हुये बाल।

घूंगी॰ ना॰स्त्री॰ घोंघी, छोटा घोंघा।

घूंघट॰ ना॰ पु॰ ओढ़ना, नक़ाब।

घूंघर॰ ना॰ पु॰ घूंगर।

घूंघरू॰ ना॰ पु॰ नूपुर।

घूंटना॰ स॰ क्रि॰ निगलना, लीलना।

घूंस॰ ना॰ स्त्री॰ बड़ा चूहा।

घूंसा॰ ना॰ पु॰ घूसा, थप्पड़, मूका।

घूघू॰ ना॰ पु॰ पक्षी विशेष, पण्डुक।

घुट॰ ना॰ पु॰ पानी की लिलावट।

घुटना॰ स॰ क्रि॰ घूंटना।

घून॰ ना॰ पु॰ द्वेष, कपट, द्रोह, लाग।

घुना॰ गु॰ कपटी, द्रोही।

घुमना॰ अ॰ क्रि॰ फिरना, चक्कर देना, लौटना।

घुर॰ ना॰ पु॰ खार, कूड़ा, ताक।

घुरची॰ ना॰ स्त्री॰ उलझेड़ा।

घुरना॰ स॰ क्रि॰ ताकना, क्रोध से देखना।

घुस॰ ना॰ स्त्री॰ घूंस, अंकोर, रिशवत।

घुसत॰ ना॰ पु॰ उल्लू का बच्चा।

घुसा॰ ना॰ पु॰ थप्पड़, मुक्का, मुक्की।

घृणा॰ ना॰ स्त्री॰ घिन, ग्लानि।

घृणि॰ ना॰ स्त्री॰ किरण।

घृत॰ ना॰ पु॰ घी।

घृताची॰ ना॰ स्त्री॰ मुख्य अप्सरा।

घृताक्त॰ गु॰ चिकना।

घृष्टि॰ ना॰ पु॰ शूकर, वाराह।

घेंटा॰ ना॰ पु॰ } शूकर का
घेंटी॰ स्त्री॰ } बच्चा।

घेगा॰ } ना॰ पु॰ गले में रोग
घेघा॰ } विशेष।

घेतला॰ ना॰ पु॰ जूती विशेष।

घेर॰ गु॰ रूंधा, घूम घुमाव, गोलाकार ना॰ पु॰ फेर।

घेरना॰ स॰ क्रि॰ रूंधना, गांसना।

घेरा॰ गु॰ जो रोका गया, ना॰ पु॰ कुण्डल, मण्डल, ढाबा।

घेवर॰ ना॰ पु॰ मिठाई, विशेष

घोगा० ना० पु० शङ्ख या घोंघा जन्तु वि० जन्तु का घर विशेष।

घोंसला० ना० पु० पक्षी का घर, खोंता।

घोकना० / **घोखना०** } स० क्रि० रटना, याद करना।

घोघी० ना० स्त्री० वस्त्र विशेष जो कम्बल आदि से बनाते हैं।

टेवा० ना० पु० जन्मपत्री का देखना वा निकालना, चाट।

टेहरा० ना० पु० छोटागांव, पुरवा।

टेहला० ना० पु० विवाह की रीति।

टोआई० ना० स्त्री० कुआई।

टोंटा० ना० पु० पटाका, सुर्रा, पोड़. बारूत को पुड़िया, बांसका पोढ़।

टोंटी० ना० स्त्री० पर्नाला, मोरी।

टोक० } ना० स्त्री० अट-
टोकटाक० } काव, रुकाव, छेड़छाड़।

टोकना० स० क्रि० पकना, रोकना, डाहलगाना, बुरीदृष्टिसे देखना।

टोकरा० ना० पु० डोरा, डलिया झोआ।

टोकरी० ना० स्त्री० डोरी, डलिया।

टोकाटोकी० ना० स्त्री० क-काक, पूछपांछ, छेड़ छाड़।

टोटका० ना० पु० मोहनी, लटका, वशीकरण।

टोटरू० ना० पु० घुघू विशेष।

टोटा० ना० पु० घटी, हानि, न्यूनता।

टोड़ी० ना० स्त्री० रागिणी विशेष।

टोना० ना पु० जादू, वशीकरण, स० क्रि० टटोलना।

टोनहा० न० पु० नटका, ओझा, बन्हा, जादूगर।

टोनहाई०, टोनही०, टोनहैया० — ना० स्त्री० कटिनी जादूगरनी।

टोप०, टोपा० — ना० पु० कानसमेत सिर ढकने का वस्त्रविशेष।

टोपी० ना० स्त्री० सिरढकने का वस्त्र विशेष, कुलाह।

टोरा० ना० पु० भीतिमेंपानीके बचाव के लिये आड़ लगाकर छाना अर्थात् छज्जा निकालने की वस्तु, तोड़ा।

टोल० ना० स्त्री० सभा, सङ्गति

टोला० ना० पु० वाड़, बस्ती, मुहल्ला।

टोली० ना० स्त्री० टोल, समूह

टोहना० स० क्रि० ढूंढना, टटोलना।

टोना० ना० पु० टोनहा।

[ठ]

ठई० अ० क्रि० ठहराई, मुक़र्रर की।

ठकठक० ना० पु० बहुतपरिश्रम का कार्य्य, गढ़त शब्द विशेष।

ठकठकाना० स० क्रि० ठोंकना, खटखटाना।

ठकठकिया० ना० पु० बखेड़िया, झगड़ालू।

ठकठेला० ना० पु० धक्कापक्की, झगड़ा, बखेड़ा।

ठकठौआ० ना० स्त्री० पनसोई।

ठकुरसोहाती० गु० मुख देखी बात कहना, श्रोता के मन भावित वार्त्ता करना।

ठकुराई० ना० स्त्री० ईश्वरता, प्रधानता, राज्य।

ठकुरायन० ना० स्त्री० ठाकुर की स्त्री० रानी।

ठग० ना० पु० गठिकटा, चोर, प्रतारक, धोखा देने हारा।

ठगई० ना० स्त्री० प्रतारणा, चोरी, ठगाई।

ठगना० स० क्रि० छलना, चोराना, धोखा देना।

ठगनी० ना० स्त्री० ठगकी स्त्री चोट्टी।

ठगाई० ना० स्त्री० प्रतारणा, चोरी, छल।

ठगाना० स० क्रि० छलाना, चोरी करवाना।

ठगिन० ना० स्त्री० ठगनी।

ठगिया० ना० पु० ठग, प्रतारक, चोर, छली।

ठगौरी० ना० स्त्री० ठगई।

ठचरा० ना० पु० बखेड़ा, झगड़ा।

ठठ० ना० पु० भीड़, मण्डली।

ठठक० ना० स्त्री० रुकाव, अटकाव, डर, ठिगाव।

ठठकना० अ० क्रि० रुकना अटकना, आश्चर्य में हो जाना, ठिगना।

ठठना० स० क्रि० बनाना, सजना, दुरुस्त करना, अ० क्रि० पिटना मारे जाना।

ठठरा० ना० पु० आड, घेरा ।

ठठरी० ना० स्त्री० ठाठ, रथी, दुर्बल शरीर ।

ठठाना० स० क्रि० पीटना, मारना, कूटना, दुःख में अपना शिर पीटना, सताना ।

ठठेरा० ना० पु० कसेरा, जातिविशेष ।

ठठेरिन० } ना० स्त्री० ठठेरे
ठठेरी० } की स्त्री ।

ठठार० } गु० हंसोड़, ठट्ठा,
ठठोल० } बाज़ ।

ठठोली० ना० स्त्री० परिहास, हांसी ।

ठट्ठ० ना० पु० ठठ ।

ठट्ठा० ना० पु० परिहास, खिल्ली ।

ठड्डा० ना० पु० गुड्डीके बीचका काष्ठ, मुड्डा ।

ठण्ड० ना० स्त्री० शीत, जाड़ा, हिम ।

ठण्डक० ना० स्त्री० शीतलता, सरदी ।

ठण्डा० गु० शीतल, सर्द ।

ठण्डाई० ना० स्त्री० शीतलता, ठंडी औषधि, जुड़ाई, बनाई हुई भङ्ग ।

ठण्डी० ना० स्त्री० शीतल ।

ठण्ढा० गु० ठण्ड ।

ठनकाना० अ० क्रि० टीसना, टपकना, झनकना ।

ठनठनाना० अ० क्रि० झन-झनाना, झनकना ।

ठनाका० ना० पु० झनक[illegible] झनकार ।

ठन्ना० अ० क्रि० ठहरना, जचना ।

ठपना० अ० क्रि० छपना, छ[illegible] पजाना, भगजाना ।

ठप्पा० ना० पु० छापने [illegible] यन्त्र, सांचा, [illegible] ठप्पा ।

ठमकना। अ० क्रि० मटक-कर चलना।

ठार० ना० स्त्री० बहुतजाड़ा, बड़ीसर्दी।

ठेंया। ना० पु० माटी का कूंडा विशेष।

ठरना। ना० पु० मादक वस्तु विशेष, अ० क्रि० ठठुर जाना।

ठवन० ना० स्त्री० चाल, उठने की रीति।

ठसक० ना० स्त्री० महत, पति-देखाव, सजाव।

ठसकना। अ० क्रि० ठुसकना, स० क्रि० पटकना।

ठसका। ना० पु० पटकी, अहं-कार।

ठसनी। ना० स्त्री० ठांसनेकी वस्तु।

ठसाठस० गु० कचाकच, म-चामच, गचागच।

ठस्सा। ना० पु० अहङ्कार, सांचा, ढांचा।

ठहरठहर० गु० कलहना।

ठहरना। अ० क्रि० रुकना, रहना, ठीक होना नि-पटना।

ठहराव। ना० पु० रुकाव, निपटाव।

ठहराना। स० क्रि० रखना, रोकना, निपटाना।

ठहाका। ना० पु० धमाका, भदाका, भड़ाका।

ठां० } ना० पु० स्थान,
ठांव० } जगह।

ठांसना। स० क्रि० ठूंसना घुसेड़ना।

ठाई० ना० स्त्री० ठांव, ठौर।

ठाउ० ना० पु० ठांव, ठौर।

ठाकुर० ना० पु० ईश्वर, देवता, सालि ग्राम, मर्त्ति देश, पति, राजा, नाई।

ठाकुरद्वारा॰ ना॰ पु॰ देवालय, दौहरा।

ठाट॰ }
ठाठ॰ } ना॰ पु॰ ठठरी, सैंताव चुकोता, भड़क, भीड़ भाड़, समूह, रचना।

ठाड़ा॰ गु॰ खड़ा, सीधा जो बेंड़ा नहीं।

ठाढ़॰ गु॰ ऊंचा, औघट खड़ा।

ठाढ़ा॰ }
ठाढ़ि॰ } गु॰ खड़ा, खड़ी।

ठानना॰ स॰ क्रि॰ मनलगाना, ठहराना, निश्चय करना।

ठाला॰ गु॰ खाली, कार्य्यरहित समय।

ठाहर॰ ना॰ पु॰ ठिकाना, जगह।

ठिकरा॰ ना॰ पु॰ फूटे बर्तन का टुकड़ा, ठीकरी।

ठिकाना॰ ना॰ पु॰ स्थान, वास, ठौर, सिवाना।

ठिकानो॰ गु॰ ठिकाने वाला, ठिहारा।

ठिङ्गना॰ गु॰ नाटा, छोटा, बावन, बांठा।

ठिटक॰ ना॰ स्त्री॰ आश्चर्य में होना, भय वश होना।

ठिठकना॰ अ॰ क्रि॰ भयवश होकर वा आश्चर्य्यित होकर खड़ा होना।

ठिठरना॰ अ॰ क्रि॰ जमना, ठण्ढ होना, अकड़ जाना।

ठिठरा॰ गु॰ अकड़ा, शून्य, जड़ाया हुआ।

ठिठराहट॰ }
ठिठुर॰ } ना॰ स्त्री॰ ठण्ढ से अकड़ाहट।

ठिठुरना॰ अ॰ क्रि॰ ठिठरना।

ठिठुरा॰ गु॰ ठिठरा।

ठिलिया॰ ना॰ स्त्री॰ घड़ा, गगरी।

ठीक० गु० शुद्ध, खरा, योग्य सत्य, उचित, अदाता, कीचड़, ना०पु० जोड़।

ठीकठाक० गु० शुद्ध, यथा दुरुस्त।

ठीकमठाक० अव्य० शुद्धता से।

ठीकरा० ना० पु० ठिकरा।

ठीकरी० ना० स्त्री० छोटा ठिकरा, गिटकी, योनि में स्थान विशेष।

ठीका० ना०पु० भाड़ा, चुकौता, इजारह।

ठुकराना० स० क्रि० ठोकर मारना।

ठुड्डी० ना० स्त्री० ठोढ़ी, चोल-री वा मखाना जो भन-ने में खिला नहीं अ-र्थात् लावा नहीं भया।

ठुका० ना० स्त्री० सिसक।

ठुकना० अ० क्रि० सिसकना।

ठुमक० ना० स्त्री० सुन्दर चाल से चलन, मटक।

ठुमकना० अ० क्रि० सुडौल से चलना, अकड़ से चलना।

ठुमका० गु० छोटा, नाटा, बांठा।

ठुमकी० गु० आलसी० ठिङ्गनी ना० स्त्री० पतङ्ग को उड़ा के हिलाना।

ठुमकना० अ० क्रि० हवा छोड़-ना, पादना धीमे धीमे रोना।

ठुमकी० ना० स्त्री० शब्द स-हित वायु को छोड़ना।

ठुसाना० स० क्रि० ठसाना ठांसना।

ठूंठ० ना० पु० पत्र रहित तोड़ी हुई डाली, वा डाल पात रहित वृक्ष, टुण्ड।

ठूंठा० } गु० टुण्डा, वृक्ष
ठूंठिया० } जिसकी डालियां काटी गई, सूखा वृक्ष।

ठूंठी० ना० स्त्री० खूंटी, अना-ज की।

ठेवना। ना० पु० ठेवका।

ठेंगा। ना० पु० लाठी, अङ्गुष्ठ, लिङ्ग।

ठेंगाबाजना। स० क्रि० बिगाड़ना।

ठेंठ। गु० निपट, चोखा, केवल, निरा।

ठेंठी। ना० स्त्री० कान का मैल, डट्टा, धोती।

ठेक। ना० स्त्री० टेकनी, भाड़ बड़ाबोरा जो अन्न से भरा है।

ठेका। ना० पु० ठट्टा, ठीका, इजारह।

ठेकी। ना० स्त्री० सिरसे बोझ उतारके सुस्ताने का स्थान, जहां अन्न वा लकड़ी का गंज है।

ठेयो। ना० स्त्री० ठट्टा।

ठेलना। स० क्रि० ढकेलना, रेलना, झोंकना, हटाना।

ठेला। ना० पु० धक्का।

ठेलाठेली। ना० स्त्री० धक्का धक्की।

ठेवना। ना० पु० घटना, जानु।

ठेस। ना० स्त्री० ठोकर, चपेट, झोंक।

ठेसना। स० क्रि० छेड़ना, ठोकर लगाना, ठांसना।

ठेसरा। ना० पु० नाकचढ़ी।

ठोंकना। स० क्रि० मारना गाड़ना, अंगुली से बजाना।

ठोंग। ना० स्त्री० चोंच वा अङ्गुली से मारना।

ठोंगना। } स० क्रि० चोंचियाना, चिकोरना
ठोंगाना। }

ठोंक। ना० स्त्री० चोंच, ठोर।

ठोंक। ना० स्त्री० मार, कूट, ठोंकने का शब्द।

ठोकर। ना० स्त्री० ठेस, ठेसलगने की वस्तु, पांवकी हूल

ठोढ़ी। ना० स्त्री० ठुड्डी।

ठोर॰ना॰ स्त्री॰ चोंच।

ठोला॰ना॰ पु॰ शुकादि के निमित्त पात्र जिसमें दानापानी रखते हैं, अंगुलियों की गांठ।

ठोस॰गु॰ टांठा, जो खोखला नहीं है।

ठोसना॰स॰ क्रि॰ ठांसना।

ठोसाई॰ना॰ स्त्री॰ टांठाई, दृढ़ता।

ठौर॰ना॰ स्त्री॰ स्थान, जगह।

[ड]

डकराना॰अ॰क्रि॰ कूकमारके रोना।

डकार॰ना॰ स्त्री॰ उद्गार, आरोग्य।

डकारना॰अ॰क्रि॰ ढिकारना, हुंकारना, और पचाजाना।

डकैत॰ना॰ पु॰ डाकू, चोर, बटमार।

डकैती॰ना॰ स्त्री॰ चोरी, बटमारी, डाका।

डकौत॰ } ना॰ पु॰ वर्णशंकरकी जाति विशेष, जिसका बाप ब्राह्मण और महतारी ग्वालिन थी।
डकौतिया॰ }

डग॰ना॰ पु॰ चलावा, फाल, पद, डेग।

डगडगाना॰अ॰क्रि॰ हिलना, चमचमाहटसे चलना।

डगना॰अ॰ क्रि॰ हिलना, डिगना।

डगमग॰गु॰ चञ्चल, चलायमान।

डगमगाना॰अ॰ क्रि॰ खड़खड़ाना, हिलना।

डगर॰ना॰ स्त्री॰ मार्ग, सड़क, पैंडा।

डगरना॰अ॰ क्रि॰ हिलना, फिरना।

डगरा॰ना॰ पु॰ बांसकाबनाया हुआ पात्र विशेष।

डग्गा ० ना० पु० दुर्ब्बल घोड़ा विशेष ।

डङ्क ० ना० पु० चमक, बिच्छू आदिका विषयुत कांटा ।

डङ्का ० ना० पु० ढका, धौंसा, नक़ारह ।

डङ्किनी ० ना० स्त्री० डाकिनी ।

डङ्कियाना ० स० क्रि० डङ्क मारना, चमकना ।

डङ्कीला ० गु० जिसजन्तु के डङ्क हो ।

डटना ० अ० क्रि० अड़ना, भिड़ना, तकना, बनना ।

डटैया ० ना० पु० डटनेवाला ।

डढना ० अ० क्रि० जलजाना, भुनजाना ।

डढमुण्डा ० गु० दाढ़ीरहित ।

डढियल ० गु० दाढीवाला ।

डढुआ ० } गु० जलाहुआ, जलगया ।
डढ़ोई ० }

डण्ड ० ना० पु० बाहु, भुजा, व्यायामकरना, साधन विशेष, दण्ड ।

डण्डवत् ० ना० स्त्री० दण्डवत्, प्रणाम विशेष, पायलागी ।

डण्डा ० ना० पु० सोंटा, सीढ़ी का पाया, दस्ता, ।

डण्डिया ० ना० पु० स्त्रियों के पहिरने का वस्त्र विशेष और बाज़ार का कर उगाहनेहारा ।

डण्डी ० ना० स्त्री० बेंटी, बेंट, तराज़ के पलड़ों में लगानेका काष्ठ संन्यासी, हरसिंघाड़आदिकीनली, दाण्डी ।

डण्डीर ० ना० स्त्री० धारी, लकीर, लीख ।

डपटना ० अ० क्रि० पुकारना, डांटना, सरपटदौड़ना ।

डफ ० ना० पु० बाजाविशेष ।

डफारना। ० अ० क्रि० कूकमारना, बिलखना ।

डफाली ० ना० पु० डफबजाने हारा ।

डब ० ना० पु० बल, पराक्रम, जेब, चमड़ा जिससे कुप्पा बनाते हैं ।

डबका। ० ना० पु० टटका, कूपका जल, गु० मोटा ।

डबडबाना। ० अ० क्रि० भरना, जैसे आंख आंसू से भर आती है ।

डबरा ० ना० पु० गीली भूमि, खिवार, छपरी ।

डबरिया ० गु० खब्बा, बांयाहाथ, वामहस्ता ।

डबोना ० स० क्रि० डुबाना ।

डब्बा ० ना० पु० बड़ी डिबिया ।

डब्बू ० ना० पु० लोहेकाकर्छा ।

डमरुआ ० ना० पु० घुटनाकी गांठि ।

डमरु ० ना० पु० बाजाविशेष ।

डमरुमध्य ० ना० पु० डमरु का मध्यभाग, खाकनाय, जोअपने भेदा बड़ेस्थल के भागोंकोमिलावे ।

डर ० ना० पु० भय, भीत, शङ्का

डरना ०
डरपना ० } अ० क्रि० भय-खाना ।

डरपोक ० गु० डरनेवाला, भयमान् ।

डरवैया ० गु० भयमान्, हेठा, डरपोक ।

डराऊ ० गु० भयङ्कर ।

डराक ० गु० भयमान् ।

डराना ०
डरावना ० } स० क्रि० भयदेना, भयखिलाना ।

डरी ० ना० स्त्री० मांसकीबोटी, छोटाटुकड़ा, ढेला ।

डरीला ० गु० मांस बोटियों वाला ।

डरौना० गु० डराऊ ।

डलवा० ना० पु० टोकरा ।

डलवाना० स० क्रि० झोंकवाना, गिरवाना, घुसड़ाना ।

डला० ना० पु० बड़ा टुकड़ा वा ढेला, टोकरा ।

डलिया० ना० स्त्री० छोटी टोकरी ।

डली० ना० स्त्री० छोटा टुकड़ा वा ढेला, सुपारी ।

डस० ना० स्त्री० तराजू की रस्सी, दशा ।

डसना० स० क्रि० काटना, चमकना, डङ्कियाना ।

डसौना० ना० पु० बिछौना ।

डहक० ना० पु० गुफा, खोह, चोरगड़हा, लालच, बिगाड़, डौंक ।

डहकना० अ० क्रि० डोंकना, लालच करना, बिगड़ना ।

डहकाना० स० क्रि० निराश करना, ललचाना, बिगाड़ना ।

डहडहा० गु० प्रफुल्लित, खिला हुआ, चैतन्य ।

डहडहाना० अ० क्रि० खिलना, फूलना ।

डांक० ना० पु० जगजगा, बिच्छू आदि का डंक ।

डांग० ना० स्त्री० लाठी, पहाड़ की चोटी ।

डांगर० गु० दुर्बल, ना० पु० दुर्बलपशु, मूलीका फूला हुआ पत्ता ।

डांटना० स० क्रि० ताड़नकरना, घुड़कना ।

डांठल० ना० पु० } डण्डी, बोंट ।
डांठी० ना० स्त्री० }

डांड० ना० पु० बदला, दण्ड, ताड़ना, नावखेवने का अस्त्र, चप्पू, रीढ़, डण्डीर ।

डांडना० स० क्रि० बदलालेना, दगडलेना ।

डांडा० ना० पु० मेंड,सिवाना, धूरा ।

डांडो० ना० स्त्री० खेवनेहारा, खेवैया ।

डांमाडोल० ना० पु० इधरसे उधर रवड़ना ।

डांवरू० ना० पु० शेरकाबच्चा ।

डांस० ना० पु० डङ्क, मच्छड़ ।

डाक० ना० स्त्री० टप्पा, अन्तररहित वमन, डाकिनी का पति,डाका,डाक ।

डाकना० स० क्रि० वमनकरना, उछालकरना ।

डाका० ना० पु० चोरों का धावा ।

डाकिन्०, डाकिनी० } ना० स्त्री० डायन्, चुड़ैल, योगिनी भेद ।

डाकिया० ना० पु० डाकू, डाकलेजाने वाला ।

डाकौ० गु० खाऊ, पेटू ।

डाकू० ना० पु० डकैत, चोर, बटमार ।

डाट० ना० स्त्री० घुड़क,धमक, ढढ्ढी ।

डाटना० स० क्रि० डांटना, क्रोधसे देखना ।

डाढ़० ना० स्त्री० पिछलेदांत

डाढ़ी० ना० स्त्री० ठुड्डी पर के बाल ।

डाब० ना० पु० परतला,कच्चा नारियल, टण विशेष ।

डाबर० ना० पु० हाथ धोने का पात्र, गोल तालाब, झाबर ।

डाभ० ना० पु० कुशा, डाब, दर्भ ।

डाभर० ना० पु० धूना, राल

डायन्० ना० स्त्री० डाकिनी ।

डार० ना० स्त्री० डाली, डाल ।

डारना० स० क्रि० डालना ।

डारिम०ना० पु० दाड़िम, अनार फल।

डाल०ना० स्त्री०डाली, शाखा, टहनी।

डालना०स० क्रि० फेंकना, घुसेड़ना, झोंकना।

डाला०ना० पु० डोला, बड़ी-डाली।

डाली०ना०स्त्री०टहनी, शाखा फलादिका भेद, पुष्पादि रखने के लिये बांस का पात्र।

डासन०ना०पु० बिछौना।

डासना०स० क्रि० बिछाना।

डाह०ना० पु० द्रोह, द्वेष, पेटमें आगि पड़ना।

डाहना०अ० क्रि० बैरीहोना, द्वेषीबनना।

डाही०ना० स्त्री० द्रोही, द्वेषी, कलेजेपर आगिजलना, मन्दाग्नि।

डिगना०अ० क्रि० हिलना, लहकना, हटना, टलना, चलायमान होना।

डिगाना०स० क्रि० हिलाना, चलाना।

डिठना०स० क्रि० देखना, दुक्कीलगाना।

डिठियारा०गु० देखनेवाला, द्रष्टा।

डिण्डर०ना० पु० समुद्रफेन।

डिण्डुभ०ना० पु० सांप।

डिण्डिम०ना० स्त्री०डमरू।

डिबिया०ना० स्त्री०ढकनेसमेत काठ का गोल पात्र विशेष।

डिब्बा०ना० पु० बड़ीडिबिया।

डिब्बी०ना० स्त्री० डिबिया।

डिम्भ०ना० पु० दम्भ, पाखण्ड, अहङ्कार।

डिम्भी०गु० पाखण्डी, दम्भी।

डींग०ना० पु० बड़ाई, अपनी बड़ाई।

डींगमारना॰ अ॰ क्रि॰ निज बड़ाई करना।

डीठ॰ } नाo स्त्रीoदृष्टि,नज़र।
डीठि॰ }

डील॰ नाo पुo तन, क़द।

डीला॰ नाo पुo ढेला, मिट्टी का टुकड़ा।

डीह॰ नाo पुo खेड़ा, उजाड़ गांव।

डीहा॰ नाo पुo टीला।

डुक्का॰ नाo पुo मुक्का, घूंसा।

डुकरवा॰ नाo पुo बूढ़वा, बुड्ढा।

डुकरिया॰ नाoस्त्रीoबुढ़िया।

डुगडुगाना॰ अo क्रिo डङ्का बजाना, तिमतिमाना।

डुबकी॰ नाoस्त्रीoबुड़की,गोता।

डुबाना॰ सo क्रि॰ बोरना, डुबोना।

डुबाव॰ नाo पुo जलस्थानजो बूड़ने के योग्य है।

डुबोना॰ सo क्रिo बोरना, डुबाना।

डुरियाना॰ सoक्रिo फिराना, रस्सीमें बांध के ले चलना।

डुलना॰ अo क्रिo हिलना, चलना।

डुलाना॰ सo क्रिo हिलाना, चलाना।

डूंगर॰ नाo पुo पहाड़इत्यादि, ब्रजविलासेयथा, दिया ही में सब खोदि बहावे, डूंगर को घरनाम मिटावे।

डूब॰ नाo पुo डुबकी।

डूबना॰ अoक्रिo डुबकीमारना, बड़ना, उजड़ना, चिन्ता में होना।

डूबा॰ गुo बूड़ाभया।

डेग॰ नाo पुo डग, फलांग।

डेढ़॰ गुoएक और आधा $1\frac{1}{2}$

डेढ़गति॰ना० स्त्री० नाच विशेष।

डेरा०ना० पु० डेरा, घर, तम्बू, गु० भेंगा।

डेल॰ } ना० पु० ढेला।
डेला॰ }

डेवढ़ा०गु॰ एक और आधा, डेढ़गुणा।

डेवढ़ाना०स॰ क्रि० डेवढ़ा, करना वा लेना।

डेवढ़ी॰ना० स्त्री० देहली।

डेऊड़॰ना० स्त्री० बन्दूकों की बाढ़िदगना।

डेऊड़ी॰ना० स्त्री० डेवढ़ी।

डैन॰ना० पु० पंख, पक्ष।

डैना०ना० पु० डाल।

डोई॰ना० स्त्री० काठकी कर्छी।

डोंगा॰ना० पु० } छोटीएककाठकीनाव।
डोंगी॰ स्त्री० }

डाडी॰ना० स्त्री० ढिंढोरा।

डोरा॰ना० पु० दो मुख का सांप।

डोकर॰ } गु० बुड्ढा, बूढ़ा।
डोकरा॰ }

डोकरी०ना०स्त्री० बुड्ढी।

डोब॰ना० पु० डूब।

डोबा०ना० पु० ताल, पोखरा, मूर्छा।

डोम॰ } ना० पु० जाति विशेष।
डोमड़० }

डोमिनी॰ना॰ स्त्री० डोम की स्त्री।

डोर॰ना० स्त्री० रस्सी।

डोरा॰ना० पु० सीवनेकासूत, रस्सा, धागा, धार, लगाव।

डोरिया॰ना० पु० सूती, मा-लदई, कपड़ाविशेष।

डोरी॰ना० स्त्री० रस्सी।

डोल०ना० पु० पानीभरने के लिये लोहे वा चमड़े का पात्रविशेष, जन्माष्ट-मी में कृष्णजन्म के लिये मण्डप विशेष।

डोलची०ना० स्त्री० छोटा डोल।

डोलना०अ० क्रि० हिलना, टलना, फिरना, झूलना।

डोला०ना० पु० पालकी विशेष।

डोली०ना० स्त्री० पालकी विशेष जो स्त्रियों के लिये है।

डौंगा०ना० पु० गर्गज, मचान।

डौंडी०ना० स्त्री० डोंडी, मनादी।

डौढी०ना० स्त्री० डेवढी, ड्यौढ़ी, गु० ड्यौढ़ा।

डौल०ना० पु० प्रकार, ढब, ब्योंत, स्वरूप, आकार।

ड्यौढ़ा०गु० डेवढ़ा।

ड्यौढ़ी०ना० स्त्री० डेवढ़ी, गु० डेढ़गुणा।

[ढ]

ढक०ना० पु० तौलविशेष।

ढकना०स० क्रि० ढपना, छुपना, ना० पु० ढापने की वस्तु विशेष।

ढकनी०ना० स्त्री० चपनी।

ढकार०ना० स्त्री० ढकार, डकार।

ढकेल०ना० पु० रेल, धक्का।

ढकेलना०स० क्रि० ठेलना, रेलना, झांकना।

ढकेलू०ना० पु० ढकेलने हारा

ढक्का०ना० पु० बाजाविशेष।

ढङ्ग०ना० पु० चाल, लक्षण, निशान।

ढट्ठा०ना० पु० ठेपी।

ढड़कौवा०ना० पु० जङ्गली कौआ, ढालू।

ढड़वा०ना० पु० पक्षी विशेष।

ढण्ढोरना०स० क्रि० ढूंढना।

ढण्ढोरा० ना० पु० राजा की ओरसेकोई आज्ञासुनाने को बाजा बजा के कहाना।

ढण्ढोरिया० ना० पु० ढण्ढोरा बजानेहारा।

ढनमनना० अ० क्रि० गिरपड़ना।

ढनमनी० गु० स्त्री, गिरपड़ी हुई।

ढपढपाना० स० क्रि० ढोलको पीटना।

ढपना० अ० क्रि० छिपना।

ढब० ना० पु० डौल, रूप, चाल, रीति, बनावट, हथौटी।

ढबरा० गु० गदला, मैला।

ढबीला० गु० सजीला, सुडौल।

ढबुआ० ना० पु० पैसा।

ढमलाना० अ० क्रि० डगराना।

ढलकना० अ० क्रि० डगरना, फिरना, बहना।

ढलका० गु० चौंधना, भक्का, छलका।

ढलकाना० स० क्रि० औंधाना, बहाना।

ढलना० अ० क्रि० गिरना, पिछलना, बीटना, छलकना, डगरना, झुकना, भर जाना।

ढलमलाना० अ० क्रि० डगमगाना।

ढलाना० स० क्रि० सांचे में डालना, बहाना।

ढलैत० ना० पु० ढाल तलवार बांधनेहारा।

ढहाना० स० क्रि० गिरवाना। उजड़वाना।

ढहना० } अ० क्रि० गिरपड़ना, उजड़ना।
ढहपड़ना० }

ढाई० गु० अढाई २ $\frac{1}{2}$।

ढांकना० स० क्रि० ढांपना छुपाना।

ढांग०ना० स्त्री० कन्दला, शिखर।

ढांचा०ना० पु० ठाठ, घर, सांचा, खाटकाघेरा।

ढांपना०स० क्रि० ढांकना, छुपाना।

ढांसना०स० क्रि० दोषदेना।

ढांसा०ना० पु० लिस, दोष।

ढाक०ना० पु० पलाशकावृक्ष, शुह्रत, छुपाव, सांपका विष उतारने में एक प्रकार का बाजा।

ढाका०ना० पु० बङ्गाले का नगर विशेष।

ढाटा०ना० पु० डाढीबन्धन, ठट्ठा।

ढाटी०ना० स्त्री० कसन, यन्त्रणा, फांदा जो घोड़े के मुखपर बांधते हैं।

ढाढस०ना० स्त्री० धीरज, सूरमापन, दिलासा, शान्ति, भरोसा।

ढाढिन्०ना० स्त्री० ढाढ़ी की स्त्री।

ढाढी०ना० पु० जाति विशेष जो बजाते और गाते हैं।

ढाना०स० क्रि० गिराना, उजाड़ना।

ढाबर०गु० मैला, गन्दला।

ढाबा०ना० पु० जाल, ओरी, ओलती।

ढार०ना० स्त्री० भांति, कान का गहना, विशेष।

ढारना०स० क्रि० ढालना।

ढारी०गु० भरीहुई।

ढारू०गु० ढालू।

ढाल०ना० पु० उतार, ना० स्त्री० फरी।

ढालना०स० क्रि० सांचेमें उतारना, औंधाना, बिगाड़ना।

ढालवा०गु० उतारू, जोसांचे में उतारागया।

ढालू० गु० उतारू, बेंड़ा, बिगाड़ू, सांचेका उतारना।

ढाहना० स० क्रि० गिराना, उजाड़ना।

ढाहा० ना० पु० नदी का कराड़ा।

ढिग० ना० स्त्री० पास, समीप।

ढिठाई० ना० स्त्री० चञ्चलता, गुस्ताख़ी।

ढिड़िम० ना० पु० टटीहरी, पक्षी।

ढिबका० ना० पु० उभार, गुमड़ा।

ढिमढिमी० ना० स्त्री० खञ्जरी विशेष।

ढिल्लड़०
ढिल्लर० } गु० आलसी, सुस्त।

ढीठ०
ढीठा० } गु० चञ्चल, निडर, बेअदब, धौंताल, मगरा।

ढीठैंदे० गु० धौंताली वा चञ्चलता से।

ढील० ना० स्त्री० आसकत... बिलम्ब, देर, छूट।

ढीलाई० ना० स्त्री० शिथिलता... आलस्य।

ढीहा० ना० पु० टीला।

ढुकना० अ० क्रि० झुकना... सिरझुकाना।

ढुकी० ना० स्त्री० ताक।

ढुरना० अ० क्रि० फिरना... लुढ़कना।

ढुलना० अ० क्रि० ढुरना, ढ... ना, मरना।

ढुलाई० ना० स्त्री० उठवाने... पैसा वा काम।

ढुलवाना०
ढुलाना० } स० क्रि० उठव... ना, छलकाना...

ढूआ० ना० पु० तूदा, मे... मिट्टीका पिण्ड।

ढूंढढांढ़० ना० पु० खो... झाड़ीझूंडी।

ढूंढन० ना० पु० खोज।

ढूंढना॰स॰ क्रि॰ खोजना, तलाश करना।

ढूंढार॰ना॰ पु॰ देशविशेष।

ढूंढिया॰ना॰ पु॰ जैनलोगों में भिखारी, गु॰ ढूंढने वाला, ढुंढाव।

ढूक॰ना॰ स्त्री॰ हुकी, ताक, पैठ।

ढूकना॰अ॰ क्रि॰ बन्दकरना, मूचना, छपिके पास आना, पैठना।

ढूसर॰ना॰ पु॰ जाति विशेष।

ढेंकली॰ना॰ स्त्री॰ कूपसेजल निकालने का यन्त्र।

ढेंका॰ना॰ पु॰ } कूटने का
ढेंकी॰ना॰ स्त्री॰ } यन्त्र।

ढेंड़स॰ना॰ पु॰ तरकारी विशेष।

ढेंड़ी॰ना॰स्त्री॰ पोस्ताकाफूल।

ढेढा॰ना॰ पु॰ गर्भ, गर्भता, बड़ापेट, दोनों पैरों का बीच, गदरा।

ढेक॰ना॰ पु॰ पक्षी विशेष।

ढेकुली॰ना॰ स्त्री॰ रहटी, चरखी।

ढेढ॰ना॰ पु॰ चमारकी जाति, विशेष, कौआ।

ढेढी॰ना॰ स्त्री॰कानका गहना विशेष।

ढेर॰ना॰ पु॰ रास, टाल, बहुतात।

ढेरा॰ ना॰ पु॰ मंगा, जिससे बाधी ऐंठते हैं।

ढेरी॰ ना॰ स्त्री॰ छोटा ढेर।

ढेला॰ ना॰पु॰माटी कालोंदा।

ढेलाचौथ॰ ना॰स्त्री॰ भादों कीचौथ।

ढैया॰ ना॰स्त्री॰अढैया।

ढैयाटेकर॰गु॰जो उजड़गया।

ढोआ। नाo पुo पर्ववाल्यो हार में फल वा फूल जोछोटे लोग लाते हैं।

ढोक। नाo स्त्रीo तृष्णावत्, पियास।

ढोकना। सo क्रिo पीना, घूंटना।

ढोका। नाo पुo पत्थर आदि का टुकडा, ढेर।

ढोटा। नाo पुo लड़का।

ढोना। सo क्रिo लेजाना, उठाना

ढोर। नाo पुo गायगोरू।

ढोरा। नाo पुo ताज़िया जो मुसल्मान बनाते हैं।

ढोरी। नाo स्त्रीo ढौंरी, चोंप।

ढोल। नाo पुo बाजा विशेष।

ढोलक। नाo पुo छोटाढोल।

ढोलकिया। नाo पुo ढोल बजानेहारा।

ढोलकी। नाo स्त्रीo छोटा ढोल।

ढोलन। नाo पुo प्यारा, स... लिया।

ढोलना। नाo पुo ढोल के समान यन्त्र विशेष।

ढोला। नाo पुo छोकरा, रा... विशेष।

ढोलिया। } नाo पुo ढोल
ढोलैत। } बजानेहारा।

ढोली। ना स्त्रीo दोसौ पा... का परिमाण।

ढौंचा। गुo साढ़ेचार $4\frac{1}{2}$

ढौरी। नाo स्त्रीo डोरी, दृढ़... चोंप।

[त]

तई। अव्यo तलक, लग, ना... स्त्रीo दृष्टि, ताक।

तऊ। अव्यo तौभी, तथापि, तद...

तक। अव्य, तलक, लग, न... स्त्रीo दृष्टि, ताक, तरा... तखड़ी।

तकतक॰ ना॰ पु॰ पशु आदि चलाने का शब्द।

तकना॰ स॰ क्रि॰ ताकलगाना, अ॰ क्रि॰ दृष्टि देना।

तकला॰ ना॰ पु॰ तकुआ।

तकली॰ ना॰ स्त्री॰ अटेन, परेता।

तकवाहा॰ ना॰ पु॰ रक्षक, चौकीदार, पहरू।

तकाना॰ स॰ क्रि॰ टुकी लगाना, लखाना।

तकिया॰ ना॰ स्त्री॰ पु॰ सिरहने की वस्तुविशेष।

तकुआ॰ ना॰ पु॰ सूतकातने के लिये लोहे की शलाका जो चरखे में लगती है।

तक्र॰ ना॰ पु॰ मट्ठा, छाछ।

तखड़ी॰ } ना॰ स्त्री॰ तुला
तखरी॰ } तराज़ू।

तखान॰ ना॰ स्त्री॰ बढ़ई।

तगण॰ ना॰ पु॰ जिसके अन्त का अक्षर लघु होता है, गण विशेष।

तगना॰ स॰ क्रि॰ तागा डालना।

तगाई॰ ना॰ स्त्री॰ सिलाई, सिलाई का पैसा।

तगाना॰ स॰ क्रि॰ तागा डलाना, सिलाना।

तग्गा॰ ना॰ पु॰ सीने के लिये बनाया हुआ सूत।

तघड़ी॰ ना॰ स्त्री॰ करधनी।

तङ्गा॰ ना॰ पु॰ दो पैसा।

तचना॰ अ॰ क्रि॰ गर्म होना।

तचाना॰ स॰ क्रि॰ गर्म करना वा कराना।

तच्छरीर॰ ना॰ पु॰ उसका शरीर।

तज॰ ना॰ पु॰ औषधि, वृक्षविशेष।

तजन॰ ना॰ स्त्री॰, छोड़न, त्यागन।

तजना॰ स॰ क्रि॰ त्यागना, छोड़ना।

तजिय॰ अव्य॰ छोड़िय।

तज्जन॰ ना॰ पु॰ उसका मनुष्य।

तट० ना० पु० तीर, पास, किनारा।

तटस्थ० गु० तीरवासी।

तटिनी० ना० स्त्री० नदी।

तट्टीका० ना० पु० उसका टीका।

तड़० ना० पु० पक्ष।

तड़क० ना० स्त्री० तर्क, टेंड़, आड़।

तड़कना० अ० क्रि० फटना, फूटना।

तड़का० ना० पु० प्रातः काल, भोर।

तड़के० अव्य० सवेरे।

तड़तड़ाना० अ० क्रि० रिसना० झिर झिराना, फटने का शब्द।

तड़प० ना० स्त्री० चटक, झपट, उचक, उतावली।

तड़पना० अ० क्रि० तलफना, धड़कना, कुदकना, फटफटाना, हाथ पांव पटकना।

तड़पाना० स० क्रि० तलफाना, धड़काना।

तड़पीला० गु० फुर्तीला, चटपटिया।

तड़फ० ना० स्त्री० व्याकुलता, धड़क।

तड़फड़ाना० अ० क्रि० धड़कना, घबराना।

तड़फड़ाहट० ना० स्त्री० व्याकुलता, घबराहट।

तड़फना० अ० क्रि० व्याकुल होना, फटफटाना।

तड़फाना० स० क्रि० तड़पाना।

तड़ा० ना० पु० टापू, द्वीप।

तड़ाक० गु० भड़कीला, चमकीला।

तड़ाका० ना० पु० मारने का शब्द, चटाका।

तड़ाग० ना० पु० तालाव, पोखरा।

तड़ाड़ा० ना० पु० जलकीधारा, तरेड़ा।

तड़ाया० ना० पु० चटक, भड़क।

तड़ावा० ना० पु० ढङ्ग, बनाव।

तडित्० ना० स्त्री० बिजली।

तडित्वान्० ना० पु० मेघ।

तण्डुल० ना० पु० तन्दुल, चावल।

तत्० अव्य० वह, सो, तौन, समूह, ना० पु० ईश्वर।

तताना० स० क्रि० गर्मकरना।

ततेड़ा० ना० पु० पानी गर्म करने का पात्र विशेष।

तत्कन्द ना० पु० अदरक, वाराही कन्द।

तत्काल० अव्य० उसीसमय।

तत्तत्कार्य्य० ना० पु० उसी उसी काममें।

तत्ता० गु० गर्म, ज्वलित, क्रोधी।

तत्पर० गु० आसक्त, चतुर, निपुण, सचेत।

तत्फल० ना० पु० पीलूवृक्ष, गजपीपरि, जामुनवृक्ष, उसकाफल।

तत्व० ना० पु० सार, प्रकृति, यथार्थ, मूलसत, भाव, जोकिसीसेबनान हो।

तत्ववल्का० ना० स्त्री० मुरहरी।

तत्वज्ञ० गु० मनुष्यादि जो बोलसके बातकरे, तत्व वस्तु जाननेहारा यथा, ब्रह्मवेत्ता।

तत्वज्ञान० ना० पु० ब्रह्मज्ञान, अध्यात्मज्ञान।

तत्क्षण० अव्य० उसी समय, तुरन्त, उसीक्षण।

तत्र० अव्य० तहां।

तथा० अव्य० तिसीप्रकार, तैसा, वैसाही।

तथाच० अव्य० जैसे, चुनांचि:।

तथापि० अव्य० तौभी।

तद० अव्य० तब, तिससमय।

तदनन्तर० अव्य० तिसकेपीछे।

तदनु० अव्य० तेहि अनुसार, तिसपीछे।

तदा० अव्य० तब, तहां।

तदपि० अव्य० तौभी।

तद्गत० गु० उसमेंगयाहुआ।

तद्गति० ना० स्त्री० उसकीदशा, उसकीमाया।

तद्गुणविशिष्ट० गु० वहगुण जिसमें है।

तद्धवि० ना० पु० उसकेयज्ञ का हव्य।

तद्भय० ना० पु० उसकेडर।

तद्भावबोधक० गु० उसभाव का बोधक।

तधी० अव्य० तिसीसमय, तभी।

तन० ना० पु० शरीर, देह, पुत्र, औरविस्तार।

तनक० गु० थोड़ा, अल्प।

तनय० ना० पु० पुत्र, लड़का, सुत।

तनया० ना० स्त्री० पुत्री, कन्या सुता।

तनापा० ना० पु० जवानी तरुणाई।

तनी० ना० स्त्री० अंगरखे क बन्धन, तनया।

तनु० ना० पु० शरीर, देह।

तनुक० गु० थोड़ा, अल्प।

तनुजा० ना० स्त्री० तनय पुत्री।

तनुत्राण० ना० पु० बकत कवच।

तनूदरी० ना० स्त्री० स्त्री, नारी अबला।

तनूरुह० ना० पु० शरीर बाल।

तनोति० अ० क्रि० विस्तारक

तन्त० ना० पु० तार, सुख, सि तुरन्त, सन्तान, औष तदबीर।

तन्तनाना० अ० क्रि० पिन नाना, मन्नाना

तन्त्रनाहट० नाο स्त्री० मन्त्रा-हट, जलनसे जोपीड़ा ।

तन्तु० नाο पुο सूत, तार ।

तन्तुना० नाο पुο ततुना, तार ।

तंत्र० नाο पुο तोटका, लटका, शास्त्रोक्तमन्त्र शिवकृत ग्रन्थ विशेष, वीणा ।

तंत्री० गुο तंत्र का करने वाला, गाने वाला ।

तंत्रीनाद० नाο पुο वीणा का शब्द ।

तन्द्रा० नाο स्त्री० थकाई, श्रम, मूर्छा ।

तन्द्री० नाο स्त्री० भौंह, भृकुटी ।

तन्दुल० नाο पुं० चावल ।

तन्ना० अο क्रिο खिचना, फैलना ।

तन्नाना० अο क्रिο पिनपिनाना, क्रोधित होना ।

तन्नेत्र० नाο पुο उसकी आंखि ।

तन्मय० गुο उसमें भराहुआ ।

तन्मात्र० अव्य, केवल वह ।

तप० नाο स्त्री० ताप, उष्ण, नाο पुο तपस्या, माघ का महीना ।

तपत० नाο स्त्री० उष्ण, गुο गर्म, तत्ता ।

तपन० नाο पुο उष्ण, ज्वलन, सूर्य्य, औरभिलावाद्वक्ष ।

तपना० अο क्रिο ऐश्वर्य्य वान् होना, उष्ण होना, अति तेजयुत होना ।

तपनीय० नाο पुο सूर्य्य ।

तपलोक० नाο पुο स्वर्गविशेष, लोक विशेष ।

तपसी० नाο पुο तपस्वी ।

तपस्य० नाο पुο फागुन मास यथा, मधुस्तथा माधव संज्ञकश्च शुक्रः शुचिश्चा थनभो नभस्यौ, तयेषु ऊर्ज्जश्च सह सहस्यौत-पस्तपस्या विति ते क्रमेण १ ।

तपस्या० ना० स्त्री० तप, योग, ईश्वर भजन।

तपस्विनी० ना०स्त्री० तपस्या करने हारी स्त्री।

तपस्वी० ना० पु० तपस्याकरने हारा, योगी।

तपा० ना० पु० अचक, योगी जोगी।

तपाना० स० क्रि० गर्मकरना, तताना, अरपना।

तपास० ना० स्त्री० किरण, धूप, परिश्रम दौड़धूप।

तपिच्छ० ना० पु० तापिच्छ, तमाल, वृत्त।

तपी० ना० पु० तपा, मुनि।

तपेश्वर०
तपेश्वरी०
तपोधन० } ना० पु० तपी, मुनि।

तपोधना० ना० स्त्री० मुगडी, और तपोधन की स्त्री, तपेश्वरिन् स्त्री।

तपोमय० गु० तपस्या युक्त।

तप्त० गु० तत्ता, गरम, तपत।

तप्ताङ्ग० ना० पु० ज्वरविशेष देह गरम।

तब० अव्य० तिस समय।

तबी०
तभी० } अव्य० तिसी समय।

तम०
तमः० } ना० पु० अन्धकार क[illegible] गुण, अंधेरा तमोगु[illegible] राहुग्रह, क्रोध, अज्ञान अति, पदान्त में ब[illegible] तातका बोधक।

तमक० ना० स्त्री० गर्व, घम[illegible] गड, मुखका लालहोना[illegible] झुन्झाहट, टर्र।

तमकना० स० क्रि० मुखला[illegible] होना, दहकना, द[illegible] दगाना, निष्कारणक्रोध[illegible]

तमका० ना० पु० धूपकीमा[illegible] बहुत गर्मी।

तमचुर० ना० पु० कुक्कुट, मुरग[illegible]

तमतमाना॰ अ॰ क्रि॰मुखमें लाली होना,दगदगाना।

तमस॰ ना॰ पु॰ तम, मनु विशेष।

तमस्विनी॰ ना॰ स्त्री॰ राति, रैन।

तमारि॰ ना॰ पु॰ सूर्य्य।

तमाल॰ ना॰ पु॰ वृक्ष विशेष, तिलक जो चन्दन से बनाते हैं।

तमालपत्र॰ ना॰ पु॰ तमाकू।

तमिस्र॰ ना॰ पु॰ तम, अन्धकार।

तमी॰ ना॰ स्त्री॰ रात, निशा।

तमीचर॰ ना॰ पु॰ निशाचर, चोर, उल्लू, चमगीदड़।

तमोगुण॰ ना॰ पु॰ मनोवृत्ति विशेष वा दोष जिससे काम क्रोधादि उपजते हैं।

तमोल॰ ना॰ पु॰ ताम्बूल, पान।

तमोलिन्॰ ना॰ स्त्री॰ तमोली की स्त्री।

तमोली॰ ना॰ पु॰ जातिविशेष जो पान बेचते हैं।

तम्बू॰ ना॰ पु॰ रावटी, पाल, कपड़े का कोठा।

तम्बूल॰ ना॰ पु॰ ताम्बूल।

तम्बेरम॰ ना॰ पु॰ स्तम्बेरम, हाथी।

तर॰ अव्य॰ तल, पदान्त में अधिकता का चिह्न, बड़तात का सूचक।

तरई॰ ना॰ स्त्री॰ तारा, नक्षत्र।

तरकारी॰ ना॰ स्त्री भाजी।

तरङ्ग॰ ना॰ पु॰ लहर, उमङ्ग, ललक।

तरङ्गिनि॰ }
तरङ्गिनी॰ } ना॰ स्त्री॰ नदी।

तरङ्गी॰ ना॰ पु॰ बहुरङ्गी, लहरी।

तरण० ना० पु० मुक्तिमय, पार-
होना, उद्धारहोना ।

तरणि० ना० पु० सूरज, नाव ।

तरणी० ना० स्त्री० नाव, तरनी ।

तरन० ना० पु० तरण ।

तरफना० अ० क्रि० तड़फड़ाना ।

तरबूज़० ना० पु० हिन्दवाना,
फलविशेष ।

तरल० गु० चञ्चल तीक्ष्ण, ओछा,
ना० पु० धतूरावृक्ष ।

तरलता० ना० स्त्री० चञ्चलता
तेज़ी ।

तरला० ना० पु० बांस विशेष,
गु० जो सबसे नीचला
वा दूसरे से नीचला ।

तरलाई० ना स्त्री० तरलता ।

तरव० ना० पु० वृक्ष ।

तरवर० ना० पु० बड़ावृक्ष ।

तरस० ना पु० शीघ्र, जल्दी,
लालच, दया, कृपा,
कल्क ।

तरसना० अ० क्रि० जीलगाकर
रहना, ललचाना,
दयालु होना, पसी-
जना ।

तराई० ना० स्त्री० दलदल,
चराओ, नीचान् ।

तरान्० ना० पु० उगाही प्राप्त ।

तराना० स० क्रि० पारकराना,
पैराना, बचाना ।

तरि०
तरी० } ना० स्त्री० नाव, नौका ।

तरीन० ना० स्त्री० तरीकाबहु
बचन, नावें ।

तरु० ना० पु० वृक्ष ।

तरुण० गु० युवा, जवान ।

तरुणता०
तरुणाई० } ना० स्त्री० यौवन,
किशोर, जवानी ।

तरुणी० ना० स्त्री० युवती,
जवान् स्त्री ।

तरेड़ा० ना० पु० टोंटीसे
पानी का गिरना ।

तरैया० ना० पु० तारागण, तारा, कविवाक्य यथा दोहा० यथा तरैया प्रात के सब नृप भये उदास, लखि दिनमणिकर राम छवि सकुचाने चक्षुश्वास।

तरौस० ना० पु० किनारा, बिहारी लाल सप्तशति कायां, श्यामसुरति करि राधिका तकति तरणि जा तीर, अंसुन करत तरौस को खिनक खरोंहो नीर।

तरौना० ना० पु० कर्ण भूषण विशेष, बिहारी लाल सप्त शतिकायां, लसत श्वेत सारी ढप्यो तरल तरौना कान, पर्यो मनो सुरसरि सलिल रवि प्रतिबिंब विहान।

तर्क० ना० स्त्री० बुद्धि से विवेचना अनुमानोक्ति, न्याय शास्त्र, दलील।

तर्कण० ना० पु० कूदन, नई बात बनाना, शङ्का करना।

तर्कित० गु० शङ्कित, लंघित, तर्क कियागया।

तर्की० ना० स्त्री० तरपतिया, ताड़पत्र रचित, कानका भूषण विशेष।

तर्कुल० ना० पु० ताड़का फल।

तर्खा० गु० धाराजो बहुत शीघ्र बहती है।

तर्जन० ना० पु० कोप।

तर्जना० अ० क्रि० कोपकरना, कूदना।

तर्जनी० ना० स्त्री० अङ्गुष्ठ के पास की अङ्गुली।

तर्तराना० गु० जो बहुतचिकना, गोलाई से जोटपकताहै, अ० क्रि० सन्नाटभरना, गलफटाकी करना।

तर्राहट० ना० स्त्री० सन्नाटा, गीदड़ भबकी, गल फटाकी ।

तर्पण० ना० पु० पितादि के निमित्त जल दान देना, मंगल, उल्लास ।

तर्राना० अ० क्रि० बड़बड़ाना, खुनसाना, कुड़कुड़ाना ।

तर्रारा० ना० पु० शीघ्रता ।

तर्वरिया० ना० पु० खड्ग, तलवार बांधने हारा ।

तर्स० ना० स्त्री० दया, कृपा, रहम् ।

तर्सों० अव्य० परसें के आगेका दिन ।

तल० ना० पु० अधोभाग, पाताल विशेष, हष्टि ।

तलक० अव्य० तक, लग ।

तलछट० ना० स्त्री० निचोड़, मैल, खूद ।

तलतलाना० स० क्रि० हिलाना ।

तलना० स० क्रि० घी वा तेल में भूनना ।

तलपट० गु० मलमेट, चौपाट

तलफना० अ० क्रि० तरफना ।

तलमलाना० अ० क्रि० ललचाना ।

तलवरिया० ना० पु० तर्वरिया ।

तलवार० ना० पु० खड्ग, तरवार ।

तला० ना० पु० पेंदा, थाह, जूतीके नीचे का भाग, पद, देवता ।

तलातल० ना० पुं० पाताल विशेष ।

तली० ना० स्त्री० तला, बकनी, निस्पर्शी ।

तलुआ० } ना० पु० पांवके
तलूआ० } नीचे का भाग ।

तले० अव्य० नीचे ।

तलैया० ना० स्त्री० छोटातालाब

तल्प० ना० स्त्री० शय्या, सेज, बिस्तर ।

तल्लीला॰ना॰ स्त्री॰ उसकी लीला।
तवर्ग॰ना॰ पु॰ तकारादिपांच अक्षर।
तवल्कार॰ना॰ पु॰ लकार, तेरालिखा हुआ।
तष्टना॰स॰ क्रि॰ भागदेना, बांटना।
तष्टित॰गु॰ भाजित,बांटागया।
तसला॰ना॰ पु॰ खानापकाने का पात्र विशेष।
तस्कर॰ना॰ पु॰ चोर।
तस्करता॰ना॰ स्त्री॰ } चोरी।
तस्करत्व॰ना॰ पु॰ } चोरी।
तस्करी॰ना॰ स्त्री॰ } चोरी।
तस्मिन्॰सर्व्व॰ तौनमें, उसमें।
तस्य॰सर्व्व॰ उसका।
तसू॰ना॰ पु॰ माप विशेष, फ़ारसी शब्द है।
तहां॰अव्य॰ तिस स्थान, उस जगह।
तहियां॰गु॰ पहिले।
तहीं॰अव्य॰तिसीवाउसस्थान।
तक्षक॰ना॰ पु॰ मुख्यसांप।
तज्ञ॰गु॰ ज्ञाता, ज्ञानी, स्वरूप ज्ञाता।
ता॰सर्व्व॰ उसको।
ताइत॰ना॰ पु॰ यन्त्र, गण्डा।
ताई॰ना॰ स्त्री॰ चाची।
ताऊ॰ना॰ पु॰ बड़ाचचा।
तांगा॰ना॰ पु॰ गाड़ी विशेष जो सजी नहीं है।
तांत॰ना॰स्त्री॰चमड़ेकीरस्सी।
तांतबांधना॰स॰ क्रि॰ बच्चा को चुपाना।
तांता॰ना॰ पु॰ पांति, पंक्ति, तार।
तांती॰ना॰ पु॰ धुनिया, विहना, पटकार।

तांबड़ा० ना० पु० तांबेकावर्ण, मानिक्य के समान झूठा पत्थर।

तांबा० ना० पु० धातुविशेष।

ताक० ना० पु० दृष्टि, दुक्की।

ताकना० स० क्रि० देखना, झांकना, घूरना।

ताकझांक० ना० स्त्री० ठीक समय, दृष्टिरखना।

ताग० ना० पु० सूत, धागा।

तागना० स० क्रि० सीवना, सूत डालना।

तागा० ना० पु० सूत, धागा।

ताजक० ना० पु० ज्योतिष का ग्रन्थ विशेष।

ताजन० ना० पु० कोड़ा।

ताटङ्क० ना० पु० कर्ण भूषण विशेष।

ताड़० ना० पु० वृक्षविशेष, ना० स्त्री० पहिचान।

ताड़क० ना० पु० ताटङ्क, ताड़नेहारा।

ताड़न० ना० पु० झिड़की दण्ड, डांट।

ताड़ना० स० क्रि० पहिचानना, बूझना, अटकलना, दण्ड देना, मारना।

ताड़नीय० गु० ताड़नाकरनेके योग्य।

ताड़का० ना० स्त्री० सुबाहु की माता, राक्षसी।

ताड़ित० गु० ताड़नदियागया, मारागया।

ताड़ी० ना० स्त्री० ताड़कारस।

ताण्डव० ना० पु० तांडव, नृत्य विशेष।

तात० ना० पु० पिता, गुरु, मित्र, पुत्र, भाई, प्रभु, सेवका-दिका बोधक, गु० तत्ता गरम, उष्ण।

तातनी० } सर्व० उसकी, उ-
तातनो० } सका।

तातैं० } सर्व्व० तिससे, उससे,
ताते० } तिसकारण।

तात्कालिक०गु० उसी समय का।

तात्पर्य्य०ना० पु० अभिप्राय, प्रयोजन, मतलब, हासिल।

तादात्म्य०ना० स्त्री० तत्स्वरूपता।

तादृश०गु० वैसाही।

तान०ना० स्त्री० राग का जो उच्चारण, स्वर।

तानसेन०ना० पु० रागी विशेष।

ताना०ना० पु० वस्त्रका लम्बा सूत।

तानी०गु० रागी, गवैया, ना० स्त्री० तानी।

तांत्रिक०ना० पु० सिद्धान्तका जानने हारा विद्वान्, तन्त्रशास्त्रज्ञ।

तानना०स० क्रि० कसना, खींचना, फैलाना।

ताप०ना० स्त्री० उष्णता, तप, ज्वर, मनकादुख, दण्ड।

तापती०ना० स्त्री० नदीविशेष।

तापना०स० क्रि० आंचलेना, घमाना।

तापस०ना० पु० तपस्वी, शान्त।

तापिच्छ० } ना० पु० तेंदुआ,
तापिञ्ज० } वृक्ष, तमाल।

तापी०ना० स्त्री० नदी विशेष, जो विंध्य के दक्षिण ओर है।

तापीय०ना० पु० सोनामक्खी।

तापुत्र०ना० पु० तमालपत्र।

ताप्य०ना० पु० सोनामक्खी।

ताफता०ना० पु० रेशमीकपड़ा जिसको धूपछांह कहते हैं।

तामचीनी० ना० स्त्री० तांबा जिसमें और धातु भी जड़ा होवे।

तामड़ा० ना० पु० तांबेकेरङ्ग, कौमणि।

तामपुष्प० ना० पु० कुम्भी।

तामरस० ना० पु० कमल।

तामल० ना० पु० देशविशेष।

तामलकी० ना०स्त्री० भूआंरा

तामस० ना० पु० तमोगुण का कार्य्य, ना० पु० तम, क्रोध।

तामसिक० } गु० तमोगुणयुक्त,
तामसी० } क्रोधी।

तामसी० ना० स्त्री० रात, क्रोधी।

तामह० सर्व्व० उसमें।

तामा० ना० पु० तांबा।

तामिली० ना० स्त्री० भाषा विशेष।

तामेश्वर० ना० पु० तांबेकी बङ्ग।

ताम्बूल० ना० पु० पान।

ताम्र० ना० पु० तांबा।

ताम्रचूड़ ० ना० पु० मुरग़ा करौंदा।

ताम्रवर्ण० ना० पु० हरिन तांबेके रङ्ग।

ताम्रवल्ली० ना०स्त्री० मजीठ

ताम्रसार० ना० पु० लालचन्दन।

ताम्राक्ष० ना० पु० कोयल।

तार० ना० पु० बानर विशेष मोतीमाला, निर्मलमोती, उच्चस्वर, ताड़।

तारक० ना० पु० मुक्तिदाता रांगाधातु, गुरू, उद्धार करनेहारा, जोपारल गावे, मन्त्रविशेष, दैत विशेष।

तारकारि० ना० पु० स्वामि कार्तिक।

तारकी॰ ना॰ स्त्री॰ देवदाली।

तारकूट॰ ना॰ पु॰ रूपापीतल।

तारकेश्वर॰ ना॰ पु॰ सदाशिवजी।

तारण॰ ना॰ पु॰ उद्धार करनेहारा, उद्धार का कर्ता, मुक्तिदाता, तारनेहारा।

तारणीय॰ गु॰ तारने हारा, योग्य, उद्धार करने लायक।

तारतम्य॰ ना॰ पु॰ न्यूनाधिक, थोड़ाबहुत।

ताअर्थ॰ ना॰ पु॰ उसका अर्थ, उसकेलिये।

तारना॰ स॰ क्रि॰ उतारना, पारकरना, मुक्तिदेना।

तारा॰ ना॰ पु॰ नक्षत्र, ना॰ स्त्री॰ नेत्रकीपुतली, अङ्गद की महतारी।

तारागण॰ ना॰ पु॰ नक्षत्रोंका समूह।

तारापथ॰ ना॰ पु॰ आकाश।

तारिका॰ ना॰ स्त्री॰ पुतली, नक्षत्र।

तारिणी॰ ना॰ स्त्री॰ उद्धार करनेहारी।

तारुण्य॰ ना॰ स्त्री॰ तरुणता, जवान, जुवा।

तारू॰ ना॰ पु॰ तालू।

तार्किक॰ ना॰ पु॰ नैयायिक न्याय शास्त्र जानने हारा।

तार्क्ष्य॰ ना॰ पु॰ रसौत, गरुड़, पक्षी, पक्षितार्क्ष्यौ गरुत्मन्तौ शकुन्तौ भास पक्षिणौ इत्यमरः।

ताल॰ ना॰ पु॰ ताड़वृक्ष, तालाव, हरताल, ना॰ स्त्री॰ करताल, रागका परिमाण, मल्लयुद्धमें वा ऊपर बाहु पटकना।

तालखजूरी॰ ना॰ स्त्री॰ दुपहरिया वृक्ष।

तालध्वज० ना० पु० श्री बलरामजी।

तालपत्री० } ना० स्त्री० मूसली, औषधि।
तालमूलिका० }

तालवृन्त० ना० पु० ताड़ का पंखा।

तालव्य० ना० पु० जो अक्षर तालुसे उच्चारण किये जावें यथा, त, थ, द, ध, न, ल, स,।

ताला० ना० पु० कुफ़ल, द्वार-बन्दकरने का यन्त्र।

तालाङ्क० ना० पु० श्री बलदेवजी।

ताली० ना० स्त्री० कुंजी, चाबी, दोनों हाथोंको आपस में मारने से जो शब्द होता है।

तालीस० ना० पु० वृक्ष विशेष।

तालु० } ना० पु० मुखमें ऊपर का भाग।
तालू० }

ताव० ना० पु० ताप, क्रो
बल, चटक, ऐंठ, काग़ज़
तखता, क्रम।

तावत्० अव्य० इत्ता, वहां
तबतक।

तावना० स० क्रि० गरम कर
कसना, ऐंठना।

ताश० } ना० पु० मक्खीफ
तास० } लप्पा, पारसी है।

तासु० } सर्व० उसको
तासुको० } का।

ताहि० सर्व० उसको।

ताह्वरी० ना० स्त्री० भोज
विशेष।

तिकतिक० ना० पु० गा
आदि के बैल चलाने
यहशब्दबोलाजाता

तिकुरी० ना० स्त्री० तिह
तीसरा

तिकोनिया० गु० तीन के
का पदार्थ

तिक्क। ना० पु० मांसका छोटा, टुकड़ा।
तिक्त० गु० तीता, चरपरा, ना० पु० चिरायता।
तिक्तका। ना० स्त्री० चिरपोटा।
तिक्तचक्रा। ना० स्त्री० कुटकी।
तिक्ता। ना० स्त्री० कालीमिरच, खीरा।
तिखरा। गु० तिबारा, तिहरा।
तिखरा करना। स० क्रि० तीन बेर जोतना।
तिखारना। स० क्रि० ठहराना सचकरना, यत्नसेपूछना, तीनबेर जोतना।
तिगुण० } गु० जिसका तीन-
तिगुना० } गुनहै, तिहराना।
तिग्म० ना० पु० पीपरि।
तिजरा। ना० पु० } अन्तरिया
तिजरी० स्त्री० } तीसरेदि-
तिजारी० स्त्री० } न जाड़ा और विष-मका आना।

तिणुका। ना० पु० घास, घासका टुकड़ा।
तित० अव्य० तिधर, तब।
तितना। ना० पु० } गु० प्रमाण
तितनी० स्त्री० } वा अवधि वा निश्चय बोधक।
तितरबितर० गु० भिन्न, भिन्न, संग फूट जाना।
तितरी० } ना० स्त्री० कीटविशेष
तितली० } जो उड़ता है।
तिथि० ना० स्त्री० चन्द्रकलाकी क्रियासे उपलक्षितकाल, दिन, तारीख।
तिथिपत्र० ना० पु० पत्रा, जंत्री।
तिथिक्षय० ना० पु० तिथिका अवम्, हानि।
तिदरा० ना० पु० } तीनद्वार
तिदरी० ना० स्त्री० } कास्थान।

तिधारा० ना० पु० पौधा विशेष, तीनधार का सङ्गम।

तिनकना० अ० क्रि० धड़कना, फड़फड़ाना, टीसना।

तिनका० ना० पु० डांडीवा टह-नी वा घासका छोटा, टुकड़ा।

तिन्तिणी० ना० स्त्री० अमि-लोद्य।

तिन्दुक० ना० पु० तेंदुवा, तमा-लद्य।

तिन्दुला० ना० स्त्री० पीपरि।

तिन्नी० ना० स्त्री० चावल वा, उसका पौधाविशेष।

तिबारा० गु० तीनिबेर ना० पु० तीन दरका।

तिब्बत० ना० पु० देशविशेष जो हिमालयके उत्तरमेंहै।

तिमि० ना० स्त्री० मछली, अव्य, तैसे, उसीविधि।

तिमिङ्गिल० ना० पु० मत्स्य, मछली।

तिमिर० ना० पु० अन्धकार, अज्ञान।

तिमिरहर० ना० पु० सूरज।

तिय० ना० स्त्री० योषिता,
तिया० स्त्री० नारि॥

तिरके। ना० गु० तीनकोन वालापदार्थ।

तिरखूंटी० ना० स्त्री० तीनकोन का अस्त्र विशेष।

तिरछा० गु० टेढ़ा, आड़ा, हठीला।

तिरछाना० स० क्रि० टेढ़ाक-रना, अ० क्रि० हठोला होना, हठकरना।

तिरछी० गु० टेढ़ी, बांकी।

तिरतिराना० अ० क्रि० रिस-ना, झिर झिराना।

तिरना० अ० क्रि० पैरना, तैरना।

तिरपद० ना० पु०
तिरपदी० स्त्री० } तिपाई, तीनपद

तिरपन॰ गु० पचास, और तीन० ५३।

तिरपौलिया० ना० पु० धनुषाकारके तीन द्वारका स्थान।

तिरफल॰ ना० पु० त्रिफला, तीनफलका अर्थात् आंवला, हर्र, बहेड़ा।

तिरभङ्गा० गु० तिरछा खड़ा होना।

तिरभङ्गी॰ ना॰ स्त्री० छन्द विशेष, ना० पु० श्रीकृष्ण चन्द्रजीकाएकनाम।

तिरस्कार॰ ना० पु० निन्दा, भञ्जन, अवज्ञा, अपमान।

तिरसठ॰ गु० साठि और तीन, ६३।

तिरहुत॰ ना० पु० देश विशेष, नगर विशेष।

तिरोधान॰ ना० पु० पोशाक, आच्छादन, वस्त्र।

तिरोहित॰ गु० छुपाहुआ, गुप्त, ना० पु० मिथिलादेश।

तिमिरी॰ ना० पु० तेलकीबूंद जो पानीपर बहती है थर थरा।

तिमिराना॰ अ० क्रि० झूलना, लहरना, थरथराना, चमकना यथा तेल की बूंद पानीपर।

तिमिराहट० ना० स्त्री० थर थराहट, फरफराहट।

तिमिरी॰ ना० स्त्री० घुमड़ी।

तिर्यक्‌पति॰ }
तिर्यग्पति॰ } ना॰ पु० शार्दूल, सिंह।

तिल॰ ना॰ पु० पौधा विशेष जिसके बीजसे तेलनिकालते हैं, शरीरमें कालाचिह्नविशेष, क्षण।

तिलक० ना० पु॰ ललाट में विहित चन्दनादि का टीका, पीनाखली, अर्थकरना, अर्थ, वृक्षविशेष गु० शिरोमणि।

तिलकुट० ना० पु० तिल और मिठाई विशेष।

तिलङ्गा० ना० पु० तैलङ्गा, सिपाही।

तिलङ्गी० ना० स्त्री० गुड्डी, पतङ्ग।

तिलचट्टा० ना० पु० कीट विशेष।

तिलचावली० ना० स्त्री० तिल और चावलों की मिलौनी, काले और सफेद बालों की मिलौनी।

तिलचूरी० ना० स्त्री० मिठाई विशेष।

तिलड़ा० ना० पु०
तिलड़ी० ना० स्त्री० } तीनिलड़ का भूषण विशेष।

तिलपर्णी० ना० स्त्री० चन्दन।

तिलपिष्टक० ना० पु० पीना, तिलकी खली।

तिलबर० ना० पु० पक्षी विशेष।

तिलभेद० ना० पु० पोस्त का बिरवा।

तिलहा० गु० तेलिया।

तिलुआ० ना० स्त्री० पिलई।

तिलोत्तमा० ना० स्त्री० मुख्य अप्सरा।

तिष्ठना० अ० क्रि० ठहरना, स्थिर होना, बिराजना।

तिष्ठित० गु० ठहरा हुआ।

तिष्य० ना० स्त्री० आठवां नक्षत्र, पुष्य।

तिसका० सर्व० उसका, जिसका

तिसरायत० ना० पु० मध्यवर्ती, गैरियत, दुजागी, अपनायतरहित।

तिसूत० ना० पु० औषधि विशेष।

तिहत्तर० गु० सत्तर और तीन, ७३।

तिहरा० गु० तिगुणा, तिलड़ा

तिहराना० स० क्रि० तिहरा करना।

तिहरावट० ना० स्त्री० तिगुणा करनेका काम।

तिहारे० सर्व्व० तिहारे।

तिहाई० ना० स्त्री० तीसरा भाग $\frac{1}{3}$।

तिहायत० ना० पु० तिसरायत।

तिहारी० ना० स्त्री० } सर्व्व०
तिहारे० ना० पु० } तेरी,
तिहारो० ना० पु० } तेरे।

तिहूं० गु० तीनों, तीन।

तिहूंपुर० } ना० पु० तीनों
तिहूंलोक० } लोक।

तीखा० गु० तीक्ष्ण, चरपरा।

तीखी० गु० सूक्ष्मस्वर, पैनी।

तीखुर० ना० पु० श्वेतवस्तु जिसका व्रतके दिन फलाहार करते हैं।

तीछन० गु० तीक्ष्ण, तीव्र, तेज़।

तीज० ना० स्त्री० तृतीया।

तीजा० गु० तीसरा, मृतक के तीसरे दिनका काम वा तीसरा दिन।

तीजिया० } ना० स्त्री० श्रावण
तीजैं० } शुदी तीज का त्योहार।

तीत० गु० तीता।

तीतर० ना० पु० पक्षीविशेष।

तीतरी० ना० स्त्री० तितरी, पतङ्गा विशेष।

तीता० गु० कड़ुवा, पड़पड़ा, तीखा।

तीन० गु० त्रि, ३।

तीनतेरह० गु० तित्तर बित्तर।

तीय० ना० स्त्री० अबला, स्त्री।

तीयल० ना० स्त्री० स्त्रीके पहिरनेके तीनों वस्त्र।

तीर० ना० पु० समुद्र वा नदीका तट, अव्य० ढिग, पास।

तीरथ०ना० पु० पुण्यस्थान, यात्रा।

तीरथराज०ना० पु० प्रयाग।

तीर्थ०ना० पु० तीरथ।

तीली०ना० स्त्री० पिञ्जड़ा की कामी।

तीव्र०गु० अत्यन्तकड़ुवा तीता, पैना।

तीसरा०गु० तृतीय।

तीसी०ना० स्त्री० अलसी, जिसका तेल निकालते हैं।

तीखा०ना० पु० मरुआ, मिरच, गु० पड़पड़ा, तत्ता, क्रोधी, भांभिया, पैना, तीता।

तुक०ना० स्त्री० पद, सम्बन्ध।

तुकला०ना० पु० } छोटीपतङ्ग बिशेष।
तुकली०ना० स्त्री० }
तुक्कल०ना० पु० }

तुक्का०ना० पु० बाण जिसकी नोकनहीं है छोटा-पर्व्वत।

तुगावंशी० } ना० पु० वंशरोचन।
तुगाक्षीरी० }

तुङ्ग०गु० ऊंचा, लम्बा, समूह।

तुङ्गद्रुम०ना० पु० नारियल।

तुच्छ०गु० शून्य, कुत्सित, अपमानी।

तुड़ाना०स० क्रि० तोड़ाना।

तुण्ड०ना० पु० चोंच, मुख।

तुतरा०गु० जोतुतलाताहो।

तुतराना०अ० क्रि० अधूरा बोलना जैसे बालक बोलते हैं।

तुतला०गु० तुतरा।

तुतलाना०अ०क्रि०तुतराना।

तुत्थ० } ना०पु०नीलाथोथा
तुत्थिक० }

तुनतुनाना० अ० क्रि० शर्राटा देना।

तुन० ना० पु० वृक्ष विशेष।

तुन्दिल० गु० तोंदेलवड़ीतोंदका।

तुन्न० ना० पु० तुन, टूटा।

तुपक० ना० पु० बन्दूक़।

तुपकिया० ना० स्त्री० छोटी बन्दूक़।

तुम० सर्व्व० मध्यम पुरुष का सूचक वा वाचक।

तुमतनौ० सर्व्व० तुम्हारा।

तुमाई० ना० स्त्री० तुमानेका पैसा।

तुमाना० स० क्रि० धुनवाना।

तुमुल० ना० पु० रौला, हल्लड़।

तुम्बा० ना० पु० लौका, कद्दू।

तुम्बिका० } ना० स्त्री० लौकी,
तुम्बी० } कद्दू, बजाने की तोमी जो मदारी लोग रखते हैं।

तुरई० ना० स्त्री० तरकारी विशेष।

तुरक० ना० पु० तुरुक, देश विशेष।

तुरग०
तुरङ्ग०
तुरङ्गम० } ना० पु० घोड़ा।

तुरङ्गाह्वा० ना० स्त्री० असगन्ध।

तुरत०
तुरन्त० } अव्य० शीघ्र, अभी।

तुरपना० स० क्रि० सीना, टांकना विशेष।

तुरही० ना० स्त्री० बाजाविशेष नरसिंघा।

तुराई० ना० स्त्री० तोशक, रज़ाई।

तुराना० अ० क्रि० छूटजाना, छुड़ाना, मर्य्यादासे बाहिरचलना, बहिचलना।

तुराषाट्० ना० पु० इन्द्र।

तुरिय० ना० पु० घोड़ा।

तुरी० ना० पु० घोड़ा, ना० स्त्री० तुरही ।

तुरीय० ना० पु० मुक्तयवस्था, मुक्ति, मोक्ष चौथा ।

तुरुक० } ना० पु० यवन, देश
तुरुष्क० } विशेष ।

तुर्त्त० }
तुर्त्तफुर्त्त० } अव्य० तुरन्त,
तुर्त्तीव० } शीघ्र ।
तुर्त्तीफुर्त्ती० }

तुल० गु० तुल्य ।

तुलना० अ० क्रि० तुलापर चढ़ना, तुल्यहोना ।

तुलसा० } ना० स्त्री० छोटा
तुलसी० } वृक्ष जिसकी पत्ती विष्णु वा सालग्राम को चढ़ाते हैं ।

तुलसीदास० ना० पु० प्रसिद्ध भक्त श्रीरामायण भाषा बनाने हारे ।

तुला० ना० स्त्री० तराजू, अपनी देहकी बराबर दानदेना सातवीं राशि विशेष ।

तुलाना० स० क्रि० तौलाना, तुलापरचढ़ाना, तकुआ ठीक कराना ।

तुलित० गु० तुलाहुआ, तुलापर चढ़ाया गया ।

तुली० ना० स्त्री० मोटीसींक, चित्रलिखने की क़लम ।

तुल्य० ना० पु० समान, बराबर, सदृश ।

तुल्यता० ना० स्त्री० समानता, बराबरी ।

तुवर० ना० पु० तिल ।

तुवरी० ना० स्त्री० फटकरी ।

तुष० ना० पु० धानादिकाछिलका

तुषार० ना० पु० शीत, पाला, हिम ।

तुष्ट० गु० प्रसन्न, तृप्त, सन्तोषी ।

तुष्टता० ना० स्त्री० प्रसन्नता, तृप्ति, सन्तोष ।

तुष्टित० गु० प्रसन्नित, सन्तोषित।
तुसार० ना० पु० तुषार।
तुहिन० ना० पु० तुसार, तुषार, हिम।
तुम्हें० सर्व्व० तुझको।
तू० सर्व्व० मध्यम पुरुष का एक वचन।
तूंतांकरना० स० क्रि० तुकारना।
तूकारनी० स० क्रि० अबे तबे करना।
तूष्टौ० गु० सन्तोषित।
तूण० } ना० पु० बाणरखनेकाघर, तरकश।
तूणीर० }
तूतई० ना० स्त्री० टोंटीदार मिट्टीका बर्तन।
तूतिया० ना० पु० नीलाथोथा।
तूबरि० ना० स्त्री० तुम्बी।
तूमना० } स० क्रि० रुईको हाथसे बनाना।
तूम्ना० }

तूर० ना० पु० तूर्य्य, नक्कारह।
तूरक० ना० पु० जलपिप्पल।
तूरना० स० क्रि० तोड़ना।
तूरी० ना० पु० धतूरा।
तूर्ण० ना० पु० शीघ्र, जल्द।
तूर्य० ना० पु० नक्कारह, नगाड़ा।
तूल० ना० स्त्री० निर्बीजकपास अर्थात् रुई, तुल्य।
तूलनीय० ना० पु० कदमवृक्ष।
तूलिनी० ना० पु० सेमरवृक्ष।
तूवर० ना० पु० राजपूतों में जाति विशेष।
तृण० ना० पु० घास।
तृणराज० ना० पु० नारियल, उख, ताल वृक्ष।
तृणवत्० गु० घासके समान निकम्मा।
तृणावर्त्त० ना० पु० दैत्यविशेष बौड़रा, घासका भंवर।

तृणोदक० ना० पु० घासपानी।
तृतीय० गु० तीसरा।
तृतीया० ना० स्त्री० तीन, तीसरीतिथि, तीसरी।
तृतीयान्त० गु० जिसकेअन्तमें तृतीयाका चिह्न है।
तृतीयांश० ना० पु० तीसरा भाग।
तृप्त० गु० सन्तुष्ट।
तृप्ति० ना० स्त्री० भोजनादि करके सन्तोष।
तृष्टता० } ना० स्त्री० निसोत।
तृष्टत्० }
तृषा० ना० स्त्री० प्यास।
तृषार्त्त० गु० पिपासाकरके व्याकुल।
तृषावन्त० } गु० पिपासाशक्त, प्यासा।
तृषित० }
तृष्णा० ना० स्त्री० प्यास, लालच, अभिलाषा।
ते० अव्य० से, सर्व्व, वे, ये।
ते० सर्व्व० तु० अव्य, से।
तेतालीस० गु० चालिस औ[र] तीन, ४३।
तेतीस० गु० तीसऔरतीन, ३३
तेंदुआ० ना० पु० चीताविशेष[,] वृक्ष विशेष।
तेंदू० ना० पु० वृक्ष वा उसका फल विशेष।
तेईस० गु० बीसऔरतीन २३
तेज० ना० पु० दहक, प्रताप[,] बल, अग्नि।
तेजअति० ना० पु० सूर्य, भाष[ा] में प्रचलित है।
तेजपात० ना० पु० तेज क[ी] पत्ती।
तेजमान्० } गु० प्रतापी, चम[क]-
तेजवन्त० }
कीला, चमत्कारी।
तेजवल० ना० पु० औषधिविशे[ष]
तेजवल्ली० } ना० स्त्री० ते-
तेजस्विनी० } जबल।

तेजस्कर० ना० पु० वीर्य्यबढ़ाने हारा, द्रव्य, पुष्टई।

तेजस्वी० } गु० प्रतापी, दीप्ति-
तेजोमय० } मान्, तेजवाप्रकाश से युक्त।

तेता० गु० तितना।

तेमन० गु० ओदा, गीलाई, व्यञ्जन।

तेरस० ना० स्त्री० त्रयोदशी।

तेरह० गु० दश और तीन १३।

तेरुस० ना० पु० तीसरा वर्ष, त्योरुस।

तेल० ना० पु० चिकना, चिकनाहट, तिलादि का रस।

तेलिन्० ना० स्त्री० तेली की स्त्री।

तेलिया० ना० पु० तेलकासा रङ्ग विशेष।

तेली० ना० पु० तैलकार जाति विशेष।

तेवर० ना० स्त्री० घुमनी, घुमड़ी, गु० तीखड़ा।

तेवराना० अ० क्रि० घुमड़ीमें होना, गिरपड़ना।

तेवरी० ना० स्त्री० घुमड़ी घुमनी, दृष्टि।

तेवहार० ना० पु० पर्व्व, त्योहार।

तेह० ना० पु० क्रोध, झांझ बहादुरी, साहस।

तेहर० ना० स्त्री० स्त्रीकेपांवका गहना विशेष।

तेहा० ना० पु० तेह।

तेही० अव्य० अभी, सर्व्व, उसको।

तैतिल० ना० पु० करणविशेष

तैरना० स० क्रि० पैरना।

तैल० ना० पु० तेल।

तैलकार० ना० पु० तेली।

तैलङ्ग० ना० पु० करणाटक देश वा उसके वासी।

तैलङ्गा० ना० पु० तैलङ्गदेश के लोग, और अंगरेज़ों के प्यादे।

तैसा० गु० तिसके समान, अव्य० त्योंकर।

तो० अव्य० तब, तदा, निस्सन्देह, सर्व्व, तुझ।

तों० अव्य० योंकर।

तोंद० ना० पु० बड़ापेट।

तोंदी० ना० स्त्री० नाभि।

तोंदैल० } गु० जिसका पेट
तोंदैला० } बड़ा है।

तोंही० अव्य० तभी, उसीसमय में।

तोकहं० सर्व्व० तुझको।

तोड़० ना० पु० फूट, नदी की धारा का बल, दही का पानी।

तोड़जोड़० ना० स्त्री० बात बनाना।

तोड़ना० स० क्रि० फोड़ना
रुपया भुनाना, टुकड़
कर्ना।

तोड़ल० ना० पु० कड़ा खगौ
रा हाथके।

तोड़वाना० स० क्रि० फोड़
वाना, टुकड़े करान
रुपया भुनवाना व
भुनाना।

तोड़ा० ना० पु० चटका, स
ख रुपयोंकी थैली, रंज
में आगिलगानेकी वस्
चरची, गलेकी सांक
धन्नी का टुकड़ा।

तोड़ाना० स० क्रि० तोड़वाना

तोतला० गु० हकला।

तोतलाना० अ० क्रि० हक
लाना।

तोता० ना० पु० शुक, सुगा

तोपना० स० क्रि० ढांप
गाड़ना।

तोपाना० स० क्रि० गड़वान

तोबड़ा॰ना॰ पु॰ थैलीजिसमें घोड़े को दाना दिया जाता है।

तोमर॰ना॰ पु॰ बाण, तीर, छन्द विशेष।

तोय॰ना॰ पु॰ जल, पानी।

तोयनिधि॰ना॰ पु॰ समुद्र, जलधि।

तोयपिप्पली॰ना॰ स्त्री॰ जलपीपल।

तोर॰ना॰ पु॰ दहलविशेष, सर्व्व॰ तेरा।

तोरण॰ना॰ पु॰ फूलोंकी माला जो आनन्द वा त्योंहार के दिनबांधतेहैं।

तोरी॰ना॰स्त्री॰ककरीविशेष।

तोल॰ना॰ स्त्री॰ तौल।

तोलक॰ } ना॰ पु॰ बांट जो
तोला॰ } बारहमाशेभरहोता है वा सोलहमाशेभर।

तोष॰ना॰ पु॰ हर्ष, तृप्ति, धीरज।

तोषक॰गु॰ हर्षदाता, धीरज दाता।

तोषित॰गु॰ हर्षित, धीरजवान्।

तोहि॰सर्व्व॰ तुझको।

तौ॰अव्य॰ तब, तो।

तौंसना॰अ॰ क्रि॰ धूपकेकारणसे शिथिलहोना।

तौल॰ना॰ पु॰ जोख, परिमाण की क्रिया।

तौलना॰स॰ क्रि॰ जोखना, परिमाण करना।

तौलवाई॰ } ना॰ स्त्री॰ तौ-
तौलाई॰ } लने का कामवा पैसा।

तौलाना॰स॰क्रि॰जोखवाना

तौलिया॰ } ना॰ स्त्री॰ पात्र
तौली॰ } विशेष।

तौहो॰अव्य॰ अभी।

तैाहू॰ अव्य॰ तथापि।

त्यक्त॰ गु॰ जिसको त्यागदिया।

त्याग॰ ना॰ पु॰ छुड़ाव वैराग्य।

त्यागन॰ ना॰ पु॰ तजन, विराग, छोड़न।

त्यागना॰ स॰ क्रि॰ छोड़ना, तजना।

त्यागी॰ गु॰ वैरागी, छोड़ेहुये।

त्याज्य॰ गु॰ जो त्यागने के योग्य है।

त्यों॰ अव्य॰ तैसे, इस प्रकार, एकही समय में।

त्योंधा॰ गु॰ चुन्धला।

त्योनार॰ ना॰ स्त्री॰ चतुराई, चालाकी।

त्योनारी॰ ना॰ स्त्री॰ स्त्री जो अपनाकामबड़ी चतुरतासे स्वच्छ बनाती है।

त्योरुस॰ ना॰ पु॰ दोवर्षपहिले।

त्योरी॰ ना॰ स्त्री॰ मत्थेकी सकोड़, घुमनी

त्योरीचढ़ाना॰ अ॰ क्रि॰ क्रो-धित होना।

त्योहार॰ ना॰ पु॰ पर्व, पव... आनन्द का दिन।

त्रपा॰ ना॰ स्त्री॰ लाज, ह...

त्रय॰ गु॰ त्रि, ३।

त्रयईषा॰ ना॰ स्त्री॰ तीनि... अर्थात् पुत्र, सम्प... पत्नी।

त्रयगङ्गा॰ ना॰ स्त्री॰ तीनग... अर्थात् मन्दाकिनी, ... गीरथी, प्रभावती।

त्रयताप॰ ना॰ स्त्री॰ तीनत... अर्थात् दैहिक, दै... भौतिक।

त्रयपावक॰ ना॰ पु॰ ती... ग्नि अर्थात् आहवन... दक्षिणाग्नि, गार्ह... अथवा जठरानल, द... नल, वडवानल।

त्रयरेखा॰ ना॰ स्त्री॰ ती... खा, अर्थात् त्रिव... तीनलकीर

त्रयरोग० ना० पु० तीनरोग, अर्थात् वात, पित्त, कफ।

त्रयीतनु० ना० पु० सूर्य्य।

त्रयोदशी० ना० स्त्री० तेरस।

त्र्यम्बक० ना० पु० श्रीशिवजी,

त्रसित० गु० डरताहुआ, भयमान्।

त्रस्त० गु० कायर, डरपोक, नामर्द।

त्राण० ना० पु० रक्षा, निस्तार, उद्धार।

त्राणकर्त्ता० गु० रक्षक।

त्राणी० गु० त्राणकर्त्ता, रक्षक।

त्रात० गु० बचायागया, रक्षित।

त्राता० गु० रक्षक, पालक।

त्रास० ना० पु० भय, दुःख।

त्रासक० गु० भयदायक, दुःखदाता।

त्रासा० } गु० भयमान, डराहुआ।
त्रासित० }

त्राहु० } अव्य० दया चाहने का शब्द, पश्चात्ताप का शब्द।
त्राहि० }

त्रि० गु० तीन, ३ परन्तु यह शब्द विशेष के आगे योग होता है यथा, त्रिभुवन, त्रिपुर।

त्रिंश० गु० तीसवां $\frac{1}{30}$।

त्रिंशति० गु० तीस, ३०।

त्रिक० } ना० पु० गोखुरू।
त्रिकटु० }

त्रिकाल० ना० पु० तीनकाल, अर्थात् भूत, भविष्य, वर्तमान, अथवा, प्रातःकाल, मध्यान्ह, सन्ध्या।

त्रिकुट० ना० पु० सिंघाड़ा

त्रिकुटा० ना० पु० सोंठ, मिरच, पीपर।

त्रिकूट० ना० पु० पर्वत विशेष जिसपर लङ्का है।

त्रिकोण० ना० पु० तीनकोन, तीनकोनेवाला सिंघाड़ा।

त्रिगुण० ना० पु० तीनबेर, तीनगुणअर्थात् सात्विक, राजस, तामस।

त्रिजग० ना० पु० तीनलोक, तिर्यग्।

त्रिजगयोनि० ना० पु० पशु-पक्षी आदि।

त्रिज्या० ना० स्त्री० व्यासार्द्ध, आधाविस्तार।

त्रिदन्ता० ना० पु० महामेदा।

त्रिदश० ना० पु० देवता, गु० तेरह, १३।

त्रिदशकास्यपस्त्री० ना० स्त्री० तेरह कश्यप की स्त्री, अर्थात् दिति, अदिति, कद्रू, विनता, श्रीधामा, भानुयोगेश्वरी, श्रीगातिलका, घरनेलिका, पवनावर्ती, मेधावती, कनकदंष्ट्रा, वन्ध्या, कनकमाला, १३।

त्रिदोष० ना० पु० तीन[illegible] अर्थात् कफ, वात, [illegible] पित्त।

त्रिदशालय० ना० पु० स्व[illegible]

त्रिदिव० ना० पु० स्वर्ग।

त्रिधा० गु० तीनठाम, त[illegible] प्रकार।

त्रिध्वनि० ना० स्त्री० तीनध्व[illegible] अर्थात् मधुर म[illegible] गम्भीर।

त्रिनयन० } ना० पु० श्री[illegible]
त्रिनेत्र० } शिव।

त्रिनेत्रा० ना० स्त्री० भ[illegible] विशेष।

त्रिपथगा० ना० स्त्री० श्रीग[illegible] जी[illegible]

त्रिपद० ना० पु० } तिप[illegible]
त्रिपदी० ना० स्त्री० }

त्रिमर्गी० ना० स्त्री० श[illegible] ० पर्णी

त्रिपादिका० ना० स्त्री० हंस-पादी।

त्रिपु० ना० पु० सीसा, धातु, विशेष।

त्रिपुंसी० ना० स्त्री० इन्द्र वारुणी।

त्रिपुटा० ना० स्त्री० हंसपादी।

त्रिपुटी० ना० स्त्री० निसोत।

त्रिपुण्ड्र० ना० पु० शाक्त मतका तिलकजोआड़ा होताहै, वैष्णव मत का तिलक जो ठाढ़ा होता है।

त्रिपुर० ना० पु० त्रिलोक, दैत्य विशेष।

त्रिपुरारि० ना० पु० श्रीमहा-देवजी।

त्रिपुस० ना० पु० खीरा।

त्रिपौलिया० ना० पु० तीनि द्वार का मार्ग।

त्रिफला० ना० पु० तीन फल, अर्थात् आंवला, हड़, बहेड़ा।

त्रिभङ्गा० गु० तिरछा खड़ा होना।

त्रिभङ्गी० ना० पु० छन्दविशेष, श्री कृष्णचन्द्र जी का एक नाम।

त्रिभुज० गु० तीन भुजा का, तिकोना।

त्रिभुवन० ना० पु० तीनलोक अर्थात् स्वर्ग, मर्त्य, पाताल।

त्रिमुहानी० ना० स्त्री० त्रि-बेणी।

त्रिय० } ना० स्त्री० अबला
त्रिया० } पत्नी, नारी।

त्रिलोक० ना० पु० त्रिभुवन, और ऊर्द्ध, मध्य, अधःवा, उत्तम, मध्यम और नीच।

त्रिलोकी० ना० पु० तीन लोक का समुदाय।

त्रिलोह० ना० पु० पीतल।

त्रिशङ्कु० ना० पु० राजाविशेष।

त्रिशूल० ना० पु० महादेवका अस्त्र विशेष।

त्रिसन्ध्या० ना० स्त्री० तीन संध्या अर्थात् प्रातः काल, मध्यान्ह, संध्या।

त्रिसंध्यास्वरूप० ना० पु० रक्त, शुक्ल, श्याम।

त्रिस्रोता० } ना० स्त्री० श्री
त्रिस्रोता० } गङ्गा जी।

त्रुटि० ना० स्त्री० टूट, न्यूनता।

त्रेता० ना० पु० युग विशेष।

त्रैराशिक० गु० तीन राशिका गणित।

त्रोटक० ना० पु० छन्द विशेष।

त्रोण० ना० पु० तूण, तरकश।

त्वं० सर्व्व, तू।

त्वक्० ना० स्त्री० छाल, स्पर्शेन्द्रिय, खाल।

त्वचा० ना० स्त्री० छिलका, बकला, खाल।

त्वची० ना० पु० बांस, गु० त्वचा धारी।

त्वदंघ्रि० ना० पु० तुम्हारे चरण।

त्वदीय० सर्व्व, तुम्हारो, रामायणे यथा त्वदीय भक्ति संयुतं।

त्वरा० ना० स्त्री० उतावली।

[थ]

थई० ना० स्त्री० वस्त्रादिका ढेर।

थंब० }
थंबा० } ना० पु० खम्भ, थूनी, खम्भ।
थंभ० }

थंभना० अ० क्रि० ठहरना, रुकना, संभलना।

थक० ना० पु० थक्का।

थकथक० गु० लथपथ।

थकना० अ० क्रि० मांदा होना, हारना

थका॰ गु॰ मांदा, हारा।

धीय० ना० स्त्री० बुद्धि, कंन्या।

धीर० गु० ढीला, सन्तोषी, जीवटा, स्थिर, ना० पु० धीरज।

धीरज० ना० पु० धैर्य्य, स्थिरता, साहस, सन्तोष।

धीरजी० गु० दृढ़, सन्तोषी, स्थिर।

धीरता० ना० स्त्री० धैर्य्य, स्थिरता, साहस।

धीरा० गु० कोमल, सन्तोषी, साहसी, विचारशील।

धीरिया० ना० स्त्री० बेटी।

धीरी० ना० स्त्री० नेत्रकीपुतली

धीर०गु० दृढ़, धीरजी, बहादुर।
धीवर०ना०पु० धीमर, कैवर्त्त।
धुंगार० ना० पु० छौंकन, बघार।
धुंगारना०स० क्रि० बघारना, छौंकना।
धुंधकार०ना० पु० अंधेरा।
धुंधकारना०अ० क्रि० धुआं समेत आगका जलना।
धुंधराना०अ० क्रि० अन्धा-होना।
धुंधला०गु० अन्धा, अन्धला, ना० पु० अन्धेरा।
धुंधलाई०ना० स्त्री० अन्धेरा, धुंधलाई।
धुंधेला०गु० छली, ठग।
धुकड़ी०ना० स्त्री० छोटीथैली, पैसारखनेकीहोतीहै।
धुकधुकी०ना० स्त्री० कण्ठका भूषण विशेष, घबराहट, सन्देह, ध्यान।
धुत्ता०ना० पु० धूर्त्तता।
धुन०ना० स्त्री० चसका, लौ, अभ्यास, परिश्रम, टहक, उमङ्ग।
धुनकना०स० क्रि० तूमना, धुनना।
धुनना०स० क्रि० तूमना, पीटना, मारना।
धुनिया० ना० पु० त्रिहना, तूमनेवाला।
धुन्ना०स० क्रि० धुनना।
धुमला० गु० धुन्धा, अन्धा, अन्धेरा।
धुमलाई० ना० स्त्री० अंधियारा।
धुर०ना० पु० आरम्भ, अवधि, पास, बोझ।
धुरपद०ना० पु० गीतविशेष।
धुरसांझ०ना० स्त्री० गोधूली, सायंकाल।
धुरन्धर०गु० धुरीधरनेवाला, ना० पु० धवहृक्ष।

धुरवा॰ ना॰ पु॰ मेघ, काव्ये-
यथा, धुंधुआरे धुरवा
चकपासा। समुझि परे
नहिं अवनिअकासा।

धुरव्य॰ ना॰ पु॰ मेघ।

धुरियाना॰ स॰ क्रि॰ मटिया-
ना, धूललगाना, धूल
फेंकना।

धुरी॰ ना॰ स्त्री॰ काष्ठवालोहे
की वस्तु जिसपर पहिया
फिरता है।

धुलना॰ अ॰ क्रि॰ स्वच्छहोना,
पाकहोना, धोजाना।

धुलवाना॰ स॰ क्रि॰ धुलाना।

धुलाई॰ ना॰ स्त्री॰ वस्त्रधोने
का काम वा पैसा।

धुलाना॰ स॰ क्रि॰ मैलनिक-
लाना, वस्त्रकोस्वच्छ
करवाना।

धुलेंडी॰ ना॰ स्त्री॰होली का
दूसरादिन।

धुस्सा॰ ना॰ पु॰ लोई, ऊर्ण-
वस्त्र विशेष।

धूआं॰ } ना॰ पु॰ धुंवा, धूम
धूंवा॰ }

धूंवारा॰ ना॰ पु॰ धुंवानिक
लने का स्थान।

धूंधरा॰ ना॰ पु॰ अंधेरा।

धूत॰ गु॰ धूर्त्त।

धूति॰ ना॰ स्त्री॰ ठग, छली
यथा, तुलसी रघुब
सेवकहि सकेन कलि
युगधूति।

धूना॰ ना॰ पु॰ राल।

धूनी॰ ना॰ स्त्री॰ धुंवा, अ
गजो साधुलोग ताप
हैं, गु॰ स्थिर।

धूप॰ ना॰ स्त्री॰ घाम, सुग
द्रव्यजो पूजामें जला
चढ़ाते हैं, वृक्षविशेष
उसका काष्ठविशेष।

धूपना॰ स॰ क्रि॰ राललगाना, धूपजलाना ।

धूपित॰ गु॰ धूपदियागया ।

धूम॰ ना॰ पु॰ धुंवा, ना॰ स्त्री॰ रौला, बखेड़ा, उत्पात, भीड़ ।

धूमकेतु॰ ना॰ पु॰ अग्नि ।

धूमधाम॰ ना॰ पु॰ धुंवांका घर, छुड़ा, रौला, बनाव ।

धूमपुष्पा॰ ना॰ स्त्री॰ अग्नि जिह्वा विशेष ।

धूमयोनि॰ ना॰ पु॰ मेघ, बादल ।

धूमर॰ धूमरा॰ धूमल॰ धूमला॰ } गु॰ भदमैला, धुमैला, धुंवाका रङ्ग ।

धूमशिखा॰ ना॰ पु॰ अग्नि ।

धूमशीर्षा॰ ना॰ स्त्री॰ अग्नि जिह्वा विशेष ।

धूम्रा॰ गु॰ धूमला ।

धूम्री॰ गु॰ उत्पाती, जिसकीधूम होरही ।

धूम्र॰ ना॰ पु॰ धूंवां, ऊंट ।

धूम्रपान॰ ना॰ पु॰ धुवांका पीना ।

धूम्रपानयंत्र॰ ना॰ पु॰ हुक्का ।

धूम्रयोनि॰ ना॰ पु॰ मेघ, बादल ।

धूम्राक्ष॰ ना॰ पु॰ राक्षस विशेष,

धूर॰ ना॰ स्त्री॰ धूलि ।

धूरा॰ ना॰ पु॰ जो रोगी के हाथ पांव आदि में रगड़ते हैं ॥

धूरि॰ ना॰ स्त्री॰ धूलि ।

धूरी॰ ना॰ स्त्री॰ धुरी ।

धूर्त्त॰ गु॰ नटखट, शठ, ठग, ना॰ पु॰ धतूरा ।

धूर्त्तता॰ ना॰ स्त्री॰ ठगई, शठता ।

धूल० } नाoस्त्रीoरज, रेणु,
धूलि० } खाक।

धूसना० सo क्रिo ठांसना, भरना, दबाना।

धूसर० गु० मिट्टी लगाये हुये-नाo पु० जाति विशेष।

धूसरि० नाo स्त्रीo धूलि।

धूहा० नाo पुo धोखा, पक्षी आदिके डराने के लिये खेत मेंगाड़ते हैं, तूदा।

धृक्० } अव्यo धिक्।
धृग्० }

धृत० गुo जो धारण किया जाय, रक्खा गया।

धृतराष्ट्र० नाo पुo दुर्योधन का पिता।

धृति० नाo स्त्रीo दृढ़ता, कामोंमें धीरज।

धृष्ट०गु० विशारद, चतुर,परिपूर्ण, पण्डित, शाली।

धेंगामुष्टी०नाoस्त्रीघूसमघूसा।

धेनु० नाo स्त्रीo गायवा बछड़ासमेत गाय, दुधार गाय।

धेनुक० नाo पुo खर रूपी दैत्य विशेष।

धेनुमति० नाo स्त्रीo गोमती नदी।

धेला० नाo पुo अधेला।

धेली० नाo स्त्री० अधेली, आधा रुपया।

धैर्य्य० नाo पुoधीरता,धीरज

धैर्य्यवान्० गुo धीरजी, संतोषी।

धैवत० नाo पुo रागका स्वर विशेष।

धोआ० नाo पुo फलकी डाली।

धोई० नाoस्त्रीo भिगोई हुई दाल।

धोंवाला० ना० पु० धुंवा निकलनेका मार्ग।

धोक० ना० स्त्री० देवता के आगे झुकना, आड, तकिया।

धोकड० गु० महा बली।

धोखा० ना० पु० भ्रम, छल, धांधल।

धोता० ना० पु० धूर्त्त, पाखण्डी।

धोती० ना० स्त्री० कटि में पहिरनेका वस्त्रविशेष।

धोना० स० क्रि० पखारना, फीचना।

धोप० ना० स्त्री० खड्गविशेष।

धोब० ना० स्त्री० पछालन, धोने का काम।

धोबिन्० ना० स्त्री० धोबी की स्त्री०।

धोबी० ना० पु० कपड़ा धोने वाला।

धोरी० ना० स्त्री० मुख्यबैल जो गाड़ी में सबसे पहिले मचाया जाताहै।

धौ० ना० पु० वृक्ष विशेष।

धौं० अव्य० अथवा, वा, मानो, या।

धौंक० ना० स्त्री० हंफाहट, आंच, आग।

धौंकना० स० क्रि० धोकनीसे आग फूकना।

धौंकनी० ना० स्त्री० धोंकी, खलेती जिससे आगको प्रचण्डकरतेहैं, निगाली।

धौंकी० ना० स्त्री० धौंकनी।

धौंताल० गु० धनवान, बलवान्, सूर्मा, दुर्जन।

धौंताली० ना० स्त्री० धन, बल, सूर्मापन, दुष्टता।

धौंन० ना० पु० चारि पंसेरी का परिमाण।

धौंस० ना० पु० दौड, धंकी।

धौंसा० ना० पु० बड़ाडंका।

धौंसिया० ना० पु० दौड़करने वालों का प्रधान।

धौर० ना० पु० कपोत की जाति विशेष।

धौरा० गु० धोला।

धौल० ना० स्त्री० टीप, थप्पड़।

धौलधप्पा० ना० पु० धप्पा धप्पी।

धौला० गु० श्वेत, सफ़ेद।

धौलाई० ना० स्त्री० उज्ज्वलता, गोराई।

धौलाना० } स० क्रि० थप्पड़
धौलियान्० } मारना, मुकियाना।

ध्यान० ना० पु० विचार, सोच, चिन्ता।

ध्यानी० गु० विचारवान्, सोंची।

ध्याना० } स० क्रि० सोचना,
ध्यावना० } विचारना, मानना, भजना, गाना यशका।

ध्रुव० ना० पु० धुरी, योग, राग विशेष, दैत्य विशेष, उत्तर दक्षिणकेन्द्र, स्थान में प्रायस्थिर एकतारा, उत्तानपाद का पुत्र भक्त विशेष, गु० स्थिर, अचल, सनातन, निश्चय।

ध्रुवतारा० ना० पु० उत्तर दक्षिण केन्द्रमें प्रायस्थिर एक तारा।

ध्रुवनन्दा० ना० स्त्री० श्रीगंगाजी।

ध्रुवपद० ना० पु० ध्रुरपद गीत बिशेष।

ध्रुवमत्स्ययंत्र० ना० पु० कुतबनुमा।

ध्रुवा० ना० स्त्री० शालपर्णी, कील, लगाव।

ध्वंस० ना० पु० नाश।

ध्वंक्षोली० ना० स्त्री० काकोली

ध्वज० ना० स्त्री० झण्डा, पताका, ध्वजा।

ध्वजिनी॰ ना॰ स्त्री॰ सेना, फ़ौज।

ध्वजा॰ ना॰ स्त्री॰ पताका।

ध्वनि॰ ना॰ स्त्री॰ शब्द, बाजे का शब्द।

ध्वनित॰ गु॰ संक्षेप से कथित।

ध्वनी॰ ना॰ स्त्री॰ नदी, गु॰ शाब्दक।

ध्वन्यात्मक॰ गु॰ शब्द विशेष जिसमें वर्णविवरणहो।

ध्वस्त॰ गु॰ भ्रष्ट, खराब।

ध्वान॰ ना॰ पु॰ शब्द।

ध्वान्त॰ ना॰ पु॰ अंधियारा, काव्ये यथा, यथा ध्वान्त विध्वंस आदित्यकारी, तथा देवविप्रौघ शोक प्रहारी।

[न]

न॰ अव्य॰ अ॰ नहीं।

नक॰ ना॰ स्त्री॰ नाक।

नकचढ़ा॰ गु॰ क्रोधी, चिड़ चिड़ा

नकछिकनी॰ ना॰ स्त्री॰ पौधा विशेष।

नकटा॰ गु॰ नाक कटा।

नकड़ा॰ ना॰ पु॰ नाक में रोग विशेष।

नकतोडा॰ गु॰ हंसोड, धूर्त्त।

नकसीर॰ ना॰ स्त्री॰ नाक की शिरा।

नकार॰ अव्य॰ ना॰ पु॰ अस्वीकार।

नकारना॰ स॰ क्रि॰ नकार, करना, मुकरना।

नकुल॰ ना॰ पु॰ न्यौला सांप का वैरी, बगुला, पाण्डु का पांचवां पुत्र।

नकुआ॰ ना॰ पु॰ नाक, अग्र।

नकेल॰ ना॰ स्त्री॰ काठ की वस्तु विशेष जो ऊंट की नाक में पहिनाते हैं।

नक्का० ना० पु० पांसे वा ताश का दुक्का ।

नक्की० ना० स्त्री० नाकसे बोलना, जूप में एक बढ़ना गण्डे से ।

नक्कीमूठ० ना० स्त्री० द्यूत विशेष, जूआ विशेष ।

नक्कू० गु० अपयशी, बदनाम ।

नक्र० ना० पु० कुम्भीर, मगर नाका ।

नख० } ना० पु० अंगुलियों
नखर० } के अग्र परका अस्थि भाग, नाखून, नह ।

नखरेखा० ना० स्त्री० खसोट, बकोट ।

नखियाना० स० क्रि० खसोटना, बकोटना ।

नखी० गु० नख धारी, नख वाला पशु ।

नग० ना० पु० अंगूठी का पाषाण विशेष, मणि, पर्वत, दृच धाम ।

नगचाई० ना० स्त्री० अवाई ।

नगचाना० अ० क्रि० पास आना ।

नगचाहट० ना० स्त्री० नगचाई ।

नगदौना० ना० पु० पौधा विशेष ।

नगन० ना० पु० हाथी, गु० नग्न ।

नगभिन्नक० ना० पु० पाषाण भेद ।

नगर० ना० पु० शहर, पुरी, ग्राम ।

नगरकोट० ना० पु० कोट कांगड़ा ।

नगरनारी० ना० स्त्री० गणिका, वेश्या ।

नगरवर्ती० ना० पु० नगर वासी ।

नगरवासी० गु० पुरीवा शहर का वासी ।

नगरी॰ ना॰स्त्री॰ छोटानगर, बस्ती।

नगा॰ ना॰ स्त्री॰ नारी, स्त्री।

नग्न॰ नङ्ग॰ नङ्गा॰ } गु॰ दिगम्बर, वस्त्रहीन।

नङ्गी॰ ना॰ स्त्री॰ नग्न स्त्री।

नचवाना॰ स॰ क्रि॰ नचाना, नाचकराना।

नचवैया॰ ना॰ पु॰ नाचने हारा।

नचाना॰ स॰क्रि॰नाचकराना।

नट॰ ना॰ पु॰ दीठबन्दों वा नाचने हारों की जात विशेष,कौतुकी,स्वांगी।

नटखट॰ गु॰ धूर्त,कपटी,छली, फरफन्दिया।

नटखटी॰ ना॰ स्त्री॰ धूर्तता, कपट, छल, फरफन्द।

नटत॰ क्रि॰ अस्वीकार करता है, नाचता है।

नटना॰ अ॰ क्रि॰ नमानना, अस्वीकार करना।

नटनागर॰ ना॰ पु॰ चरतु। नट, डीठबन्द,टोनहा।

नटभूषण॰ ना॰ पु॰ हरताल, नटका भूषण।

नटवर॰ नटवा॰ } ना॰पु॰ डीठबन्द, टोनहा।

नटसाल॰ ना॰पु॰टूटाकांटा।

नटिन्॰ नटिनी॰ } ना॰ स्त्री॰ नटकी स्त्री।

नटी॰ ना॰ स्त्री॰ वेश्या, नाचनेहारी।

नटुआ॰ नटुवा॰ } ना॰ पु॰ नटवा।

नठना॰ अ॰ क्रि॰ नशना, बिगड़ना,स॰क्रि॰नाशना, बिगाड़ना।

नत॰ गु॰ नम्र, ना॰ पु॰ तगरु ओषधि, अव्य॰ नतरु, नहीं तो।

नतरु० अव्य० नहीं तो।

नताङ्गी० ना० स्त्री० ककरासिंघी।

नति० ना० स्त्री० प्रणाम, नमस्कार।

नतिनी० ना० स्त्री० नातिन्, दौहित्री।

नतैत० ना० पु० नातेदार, सम्बन्धी, गोतैत।

नथ० ना० स्त्री० नाक में का गहना विशेष, नथुनी।

नथना० अ० क्रि० छिदना, फसना, ना० पु० नथुना।

नथनी० ना० स्त्री० नाथने का अस्त्रविशेष, नथुनी।

नथी० गु० छिदी, फंसी।

नथुआ० ना० पु० छिदुआ।

नथुई० ना० स्त्री० छिदुई।

नथुना० ना० पु० नाक का मार्ग।

नद० ना० पु० ब्रह्मपुत्रादि जल प्रवाह विशेष।

नदिया० ना० स्त्री० छोटी-नदी, ना० पु० नगर विशेष।

नदी० ना० स्त्री० जो जल की धारा पर्वतादि से निकलकर देशान्तरों में होकर समुद्र में जावे, जैसे गङ्गा और सिन्धु आदि।

नदीकान्ता० ना० स्त्री० कागजंघाबूटी।

नदोला० ना० पु० नाद।

ननद० } ना० स्त्री० ननदी
ननदिया० } पति की बहिन्।

ननदी० ना० स्त्री० पति की बहिन्।

ननिहाल० ना० पु० नाना का घर वा घराना।

नन्द० ना० पु० श्री कृष्णचन्द्र के कथित पिता, बेटा नौ ९।

नन्दन ० ना० पु० देव उपवन, देववन, चन्दन, लड़का गु० आनन्ददाता।

नन्दलाल ० ना० पु० श्रीकृष्ण चन्द्रजी।

नन्दिग्राम ० ना० पु० बस्ती विशेष, जहां भरतजी तपस्या करते थे।

नन्दिनी ० ना० स्त्री० पार्व्वती, पुत्री, पत्नीकी बहिन, प्रियंगु, सोंठि, हर्र।

नन्दी ० ना० पु० शिवजी का वाहन।

नन्दीगण ० ना० पु० शिवजी का गण।

नन्दीघोष ० ना० पु० रथजो, अग्निदेवने अर्जुन को दियाथा।

नन्दोई ० ना० पु० पतिकीबहिन का स्वामी, ननद का पति।

नन्दोला ० ना० पु० नांद।

नन्दोसी ० ना० पु० नन्दोई।

नन्हा ० गु० छोटा, लघु।

नपुंसक ० ना० पु० क्लीव, हीजड़ा, मोर।

नपुंसकलिङ्ग ० ना० पु० तीसरालिङ्ग।

नभः ० ना० पु० आकाश, आश्रय, और आवणमास।

नभग ० गु० पक्षी, नक्षत्र, ग्रह, देवता।

नभगनाथ ० ना० पु० गरुड़, चन्द्रमा।

नभगामी ० गु० पक्षीआदि, नभग।

नभगेश ० ना० पु० नभगनाथ, गरुड़, चन्द्रमा।

नभश्चर ० ना० पु० आकाश में उड़नेहारे, यथा पक्षी, तारागण, ग्रह, देवता।

नभस्य ० ना० पु० भाद्रपद।

नभस्वत् ० ना० पु० पवन, वायु।

नमः० ना० पु० नमस्कार, त्याग।

नमत० गु० प्रणामकरते।

नमन० गु० सदृश, समान।

नमस्कार० ना० पु० प्रणाम, सन्मानका बोधक।

नमस्कारी० ना० पु० लजालू।

नमस्य० गु० नमस्कारकेयोग्य।

नमामि० क्रि० नमस्कार करता हूं।

नमित० गु० नीचेसिर किये, शिरझुकाये, नमस्कार करते।

नमो० ना० पु० नमस्कार, वा प्रणामकरताहूं, दोहा, नमोनमो शुकदेव जी करोंप्रणाम अनन्त। तुव प्रसादस्वरभेदको चरणदासवरनन्त १, इतिस्वरोदये।

नम्र० गु० विनयी, मिलनसार, आधीन, नर्म।

नम्रता० ना० स्त्री० आधीनता विनय, नर्मी।

नय० ना० पु० नीति, क़ानून

नयन० ना० पु० नेत्र, आंख

नयनअमिय० ना० पु० नेत्र का अमृत, यथा, श्रीगुरुप दरजमञ्जुलअञ्जन। नय अमिय दृग दोष विभ ञ्जन। इतिरामायणे।

नया० गु० नवीन, ताज़ा।

नर० ना० पु० मनुष्य, पुरु पुंस।

नरक० ना० पु० पापों के भो फलकास्थान, दैत्यवि जिसे भौमासुर भी क ते हैं।

नरकट० ना० पु० सरकण्ड तृणविशेष जिसकी च बनती हैं।

नरकसी० ना० स्त्री० ह गवा

नरकुल॰ ना॰ पु॰ नरकट।
नरपति॰ ना॰ पु॰ मनुष्यों का रक्षक, राजा।
नरपुर॰ ना॰ पु॰ मर्त्यलोक।
नरवाहन॰ } ना॰ पु॰ कुवेर,
नरयानी॰ } यक्षराज।
नरसिङ्गा॰ ना॰ पु॰ बाजाविशेष, तुरही।
नरसिङ्गिया॰ ना॰ पु॰ नरसिङ्गाबजानेहारा।
नरसिंह॰ ना॰ पु॰ विष्णु का चौथा अवतार।
नरसों॰ अव्य॰ बीता हुआ चौथादिन, चौथादिन आनेवाला।
नरहड़॰ ना॰ पु॰ पिण्डली की हड्डी।
नरहरि॰ ना॰ पु॰ नरसिंह जी, कवि विशेष।
नरहरिदास॰ ना॰ पु॰ गोसाईं तुलसीदास के सद्गुरु।

नरान्तक॰ ना॰ पु॰ नरों का काल, दैत्य विशेष।
नरिया॰ ना॰ स्त्री॰ छोटीनाली, खपरा।
नरी॰ ना॰ स्त्री॰ चर्म विशेष, लोहेका यन्त्र विशेष, जिसमें बानेका सूत रखते हैं।
नरूख॰ गु॰ पुल्लिङ्ग।
नरट॰ ना॰ पु॰ } सांसी,
नरटा॰ ना॰ पु॰ } नली,
नरटी॰ ना॰ स्त्री॰ } नटई।
नरेन्द्र॰ } ना॰ पु॰ राजा,
नरेश॰ } बहुतदेश का प्रतिपालक।
नरोत्तम॰ गु॰ अच्छा मनुष्य, ना॰ पु॰ श्रीकृष्णजी।
नर्त्तक॰ ना॰ पु॰ नाचनेहारा।
नर्त्तकी॰ ना॰ स्त्री॰ नीच, नाचनेवाली।

नर्त्तन० ना० पु० नाच, नृत्य।

नर्मदा० ना० स्त्री० नदीविशेष।

नल० ना० पु० मुख्यवानर, मुख्यराजा, कुवेरका पुत्र, नड़कुल, फोंफी, खोखल।

नलकूवर० ना० पु० कुवेर के बालक।

नलपुरष्टिक० ना० पु० कलिहारी।

नला० ना० पु० उदर में स्थान विशेष।

नलिका० ना० स्त्री० नली, नाड़ी।

नलिन० ना० पु० कमल।

नलिनी० ना० स्त्री० बहुतनलिनका संयोगस्थान वा कमलिनी।

नली० ना० स्त्री० नरेटी, फोंफी, नाल, नरहड़, लोहेका यन्त्र जिसमें सूतरख कर बिनते हैं।

नलुआ० ना० पु० भारी बां... का एक पोड़ जो पच... आदि रखने के का... आता है।

नव० गु० गिनती विशेष, ... नया।

नवखण्ड० ना० पु० पृथ्वी ... नौभाग अर्थात् भरतख... ण्ड, इलावर्त, किं पुरु... भद्र, केतुमाल, हिरण... रम्य, हरि, कुरुखण्ड।

नवजल० ना० पु० प्रथम वर्ष... नयापानी।

नवयौवना० ना० स्त्री० जो... वनवती।

नवद्वार० ना० पु० शरीर ... नौ द्वार अर्थात्, आंख... कान २ नाक २ मु... गुदा, लिङ्ग।

नवधा० गु० नौप्रकार।

नवधाभक्ति० ना० स्त्री० नौप्रकारकी भक्ति अर्थात्, सत्संग, हरिकथा, गुरुसेवा, हरिगुणगान, वेदपाठ, सज्जनधर्म, समभाव, लाभालाभसम, हरिशरण।

नवधाभजन० ना० पु० नौप्रकार का भजन, अर्थात्, हरिगुण श्रवण, हरिगुणकीर्त्तन, हरिस्मरण, हरिपदसेवन, हरिअर्चन, हरिपदवन्दन, दास्यभाव, मित्रभाव, आत्मज्ञान ९।

नवनाटिका० ना० स्त्री० नौस्वांसा अर्थात् इड़ा, पिङ्गला, सुषम्णा, पयस्विनी, कुहू, गन्धारी, शंखिनी, पूषा, अलम्बुषा।

नवनि० ना० स्त्री० झुकनि, प्रणाम।

नवनिधि० ना० स्त्री० कुवेर काधन।

नवनीत० ना० पु० मक्खन, नैनू, मसका।

नवबधू० ना० स्त्री० नईबधू, नईदुलहन्।

नवबाला० ना० स्त्री० नवजोबना।

नवम० गु० नवां $\frac{1}{9}$।

नवमांश० ना० पु० नवांभाग।

नवमी० ना० स्त्री० नवींतिथि, नवीं।

नवरङ्ग० ना० पु० कामदेव, नयारङ्ग, नौरङ्ग।

नवरत्न० ना० पु० बाङ्गमेंपहिरनेके लिये भूषण विशेष।

नवरस ० ना० पु० नयारस वा नौप्रकारका रस अर्थात् शृङ्गाररस, वीररस, वीभत्स, शान्तरस, भद्र रस, करुणारस, अद्भुत, हास्य, भयानक ९ ।

नवल ० गु० सुन्दर, नया, ना० पु० केडापौधा ।

नवला ० ना० स्त्री० नवबाला, नवयोवना ।

नवा ० ना० गु० नया ।

नवाड़ा ० ना० पु० नावविशेष ।

नवाना ० स० क्रि० झुकाना, झुकाना, दोहरा, आधीनकराना ।

नवाना ० अ० क्रि० रमना, भटकना ।

नवारी ० ना० स्त्री० पुष्पविशेष वा उसका वृक्ष ।

नवासी ० गु० अस्सी और नौ, ८९ ।

नवी ० ना० स्त्री० रस्सी जिससे गायके पांव दूध दुहते समय बांधते हैं ।

नवीन ० गु० नया, ताज़ा ।

नवीनता ० ना० स्त्री० नयापन ।

नवोढ़ा ० ना० स्त्री० नईस्त्री, नवयौवना ।

नवोद्भिद ० ना० पु० अङ्कुर, अंखुआ ।

नव्य ० गु० नया, नवीन, उपरा ।

नव्वे ० गु० नवदहाई, ९० ।

नश्वर ० गु० नाशवान्, विनाशी, झूंठ ।

नशावा ० क्रि० मिटाया, नाशदिया ।

नखत ० ना० पु० नक्षत्र, तारागण, तारा ।

नष्ट ० गु० जिसका नाशहोगया भ्रष्ट ।

नष्टता ० ना० स्त्री० भ्रष्टता ।

नष्टा० ना० स्त्री० व्यभिचारिणी।

नस० ना० स्त्री० नाड़ी, रग।

नसाना० स० क्रि० नाशकरना, बिगाड़ना।

नसी० ना० स्त्री० फालेकाअग्र भाग, वाफालाजोनोहे का हलमेंलगता हे।

नस्य० गु० सानुनासिक, ऊलास, जो नासिका से सूंघते हैं।

नह० ना० पु० नख, नाखून।

नहक० गु० दुबला, पतला, सुखटा।

नहट्टा० ना० पु० बकोट, खसोट।

नहनी० ना० स्त्री० नहनीं, रुखानाविशेष।

नहरवा० ना० पु० रोगविशेष।

नहनीं० ना० स्त्री० नखकाटने का अस्त्र विशेष।

नहलाना० स० क्रि० स्नान कराना, नहाना।

नहान्० ना० पु० स्नान।

नहाना० अ० क्रि० स्नानकरना।

नहारमुह० अव्य० विनाखाये।

नहारू० ना० पु० चमड़े का टुकड़ा।

नहियर० ना० पु० स्त्री की ससुराल वा मैका।

नहीं० अव्य० निषेध, न।

नक्षत्र० ना० पु० तारा, तारा-गण।

ना० अव्य० नहीं।

नाईं० अव्य० प्रकार सदृश, समान।

नाइन्० ना० स्त्री० नाई की जोरू।

नाई०, नाऊ० } ना० पु० नापित, जातिविशेष, छौरकार।

नाक० ना० पु० आकाश, स्वर्ग, स्त्री, नासिका।

नाकड़ा० ना० पु० नाक में रोगविशेष।

नाकपति० ना० पु० इन्द्र।
नाकनटी० ना० स्त्री० अप्सरा, परी।
नाका० ना० पु० मार्गवा पेड़ का अन्त, सूईका छेद, गलो, नक्र, जलजन्तु विशेष।
नाकिन० ना० स्त्री० नाककीस्त्री।
नाग० ना० पु० सांप, पच, हाथी, दुष्टनर, सूक्ष्मवायु भेद।
नागउरग० ना० पु० सीसा- धातु।
नागकंन्या० ना० स्त्री० कंन्या जो पाताल में रहती है, सुलोचना, मेघनाद की बीबी।
नागकेसर० ना० पु० पुष्प विशेष।
नागगर्भ० ना० पु० सिन्दूर, बन्दन।
नागचाम्पेय० ना० पु० नाग- केसर।
नागज० ना० पु० सिन्दूर, बन्द
नागदन्ती० ना० स्त्री० इन्
वारुणी।
नागदमनी० ना० स्त्री० ना
गदौन।
नागदौन० ना० पु० पौध
विशेष, मरुआ।
नागन० ना० स्त्री० सांपिनी
नागनी० ना० स्त्री० पान
नागकी स्त्री।
नागपञ्चमी० ना० स्त्री० आ
वण शुक्लपञ्चमी क
पर्व्व विशेष।
नागपत्नी० ना० स्त्री० सांपि
न, नागिन।
नागपाश०, नागपास० ना० पु० पांस
वा बन्धनविशे
नागपुर० ना० पु० नगरविशे
नागलोक।
नागफांस० ना० स्त्री० फां
विशेष।

नागबला॰ ना॰ स्त्री॰ गंगेरुआ।

नागबल्ली॰ ना॰ स्त्री॰ नागबेलि।

नागबेलि॰ ना॰ स्त्री॰ पान आदि।

नागभाषा॰ ना॰ स्त्री॰ प्राकृत भाषा जो पातालके रहने हारे बोलते हैं।

नागमाता॰ ना॰ स्त्री॰ कद्रू, मनसिल।

नागर॰ ना॰ पु॰ गुजराती ब्राह्मणकी जाति विशेष, नगरोत्पन्न अर्थात् चतुर, और पानी औरा, सोंठि।

नागरङ्ग॰ ना॰ पु॰ नारङ्गी।

नागरमोथा॰ ना॰ पु॰ सुगन्धितणविशेष का मूल।

नागरि॰ } ना॰ स्त्री॰ चतुरस्त्री, नागरकी स्त्री।
नागरिन्॰ }

नागरिपु॰ ना॰ पु॰ न्यौला, मोर, गरुड़, सिंह।

नागरी॰ ना॰ स्त्री॰ संस्कृत के अक्षर, चतुरस्त्री।

नागल॰ ना॰ पु॰ हलखेत जोतने का।

नागा॰ ना॰ पु॰ संन्यासी, नग्न।

नागाह्वा॰ ना॰ स्त्री॰ नागदौन।

नागारि॰ ना॰ पु॰ नागरिपु।

नागार्जुन॰ ना॰ पु॰ सहस्त्र बाहु राजा विशेष।

नागिन्॰ } ना॰ स्त्री॰ सांप की स्त्री।
नागिनी॰ }

नागौर॰ ना॰ पु॰ मारवाड़ देशके पासका प्रदेश।

नाघना॰ } स॰ क्रि॰ लांघना, पार जाना।
नाङ्घना॰ }

नाच॰ ना॰ पु॰ नृत्य।

नाचना॰ अ॰ क्रि॰ नाच करना, कूदना।

नाज॰ ना॰ पु॰ अन्न, अनाज।

नाट० ना० पु० बासा।

नाटक० ना० पु० ग्रन्थविशेष।

नाटा० गु० ठिंगना, टेनी।

नाटिका० ना० स्त्री० नाड़ी।

नाटी० ना० स्त्री० छोटी, ठिंगनी।

नाठि० ना० स्त्री० नाश, विनाश।

नाठी० गु० नाशगई।

नाड़० ना० स्त्री० ग्रीवा, नाली।

नाड़िका० ना० स्त्री० एकघड़ी।

नाड़ी० ना० स्त्री० पेटमेंकी नस, रोगपरीक्षा के लिये हाथमें की एकरग, स्वासा, नस, नली।

नाड़ीतिक्त० ना० पु० चिरायता।

नाड़ीधम० ना० पु० सोनार, स्वर्णकार।

नाड़ीमण्डल० ना० पु० नाड़ियों का समूह।

नाड़ीज्ञान० ना० पु० रोग परीक्षा, और स्वास का ज्ञान।

नात० ना० पु० सम्बन्ध, रिश्त ह, बिरादरी।

नातर० } अव्य० नान्यथ
नातरु० } नहीं तो।

नाता० ना० पु० सम्बन्ध।

नातिन० ना० स्त्री० कन्या क कन्या, बेटाकी बेटी।

नाती० ना० पु० बेटीका पु बेटाका पुत्र, रामाय यथा उत्तमकुल पुल के नाती, शिव विर पूजे बहुभांती।

नाथ० ना० पु० स्वामी, प्र ना० स्त्री० बैलकी न कीरस्सी, घावकीबत्ती।

नाथना० स० क्रि० छेदन बैल की नाक में र डालना।

नाथित० गु० जो नाथागया।

नाद० ना० पु० शब्द, गरज, गीत, राग।

नादना० स० क्रि० आरम्भ-करना।

नादिया० ना० पु० नन्दी, पशु विशेष जो जोगियों के पासहोता है।

नाधना० स० क्रि० जुयेमें लगाना, आरम्भकरना।

नाधा० ना० पु० तालाब वा नदी मेंसे पानीनिकालने का गढ़ा।

नानक० ना० पु० सिक्खों का गुरु विशेष।

नाना० ना० पु० माताकापिता, गु० अनेक, बहुत, समूह।

नानाकार० गु० बहुतरूपके, अनेकप्रकारके।

नानाकारण० ना० पु० अनेकप्रकारके कारण।

नानाप्रकार० } गु० अनेक-
नानाभांति० } प्रकार।

नानारूप० ना० पु० अनेक रूप।

नानार्थ० ना० पु० अनेकअर्थ।

नानाविधि० गु० अनेकप्रकार।

नानी० ना० स्त्री० माता की माता।

नान्द० ना० स्त्री० नांद, मिट्टी का बड़ाबर्तन विशेष।

नान्दिया० ना० पु० शिवका वाहन, वृषभ।

नान्दीमुख० ना० पु० श्राद्ध विशेष जो पुत्र जन्म के पीछेहोता है वा विवाहादिमें।

नान्धना० स० क्रि० आरम्भ करना।

नान्यतर० } अव्य० अन्यथान-
नान्यथा० } हीं, असत्यनहीं।

नाप० नाο स्त्री० माप, परिमाण ।

नापना० स० क्रि० मापना, परिमाण करना ।

नापित० नाο पु० नाई, हज्जाम ।

नाभि० नाο स्त्री० पेटके मध्य का स्थान, ढोंढ़ी, तोंदी, नाο पु० राजाविशेष ।

नाम० नाο पु० कीर्त्ति, यश, विख्याति, संज्ञा ।

नामकरण० नाο पु० संस्कार विशेष, नामरखना ।

नामानि० नाο पु० नाम का बहुवचन ।

नामी० गु० प्रसिद्ध, कीर्त्तिमान्, विख्यात, यशी, मशहूर ।

नायक० नाο पु० मुखिया, प्रधान, स्वामी, सुन्दर रीतिसे गायकवानर्त्तक, बनजारोंका प्रधान ।

नायका० नाο स्त्री० नायिका ।

नायन्० नाο स्त्री० नाई की जोरू ।

नायिका० नाο स्त्री० नायक की स्त्री, धर्मी, चिया कुट्टनी ।

नार० नाο स्त्री० नारि, नाल भुण्ड, ग्रोवा ।

नारक० नाο पु० नरक ।

नारकी० गु० नरकनिवासी नरकी ।

नारङ्क० नाο पु० } फल
नारङ्गी० नाο स्त्री० } विशेष

नारद० नाο पु० मुनिविशेष

नारा० नाο पु० नाला, कमर बन्द ।

नाराच० नाο पु० बाण, तीर

नारायण० नाο पु० श्रीभग वान् ।

नारायणी० ना० स्त्री० लक्ष्मी, छतावरपौधा, नारायण सम्बन्धी, ज्योति विशेष।

नारि० ना० स्त्री० स्त्री, अबला, नाडी, जिसमें बाने का सूत रख कर बुनते हैं, बन्दूक बिनाकाठ, बांस का पोढ़ जिसमें लोन पानी आदि भरके बैल गायआदिको पिलाते हैं।

नारिकेर०
नारिकेल०
नारियल० } ना० पु० फल विशेष।

नारियली० ना० पु० नारियल का ऊक्का।

नारी० ना० स्त्री० अबला, स्त्री० नाड़ी० सागविशेष, जिसे कर सुआ कहते हैं।

नाल० ना० पु० कमलादि की डण्डी, नार, फोंफा, नल, नली।

नालकी० ना० स्त्री० पालकी विशेष।

नाला० ना० पु० जल निकलने का मार्ग।

नालिसिन्दूक० ना० पु० संभालू।

नाली० ना० स्त्री० मुहरी छोटा नाला, जिसगढ़े में दण्ड करते हैं, जिस काठ को चढ़ाते हैं।

नाव० ना० स्त्री० नौका, तरनी।

नावना० स० क्रि० झुकाना, डालना, नवाना।

नावरि० ना० पु० निवारा, जलक्रीड़ा।

नाविक० ना० पु० मांझी, नाव वा जहाज़ चलाने हारा, मल्लाह, कप्तान्।

नाशक० गु० नाश करने हारा, मिटाने हारा।

नाशन० ना० पु० मिटावन, मेटन।

नाशना० स० क्रि० मिटाना, ध्वंस करना, नासना।

नाशपाती० ना० स्त्री० फल विशेष।

नाशा० ना० स्त्री० नासिका।

नाशास्फोटन० ना० पु० नक छीकनी पौधा।

नाशिका० ना० स्त्री० नासिका, नाक।

नास० ना० पु० सुंघनी, हुलास।

नासना० अ० क्रि० भागना, स० क्रि० नाश कर्ना।

नासा० ना० स्त्री० नाक, नाकड़ा।

नासिका० ना० स्त्री० नाक।

नास्ति० अव्य० जो नहीं है।

नास्तिक० } ना० पु० जिनके
नास्तिकी० } मतमें पर लोक की बात कोनहीं मानते हैं, जैनी।

नाह० ना० पु० नाथ, स्वामी।

नाहर० ना० पु० शेर, व्याघ्र।

नाहीं० अव्य० नहीं।

निः० अव्य० यहशब्दजिसशब्द-पहिलेकेसंयोगीहोवेउसका अर्थ रहित करे, यथा, निः शङ्क, अर्थात् शङ्का रहित, निषेध।

निःपाप० गु० अदोष।

निःशङ्क० गु० निडर, अभय।

निःशेष० गु० शेषरहितअर्थात् सम्पूर्ण।

निःषठ० गु० अति मूर्ख।

निःसङ्ग० गु० सङ्ग रहित अर्थात् अकेला।

निःसरण० ना० पु० शरण हीनअर्थात्मृत्यु, उपाय, बिदा।

निःस्व० गु० दरिद्री, अधन।

नि० अव्य० में भीतर, ऊपर, रहित।

निकंटक० गु० सुगम, बेखटके, निर्दोष, सीधा, सुखी, बेधड़के।

निकंद० गु० स्कन्ध रहित, अर्थात्उखड़ा, निर्मूल।

निकंदन० गु० निर्मूलकर्त्ता, उखाड़ने हारा।

निकट० अव्य० पास, समीप, क़रीब।

निकटवर्त्ती० ना० पु० पासही, समीपमें।

निकटी० ना० स्त्री० छोटी तराज़ू।

निकम्मा० गु० निर्गुणी जो किसी कामका नहीं है, शिथिल।

निकर० ना० पु०समूह, झुण्ड, सारे, सब।

निकरना० अ० क्रि० निकलना।

निकरम्ब० ना० पु० समूह, गिरोह।

निकलचलना० अ० क्रि० भाग जाना, बहके बोलना, अधिक हो जाना।

निकलना० अ० क्रि० निकसना, बहना, आगेजाना, भागना, उठना, उखड़ना।

निकलपड़ना० अ० क्रि० बाहर आना।

निकसना० अ० क्रि० निकालना।

निकाना० स० क्रि० खेतकी घास निकालना।

निकाम० गु० अति, कामना रहित, बेकाम।

निकाय० ना० पु० सब, सम, स, समूह।

निकारना॰ स॰ क्रि॰ निकालना, अस्वीकारकरना।

निकाल॰ ना॰ पु॰ उभार, निकास, जोड़तोड़।

निकालना॰ स॰ क्रि॰ उतारना, बिनना, चुनना, उठाना, उखाड़ना।

निकास॰ ना॰ पु॰ कगर, नगर की आस पास, मार्ग निकलने का चुकौता, मूल।

निकासना॰ स॰ क्रि॰ निकालना।

निकासी॰ ना॰ स्त्री॰ कर, महसूल, बेठ।

निकासू॰ गु॰ जो निकाला गया,

निकेत॰ ना॰ पु॰ घर।

निकुच॰ ना॰ पु॰ बड़हल।

निकुञ्ज॰ ना॰ पु॰ कुञ्ज, मंडवा।

निकुटी॰ ना॰ स्त्री॰ छोटी इलायची।

निकुम्भिला॰ ना॰ स्त्री॰ राक्षसोंका ओहरा।

निकृष्ट॰ गु॰ अधम, नीच, ख़राब।

निषङ्ग॰ ना॰ पु॰ तून, तरकश।

निखट्टू॰ गु॰ आलसी, उड़ाऊ, लुटाऊ।

निखगड॰ गु॰ मध्य।

निखरना॰ अ॰ क्रि॰ छिलका उतरना, उजलाहोना, चमड़ा उधड़ना।

निखराना॰ स॰ क्रि॰ उजला कराना, फर्चाना।

निखर्ब॰ गु॰ १० खर्ब, १००००००००००००

निखारना॰ स॰ क्रि॰ उजला करना, कपड़ेको माँड़ निकालना।

निखारा॰ गु॰ स्वच्छ, उज्ज्वल।

निखिल॰ गु॰ सर्व, सम्पूर्ण, बिलकुल।

निखोट० ना० पु० खोटरहित मनुष्य ।

निखोड़ना। ० स० क्रि० छीलना, उधेड़ना ।

निगड़० ना० पु० कटि बन्धन, बेड़ी, पैकड़ी, काठ ।

निगत० गु० नङ्गा ।

निगन्दना० स० क्रि० तागना ।

निगन्दा। ० ना० पु० } तागने का काम ।
निगन्दाई। ० ना० स्त्री० }

निगम० ना० पु० बेद, नीचे, जहां जानसके।

निगमनदी० ना० स्त्री० श्री गङ्गाजी।

निगमनिवासी० ना० पु० ब्रह्मा, बेदनिवासी ।

निगर० ना० पु० दीर्घ, बड़ा, ठोस ।

निगलना। ० स० क्रि० लीलना, घूंटना ।

निगाली० ना० स्त्री० हुक्का पीने की नली, फुकनी ।

निगुण० गु० निर्गुण ।

निगूढ़० गु० अतिअगम, दुगम, अतिकठिन, अप्रकट, गुप्त ।

निगोड़ा। ० ना० पु० अकर्मी, चाण्डाल ।

निग्गर० गु० ठोस ।

निग्रह० ना० पु० त्याग, रोक, घिन, चिढ़, कुपथ, दण्ड ।

निग्रही० गु० ताड़नेहारा, रोकनेहारा ।

निघटत० क्रि० घटतेही ।

निघटना० अ० क्रि० घटना ।

निघटाना० स० क्रि० घटवाना।

निघटी० क्रि० भू० घटी वा बहुत घटगई ।

निघण्ट० ना० पु० औषधिवर्णन, रोगपरीक्षा ।

निघरघटा० ना० पु० दुलष-ना,हढ़ाईकरना,ढिठाई करना।

निचय० ना० पु० समूह।

निचिन्त० गु० चिन्तारहित, अचिन्त, अशोच।

निचिन्ताई० ना० स्त्री० अप्रमाद, सुभीता, बेखटके।

निचोड़० ना० पु० काम का पूराहोना वा कुछशेष-रहना।

निचोड़ना० स० क्रि० दबाना, गारना, चूसलेना।

निचोड़ू० गु० लुटेरा,गाजधप।

निचोलनि० ना० स्त्री० चो-लनी, कपड़ा, वस्त्र।

निछावर० ना० स्त्री० उतारा, बलि।

निज० गु० आप,निश्चय,उत्कृष्ट।

निजका० गु० अपना।

निजगति० ना० स्त्री० अपन[illegible] दशा वा चाल।

निजगुरु० ना० पु० अप[illegible] गुरु।

निजतंत्र० गु० निजइच्छ[illegible] स्ववश।

निजपति० ना० स्त्री० अप[illegible] प्रतिष्ठा, ना० पु० अ[illegible] ना स्वामी।

निजवर्ती० गु० निजाश्रि[illegible] स्वतन्त्र।

निजसांझ० ना० स्त्री० अवस[illegible] निज समय।

निजस्थान० ना० पु० अप[illegible] घर वा स्थान।

निजानन्द० ना० पु० [illegible] अपनेसुखमें,निजमेंमग्न

निजाश्रित० गु० स्ववश, [illegible] जवश, अथवा [illegible] भरोसे।

निझाना० स० क्रि० निरेख[illegible] झांकना

निझोटना० स० क्रि० खसोटना, झटकना।

निझोल० गु० झोलरहित अर्थात् सुडौल चलने द्वारा।

निठुर० गु० कठोर, निर्दय, असनेही, बिनप्रीति।

निठुरता० } ना० स्त्री० कठोरता, निर्दयता।
निठुराई० }

निडर० गु० निर्भय, अशङ्क।

निढाल० } गु० स्थावर, अचल।
निढोल० }

नित० अव्य० नित्य, प्रतिदिन।

नितनव० गु० नितनया।

नितप्रति० अव्य० नित्य, प्रतिदिन।

नितम्ब० ना० पु० चूतड़, कटिके पीछे का नीचला भाग।

नितम्बिनी० ना० स्त्री० युवती, स्त्री, औरत।

नितान्त० अव्य० अत्यन्त, अधिक।

नित्य० अव्य० नितप्रति, सदा, सत्य, पवित्र, अमर।

नित्यकर्म० ना० पु० स्नानपूजादि कर्त्तव्यकर्म, शुक्लकर्म।

नित्यता० ना० स्त्री० सदापन, सदैव।

नित्यदान० ना० पु० प्रतिदिन देना, सत्यदान, सात्विकदान।

नित्यानन्द० ना० पु० सर्वदा काल आनन्द।

नियम्भ० ना० पु० स्तम्भ, पीलपाया।

नियरा० गु० पासो, फर्क्का।

नियारना० स० क्रि० उड़ेलना, फर्क्का करना।

निदग्धिका० ना० स्त्री० खेतछोटीकटाई।

निदरहि० क्रि० निन्दाकरे, नामाने।

निदरना० स० क्रि० निन्दा करना।

निदरि० अ० क्रि० निरादर करके, अपमानकर।

निदाघ० ना० पु० ग्रीष्म, गर्मी।

निदान० अव्य० अन्त, पीछे, पूरा, निपट, ना० पु० रोगपरीक्षा, औषधिकथन, अन्त विचार, कारण।

निदेश० ना० पु० आज्ञा, अनुशासन, कीन्हसिमोर निदेशनिमेटू, देंवदबाय नागतर पेटू, इति प्रह्लाद चरित्रे सहज रामकाव्ये।

निद्रा० ना० स्त्री० औंघाई, नींद।

निद्रारि० ना० पु० चिरायता।

निद्रालु० गु० स्वभाव वश जो अधिक सोवे।

निद्रित० गु० निंदासा, सोवासा।

निधड़क० गु० निर्भय, अ[illegible]
अचानक।

निधन० ना० पु० मृत्यु, ना[illegible]
धनहीन।

निधरक० गु० निधड़क।

निधान० ना० पु० स्थान, [illegible]
धन, आधार, भांड़ा

निधि० ना० स्त्री० कुवेरका[illegible]
रत्न, सम्पत्ति, ना०
समुद्र, गु० नौ, ६

निधिजात० ना० पु० चन[illegible]
आदि

निधिसुता० ना० स्त्री०
लक्ष्मीजी

निनन्द० } ना० पु० श[illegible]
निनाद० } शराटा, ध्वनि

निनाया० ना० पु० खट[illegible]

निनायो० ना० पु० रोगवि[illegible]

निन्दक० गु० निन्दाकरने[illegible]
नींदनेहार।

निन्दकाई॰ना॰ स्त्री॰ निन्दकता, निन्दा।

निन्दना॰ स॰ क्रि॰ दोषदेना, कलङ्क लगाना।

निन्दनीय॰ गु॰ निन्दाकेयोग्य।

निन्दा॰ ना॰ स्त्री॰ दोष, कलङ्क, बुराकहना।

निन्द्य॰ गु॰ निन्दाकेयोग्य।

निनावा॰ ना॰ पु॰ रोगविशेष।

निन्नानवे॰ गु॰ एकोनशत, ९९।

निपट॰ अव्य॰ निरानिर, अधिक, बहुत, अति, सरासर, सर्व।

निपटना॰ अ॰ क्रि॰ चुकना, पूराहोना।

निपटाना॰ स॰ क्रि॰ चुकाना, पूराकरना, ठहराना, निवड़ना।

निपटारा॰ ना॰ पु॰ निवड़ा, फैसला।

निपटारू॰ ना॰ पु॰ निबेड़ा।

निपात॰ ना॰ पु॰ मृत्यु, नाश, गिरना।

निपाता॰ क्रि॰ नाशकिया, मिटाया।

निपान॰ ना॰ पु॰ जलाशय, दोहनी।

निपुण॰ गु॰ प्रवीण, चतुर, स्याना।

निपूता॰ गु॰ जिसके सन्तान नहीं।

निफल॰ गु॰ निरर्थ, फलरहित।

निबटेरा॰ ना॰ पु॰ निस्तोक, छुटानो।

निबड़ना॰ अ॰ क्रि॰ निपटना, होचुकना।

निबन्ध॰ ना॰ पु॰ बन्धेज़, इक़रार, गु॰ जो ठहरगया।

निबन्धन॰ ना॰ पु॰ बन्धन, ठहराव।

निबन्धित॰ गु॰ जो ठहरगया, बन्धित।

निबल० गु० निर्बल, लाचार, बुड्ढा ।

निबाह० ना० पु० समाप्त, निबेड़ा, निर्वाह, बात का पूराकरना ।

निबाहू० गु० टिकाऊ, ना० पु० निपटाहू ।

निबेड़ना० स० क्रि० निपटाना ।

निबेड़ा० ना० पु० निबटेरा, निपटारा ।

निबेड़ि० गु० निबाहू ।

निभ० ना० पु० तुल्य, बराबर ।

निभना० अ० क्रि० निबाहहोना, पारहोना ।

निभाना० स० क्रि० निबाहना, पारकरना ।

निमकी० ना० स्त्री० लोन का निम्बू ।

निमकौड़ी० ना० स्त्री० नीब का फल ।

निमन० गु० ठोस, पोढ़ा, सुन्दर ।

निमनाई० ना० स्त्री० पोढ़ा

निमनाना० स० क्रि० पो करना, संभालना ।

निमंच०
निमंचण० } ना० पु० न्योत

निमाना० गु० भोला, मैदान

निमि० ना० पु० राजाविशे

निमित्त० ना० पु० कार लिये, भाग, हेतु ।

निमिष० ना० पु० थोड़ीदे पलक, चाल ।

निमिषमाच० ना० पु० अ न्त थोड़ाकाल ।

निमीलन० ना० पु० क झपकी, पलक ।

निमेष० ना० पु० पलक, पल

निम्न० गु० नीचास्थान, चान्, अधो

निम्नगा० ना० स्त्री० नदी

निम्ब० ना० पु० नीबवृक्ष।

निम्बक० ना० पु० निम्ब।

निम्बरक० ना० पु० नीब वा महानीब।

निम्बू०
निम्बूक० } ना० पु० नीबू।

नियत० गु० जोठहैकागया, मुक़र्रर, क़ायम।

नियन्ता० ना० पु० स्वामी, अध्यक्ष, सारथी, नियतकर्त्ता।

नियम० ना० पु० प्रण, वचन, अङ्गीकार, जो कुछ धर्म की क्रियाकरे, यथाव्रत।

नियमित० गु० निश्चित, प्रणकिया गया।

नियमन० ना० पु० नीमवृक्ष, रोक।

नियर०
नियरे० } अव्य० समीप, पास।

नियराई० ना० स्त्री० समीपता, निकटता।

नियामक० ना० पु० नाविक, नियन्ता।

नियुक्त० गु० नियोजित, स्थापित।

नियुत० गु० दशलाख, १००००००।

नियोग० ना० पु० प्रेरणआज्ञा, तथा, मुक़र्ररकरना।

नियोजन० ना० पु० स्थापन, आज्ञा।

नियोजित० गु० स्थापित, रक्खा।

निर्० अव्य, नि:।

निरखना० स० क्रि० देखना, विलोकना।

निरङ्कार० गु० निराकार।

निरङ्कुश० गु० स्वेच्छाचारी, निडर।

निरञ्जन० गु० निर्मल, रागरहित, अविद्यारहित, ना० पु० ईश्वर।

निरत० गु० अतिप्रीतिमय, लीन ।

निरतक० ना०पु० नचवैया ।

निरर्थ० गु० झूंठ, निःप्रयोजन, बेफ़ायदह ।

निरन्त० गु० अन्तरहित, अपरम्पार, ना०पु० आकाश, ईश्वर ।

निरन्तर० अव्य, नित्यप्रति, जिसमें वियोग नहीं, सत्य, अन्तरबिन ।

निरख० गु० दृष्टा, देखनेवाला ।

निरपराध० } गु० अपराध रहित, निर्दोष ।
निरपराधी० }

निरम्बु० गु० जलरहित ।

निरय० ना०पु० नरक, दोज़ख़ ।

निरर्थक० गु० ढीला, प्रमादी, अनरीति, अर्थरहित, निष्प्रयोजन ।

निरवग्रह० गु० स्वच्छ... स्वतन्त्र

निरवद्य० गु० आनन्दित, ... कथ्य ।

निरवारण० ना०पु० छुट... न, बचाव, सुलझावट ।

निरवारना० स० क्रि० छो... लना, छोड़ाना ।

निरस० गु० रसहीन, फीका... बदमज़ह ।

निरस्त० गु० त्यागित, जिस... अस्तनहो ।

निरस्त्र० गु० अस्त्रहीन ।

निरस्य० गु० त्यागनेके योग्य... त्यागकिये ।

निरा० गु० केवल, सारा... ठेठ, रूखा ।

निराकांक्षी० ना० पु० नि... स्पृह, आकांक्षारहित ।

निराकार० गु० आकारहीन... यथा ईश्वर ।

निरादर॰ गु॰ आदररहित, अवज्ञा युत, वा अवज्ञा करनेहारा।

निराधार॰ गु॰ सहारारहित, आधारहीन।

निरामिष॰ गु॰ मांसरहित भोजन।

निरालम्ब॰ गु॰ आलम्बरहित, अवलम्बहीन।

निरालस्य॰ गु॰ आलस्यहीन, कामकाजी, मिहनती, उपायी।

निराश॰ गु॰ भरोसारहित, आशाटूटगई।

निराहार॰ गु॰ भोजनहीन, बिनकुछखाये।

निरिच्छा॰ }
निरिच्छित॰ } गु॰ इच्छारहित, बिनइच्छा, जिसको कुछचाहनहीं।

निरीश॰ गु॰ स्वामीरहित, जिसका मालिकनहो, मतिहीन, ना॰ पु॰ जीवअर्थात् ईश्वरनहीं।

निरीह॰ गु॰ चेष्टारहित यथा ईश्वर।

निरीक्षण॰ ना॰ पु॰ ताक, दृष्टि।

निरुत्तर॰ गु॰ उत्तरहीन, लाजवाब।

निरुपधि॰ गु॰ निष्प्रयोजन।

निरुपम॰ }
निरुपमा॰ } गु॰ उपमाहीन, दृष्टान्तरहित।

निरुपाधि॰ गु॰ उपाधिरहित, बेखटके।

निरुपाय॰ गु॰ उपायहीन, बिनाउपाय किये।

निरूप॰ गु॰ रूपहीन, निराकार।

निरूपण॰ ना॰ पु॰ दृष्टि, निर्णय, जवाब, विस्तार पूर्वक कथन।

निरूपित॰ गु॰ जो विस्तार पूर्वक कहागया वा निर्णय किया गया, निश्चय युत, स्थापित।

निरेखना। स० क्रि० विलोकना, झांकना।

निरोग। निरोगी। } गु० निरोग, भला, चङ्गा, रोगरहित।

निरोध। ना० पु० घेरना, गांसना।

निर्गत। गु० निकला।

निर्गता। गु० निकलकर, ना० स्त्री० निकली।

निर्गम। ना० पु० जहां जाय न सके, अगम।

निर्गुण। गु० गुण हीन, निकम्मा, मूर्ख।

निर्गुण्डी। ना० स्त्री० संभालू।

निर्घण्ट। ना० पु० सूचीपत्र।

निर्घात। ना० पु० वज्र, शब्द।

निर्घृणा। गु० निर्दया, कठोर।

निर्घोष। ना० पु० ध्वनि, शब्द।

निर्जर। ना० पु० देवता, जो बूढ़ा न हो, गु०।

निर्जन। गु० मनुष्य हीन, जन रहित।

निर्जरनदी। ना० स्त्री० श्री गङ्गा जी।

निर्जल। गु० जलहीन, सूखा, पायाब।

निर्जीव। गु० जिसमें जीव नहीं है यथा मिट्टी पत्थर आदि, मृतक।

निर्जीस। गु० सार, सिद्धान्त

निर्झर। ना० पु० झरना।

निर्झरिणी। ना० स्त्री० नदी

निर्णय। ना० पु० निश्चय, ठिकाना, न्याय, झगड़ा मिटाना।

निर्णीत। गु० निश्चित, निर्णय किया गया।

निर्दई। निर्दय। निर्दया। निर्दयी। } गु० जिसमें दया नहीं है, कठोर, बेरहम।

निर्दिष्ट० गु० जो अच्छी विधि देखागया वा निरूपित ऊआ वा वर्णन ऊआ।

निर्दोष० } गु० दोष हीन,
निर्दोषी० } अकलङ्की, अदोष।

निर्द्वन्द० गु० बिना झगड़ा, बेखटके।

निर्धन० गु० धनहीन, दरिद्री।

निर्धार० } ना० पु० निश्चय,
निर्धारण० } निर्णय।

निर्धारित० गु० निश्चित, निर्णीत।

निर्वंश० गु० वंश रहित, असन्तान, लावल्द।

निर्बन्धु० गु० बन्धु रहित, अकेला।

निर्बल० गु० लाचार, बुड्ढा, जिसको सामर्थ्य नहीं है।

निर्बस० गु० वशरहित, असमर्थ।

निर्बीज० गु० बीज रहित, पुत्र हीन।

निर्बुद्धि० गु० बुद्धिहीन, मूर्ख।

निर्बूझ० गु० जो समझ में न आवे, मूर्ख।

निर्भय० गु० अभय, निडर।

निर्भर० गु० पूर्ण, पूरा।

निर्मम० गु० ममता रहित।

निर्मल० गु० मलहीन, स्वच्छ, शुद्ध, साफ़, फ़र्का।

निर्मलता० ना० स्त्री० पवित्रता, स्वच्छता, सफ़ाई।

निर्मली० ना० पु० बीज विशेष जिससे पानी को स्वच्छ करते हैं।

निर्माण० ना० पु० बनावट, रचना, बनाना, कर्त्तव, सार ।

निर्माल्य० ना० पु० प्रसाद, निवेदितवस्तु, स्वच्छता, शुद्धता ।

निर्मित० गु० रचित, बनाया गया, निर्माणकियागया ।

निर्मूल० गु० हीनमूल, बिना-जड़ ।

निर्मोह० } गु० मोहरहित,
निर्मोही० } उदासी ।

निर्यास० ना० पु० शिलाजीत, वृक्षकारस अर्थात् गोंद, क्वाथ ।

निर्याण० ना० पु० यात्रा, प्रस्थान ।

निर्लज्ज० गु० लज्जा रहित, बेहया, नकटा ।

निर्लिप्त० गु० स्पर्शहीन, जो लिप्त नहीं है ।

निर्लेप० } गु० जिसका चिह्न
निर्लेश० } नहीं वा लेशनहीं, बिनालाग, सर्व ।

निर्लोभ० गु० लोभ रहित, दाता ।

निर्वन्ध० गु० छूटाहुआ ।

निर्वाण० ना० पु० मोक्ष, अप-वर्ग, लय, गु० वैकुण्ठ वासी, मोक्षहोगया ।

निर्वाणसुख० ना० मोक्ष, मुक्ति, वैकुण्ठवास ।

निर्बाधा० गु० बाधा रहित, अकण्टक ।

निर्वाह० गु० निबाह ।

निर्वाहक० गु० निवाहकरने हारा ।

निर्विकल्प० गु० भेदरहित, अतर्क, कल्पनाहीन ।

निर्विकार० गु० विकारहीन, निर्बाध, अरोग ।

निर्विघ्न० गु० विघ्नरहित, सान-न्द, निर्बाधा ।

निर्वृत्ति० ना० स्त्री० मुक्ति, मृत्यु, आनन्द, सुखमार्ग, तरीक़, पथ्य।

निर्वैर० गु० वैरभावहीन।

निर्व्याज० गु० अचल, अस्वारथ।

निर्व्याधि० गु० व्याधिहीन, अरोग, अकण्टक।

निर्हर० ना० पु० हरनेवाला।

निलज० गु० निर्लज्ज, लज्जाहीन।

निलय० ना० पु० घर।

निवान० गु० नीचान।

निवाना० स० क्रि० नवाना।

निवार० ना० स्त्री० कोर पट्टी सूत की।

निवारक० गु० बचाने वाला, रोकने वाला।

निवारण० ना० पु० निषेध, रोक, बचाव।

निवारना० स० क्रि० रोकना, बचाना, बरजना।

निवारत० क्रि० बचावत, रोंकत, बर्जत।

निवारि० क्रि० बचाय कर, रोंकि, बरजि।

निवारित० गु० बचायागया, बर्जागया।

निवावना० स० क्रि० नवाना।

निवास० ना० पु० बसने का स्थान, बास, घर।

निवासी० ना० पु० बसने हारा, रहनेवाला।

निविड़० गु० अधिक, सघन, निछायत।

निवुकि० अ० क्रि० झपटि कूदि।

निवृत्ति० ना० स्त्री० रहाव, थकावट, विश्राम, चैन।

निवेदन० ना० पु० प्रार्थना, विनती, अर्ज़।

निवेदनपत्र० ना० पु० अर्ज़ी, विनय पत्र ।

निवेदित० गु० अर्पित, विनय कियागया ।

निवेशन० ना० पु० विवाह, शादी ।

निशङ्क० गु० निडर, निस्सन्देह, विन प्रयास ।

निशा० ना० स्त्री० रात्रि ।

निशाकर० ना० पु० चन्द्रमा ।

निशागम० ना० पु० रात्रिका आगम, संध्या, सांझ, शाम ।

निशाचर० ना० पु० राक्षस, चोर, उलूकादि, चन्द्रमा आदि नक्षत्र ।

निशाटन० ना० पु० निशाचर ।

निशि० ना० स्त्री० निशा ।

निशिचर० ना० पु० निशाचर ।

निशिनाथ० ना० पु० चन्द्रमा, चांद ।

निशिमुख० ना० पु० संध्या, सांझ ।

निशिभानु० ना० पु० चन्द्रमा ।

निशीथ० ना० पु० आधीरात ।

निशीश० ना० पु० चन्द्रमा, चांद ।

निश्चय० ना० पु० निर्णय, विश्वास, गु० ठीक ।

निश्चल० गु० स्थिर, अचल ।

निश्चित० गु० निर्णीत ।

निश्चिन्त० गु० चिन्तारहित, बिना खटके ।

निश्चेष्ट० गु० चेष्टारहित, मूर्च्छित

निश्छिद्र० गु० निर्दोष, छेद रहित ।

निश्रेणी० ना० स्त्री० निसेनी सीढ़ी, ज़ीना ।

निश्श्वास० ना० पु० श्वास प्राणवायु ।

निश्शेष॰ गु॰ अशेष, समस्त, सब।

निषङ्ग॰ ना॰ पु॰ तून, तरकश, मेल।

निषाद॰ ना॰ पु॰ गाने में पहिला स्वर, चाण्डाल, शङ्करवर्णी, केवट, मल्लाह।

निषिद्ध॰ गु॰ जोकर्त्तव्यनहीं, वर्जित।

निषिद्धता॰ ना॰ स्त्री॰ निवारण, कर्त्तव्य रहित, इन्कार।

निषेद॰ ना॰ पु॰ अदुख, दुविधा।

निषेध॰ ना॰ पु॰ इनकार, निवारण, कर्तव्यरहित।

निषेधित॰ गु॰ वर्जित, निवारित।

निष्क॰ ना॰ पु॰ हीरा, १६ द्रम्मका प्रमाण।

निष्कण्टक॰ ना॰ पु॰ उपाधि रहित, बेधड़क।

निष्कपट॰ गु॰ सत्य, सच्चा, छलहीन, भोला।

निष्कर्ष॰ ना॰ पु॰ निश्चय।

निष्कारण॰ गु॰ बिनाप्रयोजन, बेसबब।

निष्केवल॰ गु॰ एकही, सत्यकर।

निष्क्रमण॰ ना॰ पु॰ संस्कार विशेष।

निष्ठ॰ गु॰ स्थापित, तत्पर, उत्तम, उत्कर्ष।

निष्ठमति॰ ना॰ स्त्री॰ उत्तम बुद्धि, उत्तमज्ञान।

निष्ठा॰ ना॰ स्त्री॰ विश्वास, भरोसा।

निष्ठुर॰ गु॰ निठुर, निर्दय, कठोर, अप्रीति।

निष्ठुरता॰ ना॰ स्त्री॰ }
निष्ठुरत्व॰ ना॰ पु॰ } कठोरता, निर्दयता, निठुरता।

निष्पत्ति० ना० स्त्री० सिद्धि, समाप्ति ।

निष्पन्न० गु० कृत, बना, सिद्ध ।

निष्पादन० ना० पु० सम्पादन ।

निष्पाप० } गु० पापरहित,
निष्पापी० } निर्दोष ।

निष्प्रपञ्च० गु० छलहीन ।

निष्प्रयोजन० गु० व्यर्थ, विना प्रयोजन ।

निष्फल० गु० फलहीन, वृथा, बेफ़ायदह ।

निस० ना० स्त्री० निशा ।

निसक० गु० अशक्त, पौरुष-रहित ।

निसङ्क० गु० निशङ्क ।

निसङ्कट० गु० सङ्कटरहित ।

निसन्धि० गु० ठोस, सन्धि-रहित ।

निसरना० अ० क्रि० निकसना ।

निसास० गु० आहभरना ।

निसांसी० गु० तङ्ग, हैरा[n]

निसान० ना० पु० तूर्य्य, [...]
कारह ।

निसास० ना० पु० विश्वास [...]

निसि० ना० स्त्री० निशि ।

निसित० गु० पैनी० ते[...]
बाढ़िदार ।

निसेनी० ना० स्त्री० सीढ़[ी]
ज़ीना ।

निसोत० ना० पु० औषधि
विशेष, गु० ठोस ।

निस्तार० ना० पु० मुक्ति, मो[क्ष]
उद्धार ।

निस्तारा० ना० पु० निपटारा [...]

निस्तारना० स० क्रि० निस्ता[...]
रकरना ।

निस्तेज० गु० प्रताप हीन[...]
तेजरहित ।

निस्तोक० ना० पु० चुकौत[...]
निपटारा ।

निस्यन्द० ना० पु० निचो[...]
हिसाब ।

निस्पृह० गु० लालसाहीन ।

निस्व० गु० निर्धन, दरिद्री ।

निस्वना० गु० ध्वनि, शब्द ।

निस्सन्देह० गु० सन्देहरहित, बेखटके ।

निहङ्ग० गु० नङ्गा, अचिन्त ।

निहत्था० गु० औहथा, अस्त्ररहित, लूला, हाथ रहित ।

निहाई० ना० स्त्री० लोहेकी वस्तु विशेष जिस पर सोनाआदिगढ़ते हैं ।

निहाली० ना० स्त्री० रज, कपड़े ।

निहार० ना० पु० अन्धकार, कुहरा, रामायणे वया, जिमिनिहार में दिनकारदुरा, दृष्टि ।

निहारना० स० क्रि० देखना, विलोकना, झांकना ।

निहारा० स० क्रि० देखा ।

निहुरना० अ० क्रि० लचना, झुकना, दबना ।

निहुराना० स० क्रि० लचाना, झुकाना, दबाना ।

निहोरा० } ना० पु० कृपा, उपकार, विनती,
निहोरा० } फुसलाहट, खुशामद ।

निक्षिप्त० गु० जोनिक्षेप क्रिया जावे, त्यागित ।

निक्षेप० ना० पु० परित्याग, धरोहर ।

नींद० ना० स्त्री० औंघाई, निद्रा ।

नींदना० अ० क्रि० सोना, स० क्रि० सुकरना ।

नींदू० ना० पु० सोवैया ।

नींब० ना० पु० वृक्षविशेष, निम्ब ।

नींबू० ना० पु० लीमू, फलविशेष ।

नीक० गु० भला, अच्छा ।

नीका० } गु० सुन्दर, भला,
नीको० } अच्छा ।

नीच० गु० छोटा, कमीना, हीन, कुत्सित, निकम्मा, तले, हेठ।

नीचगामी० गु० जो नीचे जाता है, यथा जल।

नीचा० गु० ऊंचे के विरुद्ध, नशेब।

नीचाई० ना० स्त्री० छोटाई, नीचापन।

नीचे० अव्य० तले।

नीठ० गु० तुम्हारा।

नीति० ना० स्त्री० उचित, व्यवहार, रीति, क़ानून।

नीतिज्ञ० गु० धार्मिक, न्यायी।

नीद० ना० स्त्री० नींद।

नीदना० स० क्रि० नामानना, मुकरजाना।

नीप० ना० पु० कदमवृक्ष।

नीपूर० ना० पु० लिङ्ग।

नीवी० ना० स्त्री० कौड़ी, स्त्रियां आगे धरती है।

नीबू० ना० पु० निम्बू।

नीम० ना० पु० नींब।

नीमन० गु० निर्मल।

नीमावत० ना० स्त्री० नीम मन्दसंन्यासीकापन्थ।

नीर० ना० पु० जल, पानी।

नीरज० ना० पु० कमल, जलजातहो।

नीरथ० गु० निरर्थ, निष्फल

नीरद० ना० पु० मेघ।

नीरधर० ना० पु० मेघ, समु

नीरस० गु० निरस, रसही फीका।

नीरोग० गु० निरोग, आरो

नीरोगी० गु० चङ्गा, भ रोगहीन।

नील० गु० कृष्णवर्ण विशेष, काला, ना० पु० वस्तुविशेष जो इसके पत्तों से बनाते हैं, मुख्यवानर, सो खर्व, १००००००००००००००।

नीलक० गु० नीला, ना० पु० नीलरङ्ग का हरिण विशेष, बीजगणित में विशेष प्रमाण।

नीलकण्ठ० ना० पु० पक्षी विशेष, मोर, अग्नि, और श्रीशङ्करजी।

नीलगवय० ना० पु० नीलगाव, रोझ।

नीलगाव० ना० पु० रोझ।

नीलता० ना० स्त्री० } श्यामता,
नीलत्व० ना० पु० } कालापन।

नीलपर्वत० ना० पु० विन्ध्यका एकभाग जो उड़ैसा के दक्षिण है, हरिद्वार के समीप तीर्थ विशेष।

नीलपुष्पी० ना० स्त्री० विष्णुक्रान्ता, अलसी।

नीलबड़ी० ना० स्त्री० नीलकी बड़ी।

नीलम० } ना० पु० मणि
नीलमणि० } विशेष।

नीलरङ्ग० ना० पु० नीलम।

नीललोहित० ना० पु० श्री महादेवजी।

नीलवर्ण० गु० श्यामरङ्ग, आकाशीरङ्ग।

नीला० गु० जोनीलरङ्गकाहै।

नीलाई० ना० स्त्री० श्यामता, नीलापन।

नीलाण्डक० ना० पु० नीलगाव, रोझ।

नीलाथोथा० ना० पु० तूतिया।

नीलाम० ना० पु० बिक्री, बिकाव।

नीलाम्बर॰ ना॰ पु॰ नीलवर्ण वस्त्र, और श्रीबलदेवजी।

नीलार्त्त॰ ना॰ पु॰ पियाबासा।

नीलोत्पल॰ ना॰ पु॰ नीलकमल।

नीलोपल॰ ना॰ पु॰ नीलम।

नीवा॰ ना॰ पु॰ सुनाहट, मन्दाई।

नीसारना॰ स॰ क्रि॰ निसारना, निकालना।

नीहार॰ ना॰ पु॰ शिशिर, ओस, कुहिरा।

नूत॰ / नूतन॰ / नूत्न॰ } गु॰ नया, नवीन।

नूधा॰ ना॰ पु॰ तमाकू विशेष।

नून॰ ना॰ पु॰ लोन।

नूनी॰ ना॰ स्त्री॰ छोटेबालक का लिङ्ग।

नूपुर॰ ना॰ पु॰ स्त्रियों पैरका गहना अर्था बिछुआ वा नेवर पायज़ेब।

नृग॰ ना॰ पु॰ राजा विशेष सको श्रीकृष्णचन्द्र सरट तनते उद्ध किया था।

नृत्य॰ ना॰ पु॰ नाच, नाचन

नृत्यक॰ / नृत्यकारी॰ } पु॰ गु॰ ना नेवाला।

नृदेव॰ / नृदेवता॰ / नृप॰ / नृपति॰ / नृपाल॰ } ना॰ पु॰ रा बादशाह।

नृशंसी॰ गु॰ दुष्ट, कुवासी।

नृसिंह॰ ना॰ पु॰ चौथा वि का अवतार, और श्रे यों का शिरोमणि।

ने० अव्य० सकर्मक क्रिया के भूतकाल में कर्त्ता के अन्त में यह चिह्न आता है. यथा, उसने मारा।

नेई० ना० स्त्री० नींव, दीवार की, भीति की जड़।

नेक० } गु० तनिक, अल्प, थोड़ा।
नेकु० }

नेग० ना० पु० विवाह में जो दान दिया जाता है, अथवा जो नेगी नाऊ पाते हैं वा जो पटवारी गांव में पाता है।

नेटा० ना० पु० मोटा, रेंटा।

नेठमी० गु० स्थिर, एकठामी, क़ायम।

नेतक० ना० पु० नड़कुल।

नेता० ना० पु० नौवकाटहल।

नेति० अव्य० नाइति, नहीं।

नेती० ना० स्त्री० रुई जो मथानी में बांधते हैं, सूत जो नाक में डालकर मुख में निकालकर नाक को स्वच्छ करते हैं, उसका नाम।

नेम० ना० पु० नियम, संयम, प्रण, शोच।

नेमी० गु० संयमी, नियमी, प्रणी।

नेरे० अव्य० निकट।

नेव० ना० स्त्री० भीति की जड़, अव्य० नाइव।

नेवतना० स० क्रि० न्योता देना, भोजन के लिये किसी को बुलाना।

नेवता० ना० पु० बुलाना, निमन्त्रण।

नेवताना० स० क्रि० न्योता-दिलाना।

नेवर० ना० पु० घोड़े के पांव का रोग विशेष, भूषणविशेष।

नेवल॰ } ना॰ पु॰ नकुल जन्तु
नेवला॰ } विशेष जो सांप का वैरी होता है।

नेह॰ ना॰ पु॰ स्नेह, प्रीति, तेल।

नेही॰ गु॰ स्नेही, ना॰ पु॰ मित्र।

नेत्र॰ ना॰ पु॰ नयन, आंख, पट, कस्तूरी, ध्यान।

नेत्रपुत्तिका॰ ना॰ स्त्री॰ आंख की पुतली।

नेत्रलोत॰ ना॰ पु॰ बम्बुआ।

नेत्राम्बु॰ ना॰ पु॰ आंसू।

नेत्रोपमा॰ ना॰ स्त्री॰ बादाम, आंखों की उपमा।

नैऋत्य॰ ना॰ पु॰ पश्चिम और दक्षिण का कोण, राक्षस।

नैकट्य॰ ना॰ पु॰ निकटता।

नैक॰ गु॰ थोड़ा, अल्प।

नैजाना॰ अ॰ क्रि॰ झुकना, निहुरना।

नैना॰ ना॰ पु॰ नैन, पगहा।

नैपाल॰ ना॰ पु॰ तांबा, ... विशेष, नीति ... प्रतिपाल्य।

नैपाली॰ ना॰ पु॰ मनशि... नैपालवासी।

नैपुण॰ पु॰ निपुण।

नैपुण्य॰ ना॰ पु॰ निपुणता ...

नैमित्तिक॰ गु॰ समयी, निमि... त्तका।

नैमित्तिकदान॰ ना॰ पु... समयप्राय देना।

नैया॰ ना॰ स्त्री॰ नावछो... खेवट, डांड़ी।

नैयायिक॰ ना॰ पु॰ न्यायशा... का ज्ञाता, तार्किक।

नैर्मल्य॰ ना॰ पु॰ निर्मलता ...

नैवेद्य॰ ना॰ पु॰ देवता के ... जन की सामग्री, ... अर्पण।

नैष्ठिक॰ गु॰ विश्वासी, निष्ठा...

नैहर॰ ना॰ पु॰ स्त्रीका मैके...

नो॰ अव्य॰ नहीं।

नोखा॰ } नोखो॰ } गु॰ अनूठा, अजायब।

नोच॰ ना॰ पु॰ बकोट, चुटकी।

नोचना॰ स॰ क्रि॰ बकोटना, चुटकीलेना।

नोन॰ ना॰ पु॰ लोन।

नोना॰ स॰ क्रि॰ दुहनेकेसमय गायके पैरबांधना, ना॰ पु॰ सीताफलविशेष।

नोनापानी॰ ना॰ पु॰ लव-णाम्बु, समुद्रकाजल।

नोनिया॰ ना॰ पु॰ लोनिया।

नोय॰ क्रि॰ दुहतेसमय गायके पांवबांधना।

नौका॰ ना॰ स्त्री॰ नाव।

नौखण्ड॰ ना॰ पु॰ पृथ्वी के नौखण्ड।

नौगरी॰ ना॰ स्त्री॰ नवगिरी।

नौछावर॰ ना॰ पु॰ निछावर।

नौढ़ना॰ अ॰ क्रि॰ झुकना, नि-ऊरना, आधीनहोना।

नौढ़ाना॰ स॰ क्रि॰ झुकाना, निऊराना।

नौतना॰ स॰ क्रि॰ नेवतना।

नौता॰ ना॰ पु॰ नेवता।

नौमासा॰ ना॰ पु॰ गर्भसेनवें मासका उत्सव।

नौमि॰ क्रि॰ नमस्कारकरताहूं।

नौमी॰ ना॰ स्त्री॰ नवमी, नवीं-तिथि।

नौरतन॰ ना॰ पु॰ नवरत्न।

नौल॰ ना॰ पु॰ नवल।

नौसादर॰ ना॰ पु॰ ओषधि विशेष।

न्यक्कार॰ ना॰ पु॰ कुत्सा।

न्यग्रोध॰ ना॰ पु॰ बर्गदकावृक्ष।

न्यस्त॰ गु॰ सोंपाभया, सोंपित।

न्याय॰ ना॰ पु॰ धर्म, विचार, तर्क, शास्त्रवि॰ फ़ैसला।

न्यायक०ना० पु० न्यायकरने-हारा।

न्यायशास्त्र० ना० पु० तर्कशास्त्र।

न्यायी०ना० पु० न्यायक, न्यायशास्त्र का जाननेहारा, न्यायक।

न्यार०ना० पु० चारा।

न्यारा०गु० अलग, निराला, अनूठा।

न्यारिया०गु० सचेता, चौकस।

न्यून०गु० छोटा, घाट, हीन, कम।

न्यूनकोण०ना० पु० छोटा-कोना।

न्यूनता०ना० स्त्री० घटती,

न्यूनत्व० ना० पु० कमी।

न्यूनवय०गु० कमउमर।

न्यूनाधिक०न० पु० छोटाबड़ा।

न्यौतना०स० क्रि० नेवतना।

न्यौता०ना० पु० नेवता

न्यौता।ना०स० क्रि० नेव

न्यौला०ना० पु० जन्तु

न्हस.भड़ी०ना० स्त्री० नि

[प]

पकड़० ना० स्त्री०

गिरिफ

पकड़ना०स० क्रि० गो

रोकना, गहना, अ

करना, धरलाना

पकड़ाना०स० क्रि० ग्र

राना, सौंपना, गह

पकना०अ० क्रि० रंधना,

का होना, पीबियान

पकवाई०ना० स्त्री० पका

काम वा पैसा

पकवान०ना० पु० पाक

घी में पकायागया, य

पूरी, समोसा

मिठाई।

पकवाना०स० क्रि० रंधा

पका कराना, पुरवाना

न्यायक०ना० पु० न्यायकरने-
हारा।

न्यायशास्त्र० ना० पु० तर्क
शास्त्र।

न्यायी०ना० पु० न्यायक, न्याय
शास्त्र का जानने हारा,
न्यायज्ञ।

न्यार०ना० पु० चारा।

न्यारा०गु० अलग, निराला,
अनूठा।

न्यारिया०गु० सचेता, चोकस।

न्यून०गु० छोटा, घाट, हीन,
कम।

न्यूनकोण०ना० पु० छोटा-
कोना।

न्यूनता०ना० स्त्री०, घटती,

न्यूनत्व० ना० पु० कमी।

न्यूनवय०गु० कमउमर।

न्यूनाधिक०न०पु०छोटाबड़ा।

न्यौतना०स० क्रि० नेवतना।

न्यौता०ना० पु० नेवता।

न्यौता।ना०स०क्रि० नेवता

न्यौला०ना० पु० जन्तुविशे

न्यस्त.भड़ी०ना०स्त्री०निछो

[प]

पकड़० ना० स्त्री० ग्रह
गिरिफ्त।

पकड़ना०स० क्रि० गोह
रोकना, गहना, ग्रह
करना, धरलाना।

पकड़ाना०स० क्रि० ग्रहण
राना, सोंपना, गहा

पकना०अ० क्रि० रंधना,
का होना, पीसियाना

पकवाई०ना० स्त्री०पकाने
काम वा पैसा।

पकवान०ना० पु० पाक
घी में पकायागया, य
पूरी, समोसा आ
मिठाई।

पकवाना०स० क्रि० रंधा
पका कराना, पुरवान